CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 263 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 16 अक्टूबर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 8+st

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कड़े निर्देश, निजी बसों की जांच पड़ताल शुरू

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.)। जैसलमेर के बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परिवहन विभाग को कड़े निर्देश दिए हैं कि प्रदेश भर में सभी निजी बसों की गंभीरता से जांच की जाए और जांच में अगर किसी भी तरह की कोई कमी और गड़बड़ी पाई जाती है तो तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाए मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद प्रदेश भर में बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों में जिला परिवहन अधिकारियों की ओर से निजी बसों की जांच पड़ताल की प्रक्रिया शुरू की गई है इस जांच पड़ताल में प्रदेश भर में विभिन्न ट्रैवल कंपनियों की ओर से संचालित की जा रही बसों की जांच पड़ताल की जा रही है बसों के परमिट रजिस्ट्रेशन चेचिस नंबर बस के मॉडल इत्यादि की तो जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा बस परिवहन विभाग के नियम और कायदों के अनुसार परफेक्ट है या नहीं इसके बारे में भी सघन जांच पड़ताल की जा रही है जानकारी के अनुसार जैसलमेर के बस हादसे के बाद बुधवार को प्रदेश की कई निजी कंपनियों की ओर से बसों का संचालन बंद रहा कई ट्रैवल कंपनियों ने परिवहन विभाग की सक्रियता को देखती बसों का संचालन नहीं किया जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार जैसलमेर में जिस बस में आगजनी की घटना हुई उस बस में कई तरह की कमियां और गड़बड़ियों पाई गई है जो बस आग का गोला बनी वह बस साधारण थी उसको एयर कंडीशनर बस में तब्दील किया गया और इसका रजिस्ट्रेशन चित्तौड़गढ़ से करवाया गया इसके अलावा बस में फायर सिस्टम भी नहीं था और भी कई तरह की कमियां पाई गई जिसकी वजह से यह भीषण हादसा हुआ उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में रोजाना सैकड़ो की संख्या में ट्रैवल्स कंपनियां की ओर से प्रदेश भर में बस का संचालन किया जा रहा है इनमें कई बसें ऐसे भी हैं जो परिवहन विभाग के नियमों के अनुरूप नहीं है लेकिन इसके बावजूद भी इन बसों का संचालन किया जा रहा है यह बसें देश के कई शहरों को कवर करती हैं और हजारों की संख्या में रोजाना यात्री इन बसों से सफर भी करते हैं लेकिन यह भी सत्य है कि इन बसों में यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है क्योंकि जिस तरह से जैसलमेर में यह हादसा हुआ है उसके बाद यात्रियों में अब इन निजी बसों में यात्रा करने को लेकर कहीं ना कहीं घबराहट जरूर हो गई है लेकिन अगर एक भी दिन निजी ट्रेवल्स की कंपनियां हड़ताल पर चली जाती हैं तो फिर यात्रियों को भारी परेशानी का भी सामना करना पड़ता है क्योंकि राजस्थान रोडवेज की बसें यात्रियों का लोड नहीं उठा पाती इसलिए यात्री मजबूरी में निजी बसों में सफर करते हैं।



## पटवारी को मिठाई के डिब्बे में 45000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा


जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते थे खतौली नायब तहसीलदार के दफ्तर में एक पटवारी को मिठाई के डिब्बे में 45000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है नायब तहसीलदार के दफ्तर में हुई इस कार्रवाई के बाद यहां दफ्तर में तैनात अन्य कर्मचारियों में खलबली मच गई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गिरफ्तार अभियुक्त प्रधान चौधरी से बरामद की गई रिश्वत की राशि के बारे में पूछताछ करके पता लग रही है की रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का भी क्या कोई हिस्सा पहले से निर्धारित था एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि पटवारी अकेले 45000 रुपए की रिश्वत नहीं ले सकता कहीं ना कहीं रिश्वत की इस रकम में किसी अन्य अधिकारी का भी हिस्सा तय है क्योंकि पटवारी ने नायब तहसीलदार के दफ्तर में ही यह रिश्वत की राशि परिवादी से ली इसलिए एसीबी की जांच का दायरा अब और बढ़ गया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त प्रधान चौधरी है जिसने परिवादी से भूमिका सीमांकन करने के बदले रिश्वत मांगी थी जिसके शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो दफ्तर में दर्ज करवाई ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके एसीबी की ओर से आरोपी पटवारी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक नीति तैयार की इसी रणनीति के तहत बुधवार को खतौली के नायब तहसीलदार कार्यालय में परिवादी जैसे ही आरोपी पटवारी प्रधान चौधरी को मिठाई के डब्बे में रिश्वत के 45000 रुपए रखकर देने लगा वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ प्रधान चौधरी को मौके पर ही पकड़ लिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम अब प्रधान चौधरी के दफ्तर में मौजूद सभी पत्रावलियों को भी जांच पड़ताल कर रही है प्रधान चौधरी की ओर से हाल ही में जिन-जिन पत्रावलियों का काम निपटाया गया है उनके बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो को संदेह है कि प्रधान चौधरी बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करता इसलिए उसकी ओर से निपटाए गए सभी सरकारी फाइलों की और आवेदनों की जनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

## आयकर विभाग के एमटीएस को 10000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा

### बीकानेर जिले में कल्याणसर की कनिष्ठ सहायक का रिश्वत लेने का वीडियो हुआ वायरल



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने जयपुर में आयकर विभाग में एमटीएस के पद पर तैनात कर्मचारियों को 10000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त विष्णु पारीक है जिसने विभाग के कार्य में सहयोग करने के लिए परिवादी से रिश्वत के रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई जिस पर एसीबी के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी एमटीएस विष्णु पारीक को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत बुधवार को परिवादी ने जैसे ही विष्णु पारीक को रिश्वत के 10000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ विष्णु पारीक को मौके पर ही पकड़ लिया विष्णु पारीक के खिलाफ एसीबी ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है एक अन्य मामले में प्रदेश की बीकानेर जिले में कल्याणसर की कनिष्ठ सहायक मीनू जैन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था इस वीडियो में मीनू जैन प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरण में एक जने से 2000 रुपए की रिश्वत मांगते हुए नजर आ रही है यह वीडियो सोशल मीडिया पर जोरदार तरीके से वायरल हुआ जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने मीनू जैन को फिलहाल निलंबित कर दिया है।

## जयपुर के स्टेशन कोर्ट में बम होने की धमकी, वकीलों और पक्षकारों में हड़कंप मचा



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजधानी जयपुर स्टेशन कोर्ट में बुधवार को बम होने की धमकी मिलने के बाद सेशन कोर्ट में मौजूद वकीलों और पक्षकारों में खलबली मच गई यह धमकी ईमेल के माध्यम से मिली थी जिसके बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर मौके पर डॉग स्कायड और बामनिरोधक दस्ते को भी बुलाया गया सेशन कोर्ट को पूरी तरह से खाली करवा लिया गया तथा चुपके-चुपके पर पुलिस ने छानबीन शुरू की लेकिन कई घंटे की छानबीन के बाद पुलिस को कहीं भी किसी भी तरह की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली जिसके बाद पुलिस ने इस सूचना को पूरी तरह से फर्जी बताया पुलिस अब ईमेल की गंभीरता से जांच पड़ताल करके यह पता लग रही है कि यह ईमेल कहां से और किस साइट से आया है उल्लेखनीय है कि सेशन कोर्ट में हमेशा लोगों की बड़ी भीड़ रहती है जब कोर्ट की कार्रवाई संपादित होती है तो यहां पर सैकड़ो की संख्या में पक्षकार वकील और सेशन कोर्ट के दफ्तर में तैनात अधिकारी और कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है इसलिए यहां पर अगर कोई बम होने की सूचना दे तो निश्चित रूप से पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होने के साथ चिंता का विषय भी बन जाता है यहां पर वकीलों का भी कहना है कि भले ही यह ईमेल की सूचना गलत निकली हो लेकिन यहां पर लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस को सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध करने ही चाहिए अन्यथा यहां पर कोई बम फटने जैसी घटना होती है तो बड़ी संख्या में लोग हताहत हो सकते हैं इसलिए सेशन कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना बहुत जरूरी हो गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव में जीत का मंत्रः "हर बूथ कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में मोदी"



जयपुर(कासं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर घर जाने को कहा और एकजुट एनडीए एग्जिट बिहार इससे बनेगी सुशासन की सरकार का नारा दिया चुनावी राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नमो ऐप के माध्यम से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर मतदान केंद्र पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को केंद्र सरकार और बिहार की नीति सरकार की सरकार की लाभों के बारे में बताने के लिए प्रोत्साहित किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कार्यकर्ताओं का भोजपुरी में अभिवादन करने के बाद कहा जब हर बूथ मजबूत होता है तभी पार्टी जीतती है प्रधानमंत्री ने कहा कि हर बूथ कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में मोदी है उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं के बारे में मतदाताओं को उनकी ओर से गारंटी देने को कहा उन्होंने कहा कि बिहार के बूथ कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र के परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के वीडियो भी दिखाने और साझा करने चाहिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 14 नवंबर को एनडीए की जीत के बाद एक और दिवाली सुनिश्चित करने में बिहार की माताएं और बहन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे उन्होंने कहा कि बिहार की सभी बहन और माता को समूह में मतदान करने जाना है गीत गाना चाहिए ताली बजाकर लोकतंत्र का उत्सव मनाना चाहिए प्रधानमंत्री ने बिहार में बीजेपी बूथ कार्यकर्ताओं से कहा कि 23 अक्टूबर को भाई दूज पर अपनी बूथ की सभी बहनों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करें उधर भाजपा ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 12 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की जिसमें गायिका मैथिली ठाकुर को अलीपुर से और पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा को बक्सर से मैदान में उतारा गया है बिहार की 243 सदस्य विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होगा और वोट की की गिनती 14 नवंबर को होगी

## करोड़पति अधिशासी अभियंता राम अवतार मीणा, प्रदेश भर में कई ठिकानों पर एसीबी के छापे



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। प्रदेश में पंचायत राज विभाग के अधिशासी अभियंता और वर्तमान में इंदिरा गांधी पंचायत राज संस्थान में एसोसिएट प्रोफेसर राम अवतार मीणा के प्रदेश भर में कई ठिकानों पर एंटी करप्शन ब्यूरो की छापामार कार्रवाई में अकूत स्थाई और अस्थाई संपत्ति का पता चला है जिसमें जयपुर में इंदिरा गांधी नगर में ही 6 फ्लैट होने की जानकारी मिली है इसके अलावा मीणा के करौली उदयपुर गंगापुर सिटी सहित कई अन्य जगहों पर एसीबी की छापामार कार्रवाई में कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं एसीबी की जांच पड़ताल में सामने आया है कि मीणा ने अपने रिश्तेदारों के नाम भी अपनी प्रॉपर्टी की हुई है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार राम अवतार मीणा के विभिन्न ठिकानों पर एसीबी की अलग-अलग टीमों की ओर से बुधवार को जांच पड़ताल की गई जिसमें मीणा के करौली जिले में सुरूट स्थित पैतृक आवास पर भी एसीबी की टीम की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा करौली जिले में ही खिरखिराड़ा के पास राम अवतार का एक शानदार फार्म हाउस है वहां पर भी जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा गंगापुर सिटी में बहु मंजिल मकान होने की जानकारी मिली है इस मकान में किराएदार रहते हैं यहां भी एसीबी की जांच पड़ताल चल रही है इसके अलावा करौली रोड पर भी एक फार्म हाउस मिला है वहां भी एसीबी की जांच पड़ताल जारी है तथा उदयपुर में भी मीणा के अपने एक रिश्तेदार के नाम प्रॉपर्टी करने की जानकारी मिली है वहां भी एसीबी की टीम की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है इस तरह से अलग-अलग जगह पर एसीबी की छापामार कार्रवाई में भारी मात्रा मे चल और अचल संपत्ति का पता चला है जानकारी के अनुसार अब तक की जांच पड़ताल में मोटे रूप से माना जा रहा है कि रामावतार मीना के पास आय से 115 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली है जो यह दिखता है कि कहीं ना कहीं मीणा ने अपनी नौकरी के प्रभाव का इस्तेमाल करके नियम और कानून का उल्लंघन करके गलत तरीके से पैसा कमाया है लेकिन आखिरकार मीणा एसीबी के लपेटे में आ ही गए

## हमारे हर किले और महल की अपनी कहानी, राजस्थान दुनिया का आईकॉनिक डेस्टिनेशनः दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स




जयपुर(कासं.)। भारत के पर्यटन नक्शे पर राजस्थान का नाम पहले से ही स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है लेकिन इस बार जिलों की नगरी उदयपुर में पर्यटन की एक और नई कहानी लिख दी एक ऐसी कहानी जो भारत को विश्व के शीर्ष 10 पर्यटन देश में शामिल करने के संकल्प से जुड़ी हुई है भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की पहल पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में पहले दिन जब देशभर के पर्यटन मंत्री वन स्टेट वन ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन थीम पर चर्चा के लिए एक मंच पर जूते तो यह मैच औपचारिक बैठक नहीं थी यह भारत के पर्यटन नए सदस्य उत्थान की घोषणा थी भारत में घरेलू पर्यटकों का विदेश की ओर बढ़ता रुझान एक चुनौती भी है लेकिन अब यह सोच बदल रही है कि पहले अपना देश देखो फिर विदेश जो राजस्थान इस सोच का नेतृत्व कर सकता है क्योंकि यहां यात्राओं के मायने सिर्फ देखने से नहीं बल्कि जीने से जुड़ते हैं राजस्थान पर्यटन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के शब्दों में राजस्थान सिर्फ एक डेस्टिनेशन नहीं बल्कि एक भावना है उदयपुर में आयोजित पर्यटन क्षेत्र किस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा जब यह कहा कि हमारे हर किले महल की अपनी कहानी है और राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से पूरी दुनिया का आईकॉनिक डेस्टिनेशन है तो वह केवल भावनात्मक बयान नहीं था यह उसे रणनीतिक दिशा का परिचय था जो राजस्थान पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है राजस्थान सरकार ने बीते वर्षों में पर्यटन क्षेत्र को केवल विरासत केंद्रित दृष्टि से नहीं बल्कि रोजगार निवेश और सस्टेनेबल डेवलपमेंट से जोड़ने की कोशिश की है राजस्थान टूरिज्म यूनिट पॉलिसी के जरिए निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम भूमि आवंटन और प्रोत्साहन योजनाओं जैसी सुविधाएं देकर पर्यटन को उद्योग के रूप में पुनर्वासित किया जा रहा है राजस्थान की झीलों पहाड़ियों और विरासत के बीच यह सम्मेलन अपने आप में एक प्रतीक है कि भारत अब केवल पर्यटक आकर्षण नहीं बल्कि ग्लोबल टूरिज्म पावर बनने की दिशा में आगे बढ़ चुका है केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत में पर्यटन की सभी संभावनाएं हैं बस जरूरत है उन्हें तलाश में और तलाश ने की अब समय आ गया है कि भारत वैश्विक पर्यटन सूचकांक में शीर्ष 10 देश में शामिल हो और जीडीपी में पर्यटन का योगदान 10 प्रतिशत तक पहुंचे यह बयान सिर्फ आकांक्षा नहीं बल्कि उसे बदले भी आत्मविश्वास का प्रतीक है जिसमें भारत अब अपने सांस्कृतिक और प्राकृतिक वैभव को वैश्विक मानचित्र पर एक संगठित विजन के तहत प्रस्तुत करना चाहता है गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक महत्वपूर्ण बात कही कि अब राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है यह प्रतिस्पर्धा नेटवर्क किसी पुरस्कार की है ना आंकड़ों की बल्कि उसे राष्ट्रीय दृष्टिकोण की है जिसमें हर राज्य अपने विशिष्टता को विश्व के सामने प्रस्तुत करना चाहता है भारत में 2024 में 2 करोड़ विदेशी पर्यटक आए जबकि घरेलू पर्यटन का आंकड़ा कई गुना बड़ा राजस्थान के लिए यह अवसर है कि वह इन यात्राओं का केंद्र बने क्योंकि यह हर किलोमीटर पर एक अनुभव बदल जाता है भाषा परिधान भजन और संगीत सब कुछ नया राजस्थान में 23 करोड़ घरेलू और 20 लाख विदेशी पर्यटक वर्ष 2024 में पहुंचे यह संख्या सिर्फ पर्यटकों की नहीं बल्कि विश्वास की है उदयपुर की हवाओं से इस सम्मेलन के बाद एक नया आत्मविश्वास महसूस किया जा सकता है पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत राजस्थान में खाटू श्याम जी केशोरायपाटन करणी माता मंदिर और मालासेरी डूंगरी जैसे स्त्रियों का विकास इस बात का प्रमाण है कि धार्मिक सांस्कृतिक और अनुभव आधारित पर्यटन एक साथ चल सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जयपुर की दो बड़ी परियोजना के क्रियान्वयन का रास्ता साफ

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जयपुर में सरकार की दो प्रमुख परियोजनाओं राजस्थान मंडपम और एकता माल के खिलाफ दायक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत की गई जनहित याचिका में राजस्थान मंडपम और एकता माल परियोजना को रोकने तथा उक्त भूमि को वन भूमि घोषित करने की मांग की गई थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है राजस्थान सरकार और रिको ने इस आवेदन का विरोध करते हुए अदालत को अवगत कराया कि संबंधित भूमि वर्ष 1979 में औद्योगिक प्रयोजन के लिए अधिकृत की गई थी जिसकी वैधता की पुष्टि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने की है और यह भूमि 1991 2011 और 2025 के मास्टर प्लान में स्पष्ट रूप से औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अंकित है राजस्थान सरकार और रीको की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता तथा अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने प्रस्तुत किया कि उसी समूह के लोगों ने परियोजना को रोकने के लिए बार-बार याचिकाएं दाखिल की है उन्होंने बताया कि इस प्रकार की याचिकाएं पहले राष्ट्रीय हरित अधिकरण और राजस्थान उच्च न्यायालय में भी दायर की गई थी जिन्हें खारिज कर दिया गया था और उच्च न्यायालय ने याचिका कर्ताओं पर तथ्य छुपाने के लिए 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। राज्य सरकार ने यह भी बताया कि परियोजना स्थल पर कोई पेड़ नहीं काटे गए हैं केवल 56 पेड़ों को अनुमति प्राप्त कर प्रत्यारोपित किया गया है और उनकी संख्या से 10 गुना अधिक नए पौधे प्रतिपूर्वक वृक्षारोपण के रूप में लगाए जा चुके हैं एकता माल जो प्रधानमंत्री की वन जिला वन प्रोडक्ट पल का हिस्सा है तथा राजस्थान मंडपम ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर आईटी टावर फाइव स्टार और 4 स्टार होटल तथा रिहायशी टॉवर्स यह सभी परियोजनाएं राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 95 एकड़ रीको भूमि पर अनुमोदित की गई है सभी पक्षों की दलीली सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि विवादित भूमि वन भूमि नहीं है।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
16 अक्टूबर, 2025

# जिला कलक्टर ने की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा

### सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभांवित कराना करें सुनिश्चित - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित कराने व बजट घोषणाओं के कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, कृषि, उद्योग, ट्यूरिज्म, पीएचईडी, यूआईटी, नगर निगम, जेवीवीएनएल इत्यादि विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर योजनाओं में सैचुरेशन स्तर प्राप्त करना एवं बजट कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन के अनुरूप गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत ठोस अपशिष्ट के प्राथमिक संग्रहण करने, कचरा संवेदनशील बिंदुओं को हटाने (गार्बेज वलनरेबल पॉइंट) एवं सिंगल यूज प्लास्टिक जब्ती में उत्कृष्ट कार्य कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सराहना की तथा निरंतर प्रगति को बनाए रखने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि पीएम स्वनिधि योजना में प्रगति लाते हुए अधिकाधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को लाभांवित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वामित्व योजना के पोर्टल को समयबद्ध अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि पीएम कुसुम योजना कम्पोनेंट ए में शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि पीएम कुसुम कम्पोनेंट योजना सी में प्रगति बढाकर रैंकिंग में सुधार करें। उन्होंने संशोधित वितरण क्षेत्र योजना में 15 दिन में 75 प्रतिशत प्रगति हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि कुसुम योजना बी की प्रभावी मॉनिटरिंग कर स्वीकृत सौर ऊर्जा संयंत्रों के इंस्टोलेशन में नवम्बर माह तक शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें। साथ ही और अधिक ऊर्जा संयंत्रों की स्वीकृति बढाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ एवं अवसंरचना मिशन के तहत बीपीएचयु व सब-सेंटर की प्रगति बढ़ाने तथा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत 5 आरोग्य केंद्रों को 30 अक्टूबर तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि चिकित्सा विभाग से समन्वय कर लाडो प्रोत्साहन योजना में निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रगति हासिल कर जिले की रैंकिंग में सुधार का प्रयास करें। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण , प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 3033 लाभार्थियों को ऋण वितरण कराने, पांच गौरव, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, एनएफएसए के तहत 88 प्रतिशत आवेदनों का डिस्पोजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, अमृत योजना इत्यादि फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अन्य योजनाओं की मॉनिटरिंग की कार्य योजना बनाकर उसे अमल में लाए। जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी घोषणाओं को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को बजट घोषणाओं का लाभ यथाशीघ्र मिल सके। उन्होंने नाइट ट्यूरिज्म, नवीन कन्या महाविद्यालय, बालिका सैनिक स्कूल, नवीन बस स्टैण्ड, सरस डेयरी में नवीन दुग्ध संयंत्र सहित बजट की अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान, जीएम डीआईसी एम.आर मीना, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक परवेश सक्सेना, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) मुकेश चौधरी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए राजस्थान युवा बोर्ड पोर्टल एवं माई भारत पोर्टल पर करावे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तर पर 25 अक्टूबर से 20 नवम्बर तक युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ राज्य की लुप्त कलाओं का भी आयोजन होगा। युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए 15 से 29 आयुवर्ग के युवा राजस्थान युवा बोर्ड पोर्टल एवं माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं द्वारा सिक्को व नये नोटो का वितरण




जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय-1 अलवर की आर्य नगर, रामगढ़, कठुमर, थानगाजी व अन्य शाखाओं ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार दीपावली के अवसर पर कॉइन मेला लगा कर ग्राहको को सिक्को व नए नोटो का वितरण किया गया। नए नोट मिलने पर बैंक के ग्राहक काफी खुश नज़र आए और बैंक के इस कार्य की काफी प्रसंशा की। इस कार्य मे उप महाप्रबन्धक सिद्धांत शेखर, क्षेत्रीय प्रबन्धक आशुतोष कुमार शंकर, मुख्य प्रबन्धक सुरेश कुमार, सहायक प्रबन्धक मयंक कुमार व आर्य नगर शाखा प्रबन्धक कुमार सिद्धार्थ ने भी सहयोग प्रदान किया।

## डेयरी चेयरमैन ने दीपावली पर दुग्ध उत्पादकों को दिया तोहफा

### दूध खरीद दर में 100 प्रति किलो फैट की वृद्धि

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** दीपावली के शुभ अवसर पर अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड ने दुग्ध उत्पादकों को बड़ा तोहफा दिया है। बुधवार को सकट महिला समिति पर आयोजित कार्यक्रम में अलवर डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान ने घोषणा की कि 16 अक्टूबर 2025 से दूध की खरीद दर में वृद्धि की जाएगी चेयरमैन सांगवान ने बताया कि अब दूध का नया खरीद दर 1000 प्रति किलो फैट रहेगा, जिसमें 5 प्रति लीटर मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना की राशि भी शामिल होगी। यह दर 16 अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगी। इससे पहले यह दर 900 प्रति किलो फैट थी इस निर्णय से जिलेभर के दुग्ध उत्पादक किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। डेयरी चेयरमैन ने कहा कि किसानों को आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण देना अलवर दुग्ध संघ का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में किसानों की आय बढ़ाने और उत्पादन क्षमता सुधारने के लिए और भी योजनाएं लागू की जाएंगी। दूध उत्पादकों ने चेयरमैन के इस निर्णय को दीपावली का खास तोहफा बताते हुए संघ का आभार व्यक्त किया।

## बहरोड में आगंतुक कक्ष का शुभारंभ

### विधायक बोले - दीपावली पर क्षेत्रवासियों को मिला तोहफा





जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(नि.सं.)।** पंचायत समिति बहरोड में सोमवार को नवनिर्मित आगंतुक कक्ष का उद्घाटन एवं पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति बहरोड की प्रधान सरोज बस्तीराम यादव ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जसवंत सिंह यादव विधायक बहरोड थे। तथा कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी राम किशोर मीणा, तहसीलदार राजेंद्र मोहन मीणा, विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश बावता, सहायक विकास अधिकारी बलवंत सिंह, देवेंद्र यादव, केवल कृष्ण मांड्या, सुभाष, निर्मला यादव तथा विद्युत अधिशासी अभियंता के एम शर्मा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सैनी, एईएन प्रिया यादव तथा पानी बिजली के सहायक अभियंता, सहायक निदेशक कृषि राकेश यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी, इत्यादि विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अधिशासी अभियंता जलदाय विभाग रामकिशोर यादव की अनुपस्थिति पर विधायक ने नाराजगी प्रकट की और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ जसवंत यादव ने कहा कि राजस्थान में पहली पंचायत समिति है जिसमें पेंशनधारियों एवं जरूरतबंद लोगों के लिए आगंतुक-कक्ष का निर्माण प्रधान ने अपने कोटे से करवाकर क्षेत्रवासियों को दीपावली पर बहुत बड़ा तोहफा देने का काम किया है। इस अवसर पर उप प्रधान अनुराधा प्रदीप यादव, पंचायत समिति सदस्य मनीषा यादव सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने बिजली पानी की समस्याओं को उठाया जिनके समाधान हेतु विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। पंचायत समिति में 86 किलो कुश्ती खिलाड़ी प्रवीण कुमार पुत्र अजीत सिंह निवासी कल्याणपुरा को राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पंचायत समिति की साधारण सभा में प्रवीण यादव को विधायक एवं प्रधान तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा साफा एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा सभी जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दी तथा प्रवीण यादव के उज्जवल भविष्य के कामना की। अंत में प्रधान सरोज यादव ने विधायक एवं अधिकारियों का आभार सहित धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का समाधान तुरंत किए जाने की बात संबंधित अधिकारियों को कही तथा विधायक द्वारा ग्राम शिमला में उन्टोली में महाराजावास में खोहरी में बालपुरा में जखराना में कलियाहुड़ा में करोड रुपए की नई सड़के बनाने पर आभार सहित धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सड़क हादसों के पीड़ितों की सुविधा के लिए eDAR (ईडार) पोर्टल का शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा एकत्र कर विश्लेषण से सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा IRAD (आई रेड) यानी एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटा बेस पोर्टल का नया अवतार राजस्थान में eDAR (ईडार) के रूप में सामने आया है। ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट यानी ईडार पोर्टल का शुभारम्भ जिला पुलिस ने ऑनलाइन किया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के मुआवजा दावा निपटाने के लिए ईडार पोर्टल चालु किया गया। इससे सडक दुर्घटनाओं में पीडित परिवारो को न्याय दिलाने में मदद मिलेगी और समय पर समुचित मुआवजा व अन्य लाभ मिलेगे।

### यह है पोर्टल की खासियत

अब तक इस्तेमाल किए जा रहे आई-रेड पोर्टल के जिला रोल आउट मैनेजर कपिल कुमार शर्मा के अनुसार बीते पाँच वर्षों में पोर्टल 3281 से अधिक मामले दर्ज किए गए। इससे दुर्घटनाओ के ब्लॉक स्पॉट (अधिक दुर्घटनाओं के चिन्हित स्थान) का चयन, कारणो का विश्लेषण कर रोकथाम में पोर्टल उपयोगी साबित रहा। अब नए वर्जन ईडार पोर्टल पर सडक दुर्घटनाओं में लिप्त वाहन दुर्घटना की परिस्थितिया और एफआईआर की जानकारी भी दर्ज होगी। मौके पर पहुंचकर अनुसंधान आधिरारी आई रेड एप से रिपोर्ट दर्ज कर फोटो, वीडियो और अन्य जानकारी अपलोड करते है। पोर्टल आई रेड सेड जुडा होने से इससे




90 प्रतिशत से अधिक जानकारी सीधे ईडार पर अपलोड होगी।

### निकट भविष्य में सीधे ई कोर्ट से जुडेगा ईडार

नए वर्जन ईडार पोर्टल में केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम एवं नियम 2022 मे उल्लेखित मानक संचालन प्रक्रिया की अनुपालना में पुलिस से संबंधित फॉर्म 01 से 10 तक विकसित किए गये है। यह सडक दुर्घटना से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियों को एक जगह पर डेटाबेस रखता है। आगे ई कोर्ट और ईडार का एकीकरण के प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे भविष्य में एमएसीटी (मोटर एक्सीडेन्ट काईम ट्रिब्यूनल) कोर्ट को सीधी ऑनलाइन सूचनाएं प्राप्त होगी।

## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का कैम्प आयोजित

### 21 लाभार्थियों के आवेदन हुए पंजीकृत

### 60 वर्ष की आयु पर मिलेगी 3000 मासिक पेंशन



जयपुर टाइम्स

**राजगढ(नि.सं.)**राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत बुधवार को नगर पालिका राजगढ़ में विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और लोक कलाकारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक और लोक कलाकार इस योजना में पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकृत लाभार्थियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3000 प्रतिमाह पेंशन राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी शिविर में कुल 21 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनका सफल पंजीकरण किया गया सीओ मीनाक्षी मिश्रा ने बताया कि पीएम स्वनिधि ऋण योजना के अंतर्गत नगर पालिका राजगढ़ से 7 आवेदन प्राप्त हुए हैं राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, अलवर से आए विनोद शर्मा और रामबाबू गुर्जर ने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 100 मासिक प्रीमियम देना होगा, जबकि राजस्थान सरकार लाभार्थी की आयु के अनुसार 320 से 400 तक का अंशदान करेगी अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में ई-श्रम पोर्टल से पंजीकृत श्रमिक, लोक कलाकार और पथ विक्रेता पात्र लाभार्थी होंगे। इसी उद्देश्य से नगर पालिका राजगढ़ में विशेष पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया शिविर के उपरांत नगर पालिका राजगढ़ में स्थायी हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जहां पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

## राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस पर भिवाड़ी में आयोजित हुआ स्टेकहोल्डर परामर्श कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा/भिवाड़ी(नि.सं.)।** राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय भिवाड़ी में एक स्टेकहोल्डर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों, पर्यावरण विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों को ई-कचरे (E-Waste) के वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण-सम्मत प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। परामर्श सत्र के दौरान प्रतिभागियों को ई-कचरे के स्रोत, इसके पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रिया, और अधिकृत संग्रहण केंद्रों की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में Mis Adatte E-Waste Management Private Limited के विशेषज्ञों द्वारा ई-कचरे के रीसाइक्लिंग से जुड़े तकनीकी पहलुओं तथा व्यवहारिक चुनौतियों पर एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसमें राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, कानूनी प्रावधानों तथा आर्थिक प्रोत्साहनों की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता और उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को चाहिए कि वे अपने संस्थानों में ई-कचरे के संग्रह, पृथक्करण और निपटान की प्रक्रिया को अधिक संगठित एवं जिम्मेदार ढंग से अपनाएं, ताकि "हरित और स्वच्छ उद्योग" की दिशा में भिवाड़ी एक नई मिसाल बन सके।

## चार माह से वेतन नहीं, दीपावली पर अंधेरे में सफाई कर्मी

### नगरपालिका में मचा हाहाकार -

### भवानी सहाय चौक पर मार्ग अवरुद्ध कर जताया रोष

### ठप हुई सफाई व्यवस्था

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(नि.सं.)** दीपावली जैसे बड़े त्यौहार से पहले राजगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विगत चार माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज़ सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को पंडित भवानी सहाय चौक पर मार्ग अवरुद्ध कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेतन भुगतान की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे चार माह से लगातार बिना वेतन के काम कर रहे हैं, लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक वे सफाई कार्य नहीं करेंगे ठेका नहीं, सीधे पालिका से कार्यरत कर्मचारी जानकारी के अनुसार नगरपालिका द्वारा सफाई का ठेका किसी ठेकेदार को नहीं दिया गया है सफाई कर्मी सीधे पालिका के अधीन कार्यरत हैं ऐसे में वेतन भुगतान की जिम्मेदारी भी सीधे नगर पालिका पर ही आती है चार माह से वेतन बंद रहने के कारण अधिकांश कर्मचारियों के घरों में आर्थिक संकट खड़ा हो गया है दीपावली से पहले गंदगी का ढेर से नगर के मुख्य बाजारों, गलियों और मोहल्लों में गंदगी फैलने लगी है। दीपावली जैसे स्वच्छता और रोशनी के पर्व से पहले सफाई कार्य रुकने से नगरवासी भी चिंतित हैं। आमजन का कहना है कि हर वर्ष दीपावली से पहले शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता था, लेकिन इस बार सफाई कर्मियों के विरोध के चलते सड़कों पर कचरे के ढेर लग गए हैं कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक खातों में वेतन नहीं पहुंचता, तब तक सफाई कार्य नहीं करेंगे। ऐसे में दीपावली से पहले नगर में स्वच्छता व्यवस्था का ठप होना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है।

**पालिका अध्यक्ष ने दी सफाई**

इस मामले में नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने बताया कि "नगरपालिका के पास बजट आ गया है। जैसे ही बजट आया, हमने यहाँ से सेंक्शन कर दिया है। अब फाइल ट्रेजरी में है, वहाँ से पास होते ही कर्मचारियों के खाते में राशि आ जाएगी।"

# सीएचसी एवं टीबी यूनिट का औचक निरीक्षण

### एसटीडीसी अजमेर निदेशक डॉ. इंदरजीत सिंह बोले – हर मरीज को मिले गुणवत्तापूर्ण उपचार

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** एसटीडीसी अजमेर के निदेशक डॉ. इंदरजीत सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ एवं टीबी यूनिट की सीबीनाट साइट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाट साइट लैब, आउटडोर, एक्स-रे रूम, इंजेक्शन रूम, टीकाकरण कक्ष, डीडीसी पर्ची काउंटर, रिसेप्शन, इमरजेंसी, वार्ड और गायनिक वार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया निरीक्षण के समय निदेशक ने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर



इलाज की गुणवत्ता व उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब तकनीशियनों एवं एक्स-रे कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आने वाले रोगी को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध करवाया जाए डॉ. सिंह ने विशेष रूप से टीबी यूनिट की बलगम जांच की गुणवत्ता, उपचार रिकॉर्ड और अभिलेखों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वल्नरेबल आबादी की 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग और जांच सुनिश्चित की जाए प्रत्येक सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आउटडोर से 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत संभावित रोगियों की रेफरल जांच, तथा उप-स्वास्थ्य केंद्रों से बलगम व एक्स-रे जांच अनिवार्य रूप से की जाए उन्होंने कहा कि फिजिशियन, टीवी/चेस्ट फिजिशियन , ऑर्थोपेडिशियन पीडियाट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट सभी विशेषज्ञों द्वारा टीबी की स्क्रीनिंग और जांच करवाना आवश्यक है टीबी की पुष्टि होने पर रोगी का तत्काल उपचार शुरू किया जाए, साथ ही उसका बैंक खाता, एचआईवी और शुगर जांच, तथा कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग भी सुनिश्चित की जाए डॉ. सिंह ने सीएचओ एवं एएनएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक रोगी की लोकेशन अपडेट करें और सभी संपर्कों को टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) एवं डिफरेंशिएटेड टीबी केयर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि टीबी रिकॉर्ड – जैसे रजिस्टर, ट्रीटमेंट कार्ड, फॉलोअप रिकॉर्ड – सीएचसी से लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र व आशा सहयोगिनी स्तर तक सुव्यवस्थित रखे जाएं निरीक्षण के दौरान डॉ. रामचंद्र यादव, डॉ. सत्यप्रकाश मीणा, डॉ. जितेंद्र पाल मीणा, डॉ. गोविंद सहाय, ब्लॉक उपचार पर्यवेक्षक महेंद्र कुमार शर्मा, मुकेश कुमार सोनी, अशोक कुमार, गगन मेहंदी रत्ता, मांगीलाल मीणा, राजेंद्र कुमार शर्मा, शेर सिंह सोनी, अतेंद्र शर्मा, राजेंद्र कुमार बैरवा, सुशील शर्मा और हरि सिंह यादव सहित सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सरकार के तत्कालीन मंत्री में ही प्रमोद जैन भाया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए: मदन राठौड़

### अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस नेता कर रहे है भ्रामक और अनर्गल प्रचार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस नेताओं द्वारा किए जा रहे भ्रामक प्रचार पर तीखी प्रतिक्रिया दी। राठौड़ ने कहा कि विरोधी दल के प्रत्याशी न तो किसी नीति पर बात कर रहे हैं, न ही जनता के समक्ष कोई ठोस एजेंडा प्रस्तुत कर रहे हैं। बार-बार एक ही विषय 'पर्ची' को दोहराना, उनकी विचारहीन राजनीति को दर्शाता है। यह समय है कि जनता को स्वस्थ और विकासोन्मुख राजनीतिक संवाद मिले, न कि झूठे आरोपों और निजी टिप्पणियों का मंच।

कांग्रेस सरकार के ही तत्कालीन मंत्री ने ही कांग्रेस के उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और ये अब उसी उम्मीदवार के गुणगान कर रहे है। कांग्रेस नेता गहलोत, डोटासरा, जूली और पायलट अपना एजेंडा पेश करने की बजाय भाजपा सरकार के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाकर जनता को भ्रमित कर रहे है। कांग्रेस नेताओं ने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा की, जातिगत



राजनीति को बढ़ावा दिया और अब भाजपा को कोसने में लगे हुए है। कांग्रेस के पास नीतिगत सोच नहीं है। राजनीति व्यक्तिगत आरोपों का माध्यम नहीं, जनसेवा का माध्यम होनी चाहिए। मैं जनता से अपील करता हूँ कि वे कार्यों के आधार पर निर्णय लें, अफवाहों या व्यक्तिगत हमलों के आधार पर नहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक ओर भजनलाल सरकार है जिसने सत्ता में आते ही पानी की वर्षों से लंबित ईआरसीपी परियोजना पर काम किया और वहीं दूसरी ओर गहलोत सरकार, जिसने केंद्र द्वारा बार बार आग्रह करने के बावजूद ईआरसीपी पर पांच साल तक कुंडली मार कर बैठे रहे। भाजपा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम किया,अपराध को कम करने की दिशा में काम किया। भाजपा सरकार अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा रही है। जबकि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री के सामने शिक्षा मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, मुख्यमंत्री अपने ही उपमुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे और कांग्रेस के मंत्री एक दूसरे पर टीका टिप्पणी कर रहे थे। राठौड़ ने कहा कि अंता विधानसभा उपचुनाव में हम जनसेवक मैदान में उतारेंगे, जो जनता की सेवा सेवक बनकर करेगा, भाजपा का प्रत्याशी जनता की अपेक्षा को पूर्ण करने वाला और जन भावनाओं के अनुरूप होगा। भाजपा आम जनता की सोच के अनुरूप प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और अंता की जनता का भाजपा प्रत्याशी को पूर्ण आशीर्वाद मिलेगा। राठौड़ ने कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा स्वयं–भू उम्मीदवार घोषित करना बताया। उन्होंने कहा कि प्रमोद जैन भाया को पार्टी, लोकतंत्र में विश्वास नहीं था, वे जब से चुनाव हारे, तब से घात लगाकर बैठे थे कि कैसे जीतने वाले प्रत्याशी को हटाया जाए। राठौड़ ने सांसद हनुमान बेनीवाल के अनर्गल बयान को घटिया मानसिकता का बताते हुए कहा कि हनुमान बेनीवाल की संवेदना मर चुकी है। मेरी पत्नी को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या के चलते हेलीकॉप्टर द्वारा तत्काल जयपुर के अस्पताल लाया गया था, जिसका समस्त व्यय मेरी पत्नी की ही फैक्ट्री से हुआ है। यह आरोप कि इसका भुगतान सरकारी स्रोतों से किया गया, सरासर झूठा और बेबुनियाद है। हम अपनी मेहनत, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता के बल पर राजनीति करते हैं, न कि दूसरों के संसाधनों के सहारे। जिन लोगों ने कभी बिजली का बिल जमा नहीं करवाया,घर खाली नहीं किया, वही आज हमें ईमानदारी का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि एक ओर अशोक गहलोत, सचिन पायलट और गोविंद सिंह डोटासरा है जिनकी मैं प्रशंसा करूंगा, इन्होंने विपक्ष में होने के बावजूद मेरी पत्नी की कुशलक्षेम पूछी। वहीं दूसरी ओर बेनीवाल है जो इतनी घटिया मानसिकता के साथ अनर्गल आरोप लगा रहे है। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ भी मंच पर उपस्थित रहे।

## जयपुर में लो फ्लोर बस में आग लगने से यात्रियों में घबराहट



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जैसलमेर में भीषण बस हादसे के 1 दिन बाद ही बुधवार को टोंक रोड पर लो फ्लोर बस में अचानक आग लग गई जिसकी वजह से बस में सवारी यात्रियों ने बस की खिड़की और दरवाजे से कूद कर अपनी जान बचाई हालांकि जैसे ही बस में आज और अग्नि की लपटे उठती देख कर बस के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को एक तरफ खड़ा किया इसके बाद बस में सवार यात्रियों ने बस की खिड़की और दरवाजे से कूद कर अपनी जान बचाई । जानकारी के अनुसार यह लो फ्लोर बस ट्रांसपोर्ट नगर से द्वारकापुरी जा रही थी लेकिन टोंक रोड पर अचानक बस में आग लग गई जिसकी वजह से बस में सवार यात्रियों में घबराहट छा गई लेकिन बस के स्टाफ की सतर्कता से बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए किसी भी यात्री के किसी भी तरह की कोई चोट भी नहीं आई है सूचना मिलने के बाद लो फ्लोर बस प्रबंधन से जुड़े अधिकारी और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाया गया और आग पर काबू पाया गया लेकिन इतना जरूर है कि अगर बस के चालक ने सूझबूझ नहीं दिखाई होती तो यहां भी जैसलमेर जैसा बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन जैसे ही चालक ने बस में धुआं और आग की लपट उठती देखी उसने तुरंत बस को एक साइड में रोक दिया और यात्रियों को तुरंत बस से नीचे उतरने को कहा जिस पर बस में सवार कुछ यात्रियों ने बस की खिड़की से कूद कर अपनी जान बचाई तो कुछ यात्री बस के दरवाजे से कूद गए ।

## दिवाली से पूर्व 159 आवंटियों को मिले सपनों के घर के आवंटन पत्र




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित समृद्धि अपार्टमेंट, जयपुर के 159 पात्र आवंटियों को बुधवार को उनके आवंटन पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने लाभार्थियों को उनके सपनों के घर के दस्तावेज़ सौंपे। यह आयोजन प्रताप नगर स्थित मण्डल के वृत प्रथम कार्यालय में चल रहे "शहरी सेवा शिविर 2025" अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में जनसेवा को त्वरित, पारदर्शी और सुलभ बनाना है। मंत्री खर्रा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि हर परिवार को सम्मानजनक जीवन देना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में "हर सर को छत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री खर्रा ने सभी 159 आवंटियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह घर केवल चार दीवारें नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत और आत्मनिर्भर जीवन की नींव हैं। उल्लेखनीय है की शहरी सेवा शिविर 2025 के माध्यम से मण्डल ने अब तक लगभग 2 हजार 200 से ज्यादा प्रकरणों का निस्तारण किया है। इस अवसर पर आवासन अध्यक्ष देबाशीष पृष्टि ने कहा कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने अपनी योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि "समृद्धि अपार्टमेंट" परियोजना आम नागरिकों को किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने का सफल उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बोर्ड अब पारंपरिक निर्माण से आगे बढ़कर तकनीकी नवाचार और नागरिक सुविधा केंद्रित परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में बोर्ड द्वारा राज्यभर में कई नई आवासीय परियोजनाएँ प्रारंभ की जाएंगी। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया की समृद्धि आवासीय योजना में प्रति फ्लैट की कीमत 35 लाख अनुमानित थी लेकिन मण्डल ने उसी उच्च गुणवत्ता के साथ प्रत्येक फ्लैट 31 लाख में दिया है। मण्डल भविष्य में भी विभिन्न आय वर्ग के लिए इसी तरह किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले आवास उपलब्ध करवाता रहेगा।

## *राज्यस्तरीय कार्यशाला में हुई परिवार कल्याण कार्यक्रम की राज्यस्तरीय समीक्षा*

**जयपुर(कांस.)।** प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति व उपलब्धियों की समीक्षा हेतु बुधवार को कार्यशाला आयोजित की गयी। राज्यस्तरीय कार्यशाला में परिवार नियोजन हेतु संचालित विभिन्न परिवार कल्याण योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्ध करवायी जा रही विभिन्न गर्भनिरोधक सेवाओं की जिलावार प्रगति पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निदेश दिये गये। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में एनएचएम, डवलपमेंट पार्टनर आईपास एवं विकल्प संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक उपलब्ध करवायी जा रही विभिन्न परिवार नियोजन साधनों यथा तीन महीने के अंतराल पर अंतरा इंजेक्शन, पीपीआईयूसीडी, छाया व अन्य ओरल पिल्स सहित स्थायी साधन महिला व पुरुष नसबंदी की प्रगति एवं उपलब्धियों की जिलावार समीक्षा की गयी। डॉ. यादव ने कहा कि नव दम्पत्तियों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर उन्हें परिवार नियोजन की नई पहल किट तथा परामर्श सेवाएं उपलब्ध करवायी जाये। परिवार कल्याण कार्यक्रम में कार्यरत स्वास्थ्यकार्मिकों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण यथासमय पूरे किये जायें और आउटरीच कैम्प आयोजित कर परिवार नियोजन की निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार नसबंदी व अन्य सेवाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने अंतरा इंजेक्शन की पहली डोज के बाद अन्य सतत डोज आवश्यकरूप से लाभार्थी महिला के लगवाने के लिए फोलोअप करने हेतु गंभीरता बरतने के निर्देश दिये। निदेशक परिवार कल्याण डॉ. मधु रतेश्वर ने बताया कि गर्भधारण अंतराल को रोकने में अंतरा इंजेक्शन महिलाओं में लोकप्रिय साधन है और इस वर्ष नये 1 लाख, 8 हजार 724 लाभार्थियों ने उपयोग किया है। उन्होंने बताया 1 लाख, 39 हजार 825 महिलाओं ने प्रसव पश्चात् आईयूसीडी का एवं 3 लाख, 17 हजार 91 ने आईयूसीडी का लाभ लिया है। उन्होंने बताया कि उपस्वास्थ्य केन्द्रों तक अंतरा, छाया, आईयूसीडी इत्यादि गर्भनिरोधक साधनों की सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करवायी जा रही हैं। डॉ रतेश्वर ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक जिले में अधिकतम आयुष्मान केंद्र तक सुरक्षित गर्भपात सुविधाएँ प्रशिक्षित सेवा प्रदाता के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएँ।

## हरमाड़ा में निजी स्कूल बस में 7 साल की छात्रा को कुचला

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा थाना इलाके में बेनाड रोड पर करणी नगर में 26 साल पुरानी एक निजी स्कूलों की बस में 7 साल की बच्ची को कुचल डाला इस हादसे को लेकर मृतक बच्ची के पिता ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है जानकारी के अनुसार बुधवार को बेनाड रोड पर करणी नगर में निजी स्कूलों की बस से 7 साल की बच्ची सुनीता नीचे उतरी इतने में ही बस के चालक ने जल्दी बाजी में बस को आगे बढ़ा दिया जिसकी वजह से सुनीता बस के टायर के नीचे आ गई जब यह दुखद हादसा हुआ उस समय छात्रा सुनीता का बड़ा भाई राहुल पास में ही खड़ा था वह जोर से चिल्लाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और बस सुनीता को कुचलकर आगे बढ़ चुकी थी हालांकि बाद में बस का चालक बस को मौके पर खड़ी करके फरार हो गया इस घटना के बाद सुनीता की मां पूनम का रो-रो कर बुरा हाल हो गया वह नंबर के पर ही बेहोश हो गई और सुनीता के पिता राजेंद्र वर्मा सुनीता केशव के चिपक कर जोर-जोर से रोने लगे जानकारी के अनुसार सुनीता के पिता राजेंद्र वर्मा सवाई माधोपुर का रहने वाला है और मजदूरी करता है यहां करणी नगर में किराए से रहता था तथा अपने दोनों बच्चों को स्कूल में पढ़ता था लेकिन बुधवार का दिन राजेंद्र वर्मा के लिए दुख का पहाड़ लेकर आया जब उसने अपनी आंखों से अपनी 7 साल की बच्ची को बस के टायर के नीचे कुचलते हुए देखा द्य बड़ी बात यह है कि राजस्थान में सरकारी और निजी स्कूलों में सरकार की ओर से दिवाली की छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है लेकिन इसके बावजूद भी निजी स्कूल खुली हुई है जो यह दिखाती है कि निजी स्कूल सरकारी आदेशों का बिल्कुल भी पालन नहीं कर रही मृतक बालिका सुनीता निजी स्कूलों में ही पड़ती थी और निजी स्कूलों की बस से ही स्कूल आती जाती थी इसलिए सरकारी आदेश के पालना में निजी स्कूल आज बंद होती तो सुनीता की इस तरह से दर्दनाक मौत नहीं होती इसलिए सरकार की छुट्टी के ऐलान के बाद भी जिस तरह से निजी स्कूलों का संचालन हो रहा है यह कहीं ना कहीं निजी स्कूल वालों की दादागिरी को दर्शा रहा है

## *वसुंधरा राजे से मिले प्रभु लाल सैनी, पार्टी हाई कमान तय करेगा प्रत्याशी*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक बुधवार को आयोजित हुई इस बैठक में अंता विधानसभा सीट के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई बाद में प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की ओर से प्रत्याशियों के नाम का एक पैनल दिल्ली भेजा गया है अब दिल्ली में बैठे नेता ही अंता विधानसभा सीट के लिए प्रत्याशी का चयन करेंगे जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ प्रदेश भाजपा के प्रभारी राधा गोविंद अग्रवाल हरियाणा भाजपा के प्रभारी सतीश पूनिया प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी और कोर कमेटी बैठक के अन्य सदस्यों के बीच प्रत्याशी चैन को लेकर चर्चा हुई हालांकि इनमें कुछ सदस्यों ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रत्याशी चयन के संदर्भ में अपने विचार प्रकटकिया जानकारी के अनुसार बुधवार को पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी ने भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से उनके आवास पर मुलाकात की दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक आपस में बातचीत हुई मंगलवार को नंदलाल सुमन ने भी वसुंधरा राजे से करीब 1 घंटे तक बातचीत की थी जिस तरह से माली समाज के दिग्गज भारतीय जनता पार्टी के नेता वसुंधरा राजे से मुलाकात कर रहे हैं उससे ऐसा दिख रहा है कि अंता विधानसभा सीट पर माली समाज के ही किसी बीजेपी के नेता को टिकट मिल सकता है क्योंकि अंता विधानसभा सीट पर सबसे ज्यादा मतदाता माली समाज के ही हैं माली समाज के करीब 45000 मतदाता



है पूर्व में भूपेंद्र सैनी को भी यहां से टिकट मिलने की संभावना बताई गई थी अब जिस तरह से पिछले दो दिनों में माली समाज के नंदलाल सुमन और प्रभु लाल सैनी ने वसुंधरा राजे से मुलाकात की है उसके बाद भारतीय जनता पार्टी केगलियारों में भी चर्चा है कि इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी माली समाज के नेता को ही टिकट देगी अब देखने वाली बात यह है कि इस सीट पर किसको उम्मीदवार बनाया जाता है पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी वर्ष 2013 में इस सीट से विधायक रह चुके हैं और वसुंधरा राज्य सरकार में कृषि मंत्री भी रह चुके हैं वसुंधरा राजे के काफी करीबी बताए गए हैं जिस तरह से बुधवार को प्रभु लाल सैनी ने वसुंधरा राजे से मुलाकात की है उसके बाद अब चर्चा होने लगी है कि हो सकता है प्रभु लाल सैनी भाजपा के उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएं ।

## जैसलमेर बस हादसा: भजनलाल सरकार का तगड़ा एक्शन, दो अधिकारी सस्पेंड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जैसलमेर बस हादसे के बाद भजनलाल सरकार ने तगड़ा एक्शन लिया है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में बस बोर्ड नियमावली के अनुसार बेसन की सदन जांच के निर्देश दिए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ कहा है कि जैसलमेर बस हादसा अत्यंत हृदय विदारक है और ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए सरकार ने परिवहन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हर बस की जांच नियमावली के अनुसार की जाए और किसी भी कमी को तत्काल सुधार जाये मुख्यमंत्री के निर्देश पर चित्तौड़गढ़ के डीटीओ सुरेंद्र सिंह गहलोत और बस निरीक्षण में लगे सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नीलाल को निलंबित कर दिया गया है परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव ओम प्रकाश बुनकर ने बताया कि उक्त बस का पंजीयन जिला परिवहन अधिकारी चित्तौड़ के कार्यालय से 1 अक्टूबर को ही किया गया था प्राथमिक की जांच में बस का पंजीयन फिटनेस बीमा परमिट अवैध था लेकिन बस बॉडी मानक की पालना नहीं हुई थी दोनों कार्मिकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की



जाएगी घटना में शामिल बस की बॉडी जायमान कोच क्राफ्ट जोधपुर ने बनाई थी जोधपुर के प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने बस बॉडी निर्माता के परिसर की जांच शुरू कर दी है जलने वाली बस के मालिक के पास दो अन्य बसें भी हैं और दोनों ही बस बड़ी नियमावली के उल्लंघन के कारण बरामद की गई है जैसलमेर हादसे के बाद बुधवार से प्रदेश में बसों की जांच का अभियान शुरू कर दिया गया है बस बॉडी बिल्डिंग कोड की पालना नहीं करने वाली 11 बसों को जप्त कर लिया गया है 18 बेसन का चालान किया गया है ।

## सहायक सब इंस्पेक्टर को 130000 रुपए की रिश्वत के साथ एसीबी ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक वीरों की टीम ने बुधवार को एक और बड़ी कार्रवाई का अंजाम देते हुए अलवर के कोतवाली थाने में नियुक्त सहायक सब इंस्पेक्टर को 130000 रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है इस मामले में सहायक सब इंस्पेक्टर के दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है । एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम अब गिरफ्तार सहायक सब इंस्पेक्टर कन्हैयालाल और दलाल मजलिस से पूछताछ कर रही है एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद कोतवाली थाने में तैनात अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम अब इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि बरामद की गई रिश्वत की राशि में थाने में देना किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं है इसलिए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम कन्हैयालाल और दलाल मजलिस से गहनता से पूछताछ कर रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार सहायक सब इंस्पेक्टर कन्हैयालाल है कन्हैयालाल ने अपने दलाल मजलिस के माध्यम से परिवादी से रिश्वत की रकम की डिमांड की थी परिवादी के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज था इस मामले की जांच सहायक सब इंस्पेक्टर कन्हैयालाल को दी गई थी कन्हैयालाल के दलाल मजलिस ने परिवार दी से कहा कि उसके खिलाफ दर्ज मामले में एफआर लगा सकती है लेकिन इसके लिए पैसे देने होंगे इसके बाद दलाल मजलिस ने 130000 रुपए की रिश्वत के डिमांड की जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी सहायक सब इंस्पेक्टर कन्यालाल और मजलिस को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत बुधवार को जैसे ही परिवार में सहायक सब इंस्पेक्टर कन्हैयालाल और उसके दलाल मजलिस को 130000 रुपए रिश्वत के दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ कन्हैयालाल और उसके दलाल मजलिस को गिरफ्तार कर लिया ।

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में विशेष कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को भारत रत्न और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले भारत के मिसाइल मैन डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात डॉ. कलाम के आदर्शों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का स्मरण करते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जैसलमेर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में दिवंगतों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर संवेदना व्यक्त की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ए.पी. अब्दुल्ला कुट्टी ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी दलों द्वारा पूरे देश में मोदी सरकार और भाजपा के संबंध में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, जबकि सम्पूर्ण विश्व में यदि अल्पसंख्यक समुदाय सबसे अधिक सुरक्षित है तो वह केवल भारत में ही है। उन्होंने कहा कि गरीबी के वातावरण से निकलकर देश के सर्वोच्च पद पर पहुँचना डॉ. कलाम की महानता का प्रतीक है, जो न केवल अल्पसंख्यक समाज बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है। मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. कलाम ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि शिक्षा, अनुशासन और कर्मनिष्ठा से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। युवाओं को उनके विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए आगे आना चाहिए। उनका सरल और प्रेरक जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद ख़ान मेवाती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का सपना डॉ. कलाम के न्यू इंडिया के विज़न का ही विस्तार है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की दिशा में अग्रसर करना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक एवं अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री जावेद क़ुरैशी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि डॉ. कलाम का जीवन सादगी, ईमानदारी और विज्ञान के प्रति समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। कार्यक्रम में मंच संचालन मोर्चा के प्रदेश मंत्री मुराद अली शेख ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, मोतीलाल मीणा, जयपुर शहर सांसद डॉ. मंजू शर्मा, मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन ख़ान, एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष फिरोज ख़ान, डॉ. मजीद मलिक कमांडो, एम. सादिक ख़ान, हिदायत ख़ान धोलिया, डॉ. तसलीम बानो सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# विचारधारा से हीन होती राजनीति



अ बिहार के राजनीतिक दल इन दिनों सीटों के बंटवारे के साथ ही इसलिए भी खबरों में हैं कि उनके नेता धड़ाधड़ पाला बदल रहे हैं। फिलहाल उनकी गिनती करना इसलिए कठिन है, क्योंकि हर दिन किसी न किसी दल का नेता अपने दल का त्याग कर रहा है। इन दल त्यागी नेताओं में विधायक, पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसदों के अलावा अन्य पदाधिकारी भी हैं। कुछ ने दूसरे दलों का दामन लिया है। कुछ थामने की तैयारी में हैं। पालाबदल के इस दौर में कुछ ऐसे नेता भी हैं, जो इसलिए दलबदल रहे हैं, क्योंकि वे अपने बेटे-बेटियों को चुनाव मैदान में उतारना चाहते हैं। जो नेता अपने-अपने दल का परित्याग कर रहे हैं, वे यह भी कह दे रहे हैं कि उनकी पार्टी अब वैसी नहीं रही। वह अमुक जाति-बिरादरी की विरोधी बन गई है और उसके नेता चाटुकारों से घिर गए हैं। चूंकि कोई भी उनसे नहीं पूछता कि उन्हें यह सब कब याद आया, इसलिए वे बताते भी नहीं। बिहार में मौकपरस्त और दलबदलू नेताओं के साथ कुछ गायक-अभिनेता भी चर्चा में हैं, क्योंकि वे चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इनमें से एक हैं पवन सिंह और दूसरी हैं मैथिली ठाकुर। पिछले दिनों पवन सिंह गृहमंत्री अमित शाह से मिले। भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में बंगाल से चुनावी मैदान में उतारा था। वे आसनसोल से चुनाव लड़ने की तैयारी कर ही रहे थे कि उनके कुछ अश्लील गानों का उल्लेख कर तृणमूल कांग्रेस ने उन पर हल्ला बोल दिया। नतीजा यह हुआ कि भाजपा हिचक गई और खुद पवन सिंह ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। इसी के साथ उनकी भाजपा से निष्ठा उड़नछू हो गई और वे बिहार के कराकाट से निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़े। वे खुद तो चुनाव हारे ही, उन्होंने काराकाट समेत अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की लुटिया डुबोई। विधानसभा चुनाव आते ही उनका भाजपा प्रेम फिर से उमड़ा। उन्होंने जब गृहमंत्री से मुलाकात की तो कहा गया कि उनकी घर वापसी हो गई है। इस पर उनका कहना था कि वे भाजपा से अलग ही कब हुए थे? इसके बाद जब उनकी पत्नी ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया तो खबर आई कि उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वे भाजपा के सच्चे सिपाही हैं। क्या इस पर यकीन किया जा सकता है? लोक गायिका मैथिली ठाकुर को दरभंगा के अलीनगर से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारने की चर्चा है। इसका असर यह हुआ है कि अलीनगर के भाजपा विधायक ने पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी। पवन सिंह या मैथिली ठाकुर जैसे कलाकारों या फिर वर्तमान या निवर्तमान नौकरशाहों के चुनाव लड़ने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन जब वे यकायक चुनाव मैदान में उतर आते हैं, तो जिस भी दल के प्रत्याशी बनते हैं, उसके संभावित प्रत्याशी बन सकने वाले नेताओं की आशाओं पर तुषारापात करते हैं। अक्सर ऐसे नेता या तो विद्रोही हो जाते हैं या फिर भितरघात करते हैं अथवा निष्क्रिय हो जाते हैं। इसके अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं का वह वर्ग हताश होता है, जो नेता बनने और अंततः चुनाव लड़ने के सपने देख रहा होता है। ऐसे कार्यकर्ताओं के सपने तोड़ने का काम सभी दल समान भाव से करते हैं। वे यकायक कहीं से भी किसी को भी चुनाव मैदान में उतारने के अपने फैसले के पक्ष में यह तर्क देते हैं कि जिताऊ उम्मीदवारों पर दांव लगाना पड़ता है। यह तर्क खोखला ही अधिक होता है, क्योंकि अक्सर दलबदलू या फिर नेता पुत्र अथवा राजनीति से इतर क्षेत्र के अचानक प्रत्याशी बने लोग चुनाव हार जाते हैं। यह तर्क दलों के उन कथित आंतरिक सर्वेक्षणों की भी पोल खोलता है, जिसके तहत यह बताने की कोशिश की जाती है कि क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की राय के आधार पर टिकट देने का फैसला किया गया। आखिर मतदाता या फिर कार्यकर्ता ऐसे लोगों को चुनाव मैदान में उतारने के पक्ष में अपनी राय कैसे दे सकते हैं, जिनका उन्होंने संभावित प्रत्याशी के रूप में नाम ही नहीं सुना होता? यह स्थिति इसलिए निर्मित हो रही है, क्योंकि आज की राजनीति में विचारधारा के लिए स्थान न्यून होता जा रहा है और पार्टी निष्ठा का कोई विशेष मूल्य-महत्व नहीं रह गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में दिखा था कि भाजपा या कांग्रेस को पानी पी-पीकर कोसने या फिर उनकी विचारधारा से कोई साम्य न रखने वाले नेता किस तरह उनके प्रत्याशी बन गए थे। विचारधारा अब वह तेल है, जिसमें मनचाहा अचार डाला जा सकता है। इसका दुष्परिणाम केवल यह नहीं है कि राजनीति विचारधाराविहीन होती जा रही है, बल्कि यह भी है कि उसमें नैतिकता और निष्ठा के लिए स्थान कम से कम होता जा रहा है। इसके लिए राजनीतिक दल अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। एक समय भाजपा चाल, चरित्र और चेहरे की बात करती थी और खुद को औरों से अलग बताती थी। अब वह ऐसा नहीं कहती। वैसे भाजपा अब भी कम्युनिस्ट दलों की तरह विचारधारा वाला दल है,

*इसी के साथ उनकी भाजपा से निष्ठा उड़नछू हो गई और वे बिहार के कराकाट से निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़े। वे खुद तो चुनाव हारे ही, उन्होंने काराकाट समेत अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की लुटिया डुबोई। विधानसभा चुनाव आते ही उनका भाजपा प्रेम फिर से उमड़ा। उन्होंने जब गृहमंत्री से मुलाकात की तो कहा गया कि उनकी घर वापसी हो गई है। इस पर उनका कहना था कि वे भाजपा से अलग ही कब हुए थे? इसके बाद जब उनकी पत्नी ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया तो खबर आई कि उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वे भाजपा के सच्चे सिपाही हैं। क्या इस पर यकीन किया जा सकता है? लोक गायिका मैथिली ठाकुर को दरभंगा के अलीनगर से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारने की चर्चा है। इसका असर यह हुआ है कि अलीनगर के भाजपा विधायक ने पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी।*

**सम्पादकीय**

## लंबे युद्ध के बाद शांति की राह पर लौटे इजरायल और हमास



इजराइल और हमास के बीच दो वर्षों से चल रहे युद्ध पर फिलहाल विराम लग गया है। दोनों पक्ष शांति की राह पर लौट आए हैं। अमेरिका की ओर से तैयार की गई समझौता योजना के प्रथम चरण में हमास ने बीस बंधकों को रिहा कर दिया है और बदले में इजराइल ने उन्नीस सौ से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इसके साथ ही अब तक बारूदी आग की तपिश झेल रहे गाजा के नागरिकों ने भी राहत की सांस ली है। भारत और ब्रिटेन सहित कई देशों ने अमेरिका की इस पहल का स्वागत किया है। वैश्विक नेताओं को उम्मीद है कि शांति समझौता अपने अंजाम तक पहुंच जाएगा, लेकिन इस प्रक्रिया में अभी कई अड़चनें साफ नजर आ रही हैं। हमास के निरस्त्रीकरण, गाजा के शासन और फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देने जैसे जटिल मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। ऐसे में इस पूरी कवायद को फिलहाल सिर्फ युद्ध रोकने के अस्थायी उपाय के तौर पर भी देखा जा रहा है। शांति समझौते के अगले चरण कितने सफल रहेंगे, यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि प्रस्ताव में रखी गई अन्य शर्तों पर हमास किस तरह का रुख अपनाता है। क्या हमास गाजा का नियंत्रण किसी बाहरी ताकत के हाथों में सौंपने के लिए राजी होगा? जैसा कि शांति प्रस्ताव में कहा गया है। दूसरी तरफ गाजा से अपनी सेना पूरी तरह हटाने को लेकर इजराइल की ओर से भी अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई हामी नहीं भरी गई है। इस स्थिति में शांति समझौते के सिरे चढ़ने को लेकर अभी निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। हालांकि, वैश्विक नेताओं का मानना है कि समझौते को लागू करने की शुरूआत अच्छी हुई और यह सकारात्मक दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि इस समझौते ने युद्ध को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है और इसने पश्चिम एशिया में स्थायी शांति के द्वार खोल दिए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह समझौता पूरी तरह लागू होगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि भारत इस क्षेत्र में शांति के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करता है। इजराइल की ओर से युद्ध रोकने और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई से गाजा में खुशी का माहौल तो है, लेकिन वहां की स्थिति अब भी दयनीय है। कई इलाके मलबे में तब्दील हो चुके हैं, अर्थव्यवस्था बर्बाद है और पुनर्निर्माण में वर्षों लग सकते हैं। इस युद्ध की शुरूआत सात अक्तूबर, 2023 को हमास के हमले से हुई थी, जिसमें एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे और कई नागरिकों को बंधक बना लिया गया था। इजराइल की जवाबी कार्रवाई में अब तक 67 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। गाजा में आज भी लोग भोजन-पानी से लेकर स्वास्थ्य सहायता तक की बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में युद्ध विराम निश्चित तौर पर वहां के लोगों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। इससे गाजा में बाहरी मदद भेजने का रास्ता भी खुलेगा, जिसकी अभी नितांत जरूरत है।

## अफगान महिलाओं की अनदेखी



दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में 10 अक्टूबर को अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की प्रेस कांफ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखने पर हंगामे का सकारात्मक प्रभाव यह हुआ कि मुत्ताकी ने 12 अक्टूबर को एक और बैठक आयोजित की और उसमें महिला पत्रकारों को भी शामिल किया। इसमें महिला पत्रकार पूरी शान से आगे की पंक्ति में बैठीं। 12 अक्टूबर की बैठक भारतीय महिला पत्रकारों के लिए एक जीत है, लेकिन हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि अफगान महिलाओं और लड़कियों की स्थिति ठीक नहीं है। उनकी स्थिति समस्त इस्लामी जगत से आत्मचिंतन की मांग करती है। विशेष रूप से 2021 के बाद से तालिबान शासन में महिलाओं की दयनीय दशा को देखते हुए। जहां तालिबान शासन में अफगान महिलाओं की स्थिति दयनीय है, वहीं सऊदी अरब (जहां इस्लाम जन्मा) में महिलाओं की स्थिति सुधर रही है। तालिबानी शासन में शरिया कानून के तहत लड़कियों को स्कूली शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन से वंचित रखा गया है। वे पुरुष अभिभावक के बिना घर से बाहर नहीं जा सकतीं। उन पर थोपे गए बुर्के से उनकी स्वतंत्रता सीमित होती है। अफगान विश्वविद्यालयों में महिलाओं द्वारा लिखी गई पुस्तकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही मानवाधिकारों, लैंगिक अधिकारों, संवैधानिक कानूनों आदि पाठ्यक्रमों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह अफगान महिलाओं के लिए वस्तुतः पाषाण युग है। इसके विपरीत सऊदी अरब में महिलाओं ने पिछले कुछ वर्षों में कई सकारात्मक बदलाव देखे हैं। वर्ष 2018 में सऊदी महिलाओं को गाड़ी चलाने की अनुमति दी गई और 2019 में 21 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं पासपोर्ट के लिए आवेदन करने लगीं। उन्हें पुरुष अभिभावक की अनुमति के बिना यात्रा करने की भी आजादी मिली। 2021 से महिलाओं को बिना किसी पुरुष रिश्तेदार के हज करने के लिए मक्का जाने की अनुमति दी गई, बशर्ते वे अन्य महिलाओं के साथ यात्रा कर रही हों। सऊदी पारंपरिक सिद्धांत के अधीन प्रत्येक महिला का एक पुरुष संरक्षक होता था, जो उसकी ओर से निर्णय लेता था। इस तरह वे पिता, पति, भाई, पुत्र आदि के संरक्षण में रहने को विवश थीं, लेकिन 2019 से 21 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और राज्य सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने, नौकरी करने या गर्भावस्था और जन्म के बारे में चिकित्सा निर्णय लेने के लिए अभिभावकों की मंजूरी की आवश्यकता नहीं रह गई। इसके बाद भी उन्हें विवाह, तलाक या आश्रयस्थलों को छोड़ने के लिए अभिभावक की सहमति अब भी चाहिए। यदि पुरुष अभिभावक अन्याय करते हैं तो महिलाएं अभिभावकत्व के हस्तांतरण की मांग कर सकती हैं। सऊदी अरब में विवाह के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। हालांकि कुछ परिस्थितियों में अदालतें कम उम्र की लड़की से विवाह की अनुमति दे सकती हैं। पति मौखिक रूप से अपनी पत्नी को तलाक नहीं दे सकते। गौर करें कि भारत में ऐसा करने देने की अनुमति जारी रखने की मांग की जा रही थी और तीन तलाक पर रोक के बाद भी मौखिक तलाक के मामले आते रहते हैं। सऊदी अरब में 15-24 वर्ष की आयु की सऊदी महिलाओं की साक्षरता दर 1992 में 57 प्रतिशत की तुलना में 2017 में 100 प्रतिशत के करीब थी। सऊदी विश्वविद्यालयों में नामांकित छात्रों में आधे से अधिक छात्राएं हैं। सऊदी महिलाएं प्रशासन से लेकर शिक्षा, अनुसंधान तक सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल कर रही हैं। यह सही है कि वहां लिंग भेद मौजूद है, लेकिन कुछ विश्वविद्यालय सह-शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। 2018 में सऊदी श्रम बल में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 15 प्रतिशत थी, लेकिन 2024 तक सक्रिय सरकारी नीतियों, बढ़ती शैक्षिक उपलब्धियों और महिला श्रमिकों की बढ़ती मांग के कारण यह 34.5 प्रतिशत हो गई है।

## आह ताज!

**यहां अब विदेशी सैलानियों की वैसी हलचल नहीं, जैसी अतीत में रहती रही है। यह बात अभी हाल ही में पर्यटन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी सामने आई है। जिसके मुताबिक देश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में इतनी बढ़ोतरी हुई कि उपेक्षित हो रहे पर्यटन की हौसलाआफजाई हुई है। लेकिन ताजमहल का दीदार करने आने वालों की संख्या में 8.4 फीसद की कमी दर्ज की गई है। क्या यह सोचने की बात नहीं कि मुहब्बत की इस नूरानी निशानी को देखने को तरसने वालों ने इससे मुंह क्यों मोड़ा? यहां आने वालों को यहां की बदइंतजामी का सहज ही अंदाजा हो जाता है।**




स त्रहवीं शताब्दी में निर्मित वास्तुशिल्प के इस हैरतअंगेज शाहकार को लेकर कवियों-शायरों की कलम ने खुल कर अपना इजहारे-खयाल किया। लेकिन लगता है कि अपराध और मुनाफाखोरी के इस दौर में ताज को देखने के ख्वाहिशमंदों ने साहिर लुधियानवी के ताजमहल के प्रति जज्बात को कुछ ज्यादा ही संजीदगी से ले लिया। यह दीगर है कि ताजमहल से मुंह मोड़ने के कारण अलग हैं। साहिर ने बेपनाह मुहब्बत के इस नमूने को अपनी मुफलिसी का मजाक समझा और अपनी प्रेयसी से इसरार किया कि वह उसे शानो-शौकत और शाही दंभ की इस मिसाल से परे कहीं दूर मिले, लेकिन ताज पर पिछले वर्ष दाखिल पदचापों की कमी के कारण को अगर जानने की कोशिश की जाए तो जाहिर है कि उसका बायस साहिर की शायराना सोच से इतर है।

शहर में दाखिल होते ही इस बात का साफ इशारा मिला कि बाहुबल के लिए मशहूर उत्तर प्रदेश की सरकार को शायद ही अपनी अप्रतिम विरासत का कोई खास अहसास है। चमकते नीले रंग के होर्डिंग्स को अगर छोड़ दें तो आगरा की हद में दाखिल होते ही शहर अव्यवस्था व कमजोर आंतरिक ढांचे की लगभग दुहाई देता महसूस होता है। यह बदकिस्मती नहीं तो क्या है कि पंद्रहवीं शताब्दी से लेकर मुगल सल्तनत के एक अहमतरीन वक्फे तक देश की राजधानी रहे इस शहर पर अब प्रशासनिक नजरअंदाजी का काला साया है। जिन लोगों ने पिछले दो दशक तक अलग-अलग समय पर ताजमहल को देखा है, उनको यहां पर विदेशी पर्यटकों की कमी सहज ही खलती है। यहां अब विदेशी सैलानियों की वैसी हलचल नहीं, जैसी अतीत में रहती रही है। यह बात अभी हाल ही में पर्यटन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी सामने आई है। जिसके मुताबिक देश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में इतनी बढ़ोतरी हुई कि उपेक्षित हो रहे पर्यटन की हौसलाआफजाई हुई है। लेकिन ताजमहल का दीदार करने आने वालों की संख्या में 8.4 फीसद की कमी दर्ज की गई है। क्या यह सोचने की बात नहीं कि मुहब्बत की इस नूरानी निशानी को देखने को तरसने वालों ने इससे मुंह क्यों मोड़ा? यहां आने वालों को यहां की बदइंतजामी का सहज ही अंदाजा हो जाता है। ताज की सुरक्षा में लगे जवानों से लेकर यहां खुद पैदा हुए गाइडों की बेरुखी भी ताज के दीदार में बाधक बनती है। हालांकि उस गाइड की बेरुखी तब गायब हो जाती है जब आप मुहब्बत की इस निशानी को देखने के लिए उसे अपना मार्गदर्शक बनाते हैं। बाकी आपको तिरस्कार से ही देखते हैं। ताज की सुरक्षा की जरूरत से किसी को इनकार नहीं, लेकिन उसके कारण अदब से नाता तोड़ना कोई समझदारी की बात नहीं। खासतौर पर तब जबकि ऐसे ही कारणों से पर्यटक अतीत की इस नूरानी निशानी से दूर हो रहे हैं। ताज को नजरों के जरिए अपनी रूह में बसा लेने वाले विदेशी पर्यटकों में यह कमी कोई अचानक नहीं आई है। सर्वेक्षण की मानें तो यह कमी पिछले तीन-चार सालों में बढ़ती चली जा रही है। लिहाजा इस पर अफसोस से अलग और क्या हो सकता है कि केंद्र या राज्य सरकार किसी को भी इस बात की चिंता नहीं कि इस पर रोक लगाई जाए। ताज के आसपास मुनाफाखोरों पर भी सरकार का कोई अंकुश नहीं और न ही इसे व्यवस्थित करने की कोई कोशिश। आगरा में अपराधी भी बेरोकटोक हैं। पिछले साल ताज के पर्यटन केंद्र पर विदेशियों की ओर से छह और कुल डेढ़ दर्जन एफआइआर दर्ज की गई। यहां होने वाली छोटी-मोटी चोरियों व ठगी का तो शायद ही कोई हिसाब हो। यही वजह है कि लोग अब यहां का रुख करने से कतराने लगे हैं। इतने सालों से सरकार यहां वाहनों की पार्किंग के लिए भी कोई व्यावहारिक ढांचा खड़ा नहीं कर पाई। यही वजह है कि यहां की सड़कों पर अराजकता का आलम है। देश-विदेश में ऐसे आकर्षणों पर पर्यटन का विस्तार इश्तहारों से ज्यादा मुंहजबानी प्रचार पर चलता है। बदइंतजामी के कारण अब ताज का बार-बार दीदार करने की तमन्ना का लोग खुद ही गला घोंटने लगे हैं। इस पर शायद ही कोई दूसरा बयान हो कि देश को विदेश में मकबूलियत दिलाने में ताजमहल का अपना बड़ा योगदान है, लेकिन किसी ने भी इसके समुचित रख-रखाव पर जोर नहीं दिया। 'हमारे यहां भी बाकी देश की तरह है। चुनाव के समय में यहां सुविधाओं का वादा किया जाता है, लेकिन खत्म होते ही उसे भुला दिया जाता है' - यह कहना था स्थानीय नागरिक आरिफ का।



# आ रही है ऋतिक रोशन की नई वेब सीरीज, सबा आजाद भी आएंगी नजर




बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन के फैंस के लिए खुशखबरी है। एक ओर जहां वह कृष 4 में डायरेक्शन की कमान संभालने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं जल्द ही ओटीटी पर भी डेब्यू करने वाले हैं। हालांकि, उनकी यह पारी एक्टर के तौर पर नहीं होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने एक नई ओरिजिनल ड्रामा सीरीज स्टॉर्म की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के साथ ऋतिक रोशन और उनकी कंपनी फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस का हिस्सा ने हाथ मिलाया है। हालांकि, सीरीज का नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इसे तत्काल स्टॉर्म नाम दिया गया है। ऋतिक रोशन और ईशान रोशन इस सीरीज को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

ऋतिक रोशन बोले- सीरीज की कहानी दिलचस्प और सच्चाई से भरी

बतौर प्रोड्यूसर, अपनी ओटीटी पारी के लिए ऋतिक रोशन ने कहा, 'स्टॉर्म, ने मुझे ओटीटी की दुनिया में बतौर प्रोड्यूसर अपनी शुरुआत करने का एक शानदार मौका दिया। जिस चीज ने मुझे इस सीरीज की तरफ खींचा, वह है अजीतपाल द्वारा बनाई गई दिलचस्प और सच्चाई से भरी दुनिया है। कहानी गहरी, दमदार और यादगार किरदारों से भरी हुई है। मैं इसको लेकर बहुत एक्साइटेड हूं।

## दमदार महिला किरदारों की कहानी होगी स्टॉर्म

प्राइम वीडियो के वाइस प्रेसिडेंट, गौरव गांधी कहते हैं, प्राइम वीडियो में हमारा मकसद हमेशा अच्छे कलाकारों और क्रिएटिव लोगों को मौका देना है, चाहे वो कैमरे के आगे हों या पीछे। हम ऐसी कहानियां लाना चाहते हैं जो दुनिया भर के लोगों को पसंद आएं। ऋतिक रोशन भारतीय फिल्मों के सबसे टैलेंटेड स्टार्स में से एक हैं। उन्होंने आगे कहा, 'स्टॉर्म, सिर्फ एक सीरीज नहीं है, बल्कि एक नए और रोमांचक सफर की शुरुआत है, जिससे आगे और भी बेहतरीन प्रोजेक्ट्स आएंगे। यह दमदार महिला किरदारों की दिलचस्प कहानी है। हमें यकीन है कि दुनियाभर के दर्शकों को यह पसंद आएगी।



# मेल एक्टर्स को लेकर कभी हेडलाइन नहीं बनी

## अपनी लड़ाई चुपचाप लड़ती हूं

**दीपिका पादुकोण जब से संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुईं इंडस्ट्री में आठ घंटे की शिफ्ट टाइमिंग को लेकर अलग बहस छिड़ गई। कथित तौर पर दीपिका ने काम के घंटों में असहमति के चलते ही फिल्म छोड़ी थी। इंडस्ट्री में तमाम लोग दीपिका के सपोर्ट में आए, तो कुछ ने विपरीत टिप्पणी की। अब पहली बार खुद दीपिका पादुकोण ने इस मसले पर चुप्पी तोड़ी है।**

### यह मेरा तरीका नहीं

दीपिका पादुकोण ने हाल ही में बातचीत में इंडस्ट्री में जोर-शोर से चल रही इस बहस पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा, मैंने ये कई लेवल्स पर किया है, मेरे लिए ये नई बात नहीं है। मुझे लगता है कि पेमेंट जैसी चीजों के मामले में भी मुझे जो कुछ भी मिला, उससे निपटना पड़ा। मुझे नहीं पता इसे क्या कहूं, लेकिन मैं हमेशा अपनी लड़ाई चुपचाप लड़ती हूं और किसी अजीब वजह से कभी-कभी ये सार्वजनिक हो जाती हैं। यह मेरा तरीका नहीं है। न ही मैं ऐसे पली-बढ़ी हूं। लेकिन हां, अपने लिए बोलना और अपनी लड़ाई चुपचाप व गरिमा के साथ करना ही मेरा तरीका है।

दीपिका पादुकोण ने पुरुष कलाकारों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, एक महिला होने के नाते अगर यह दबावपूर्ण या कुछ और लगता है, तो ऐसा ही हो। मगर, इसमें कोई सीक्रेट नहीं कि कई सुपरस्टार्स, मेल सुपरस्टार्स इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में आठ घंटे काम करते आए हैं। वर्षों से वे ऐसा कर रहे हैं। इसकी कभी हेडलाइन नहीं बनी हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं नाम नहीं लेना चाहती, जिससे कि यह बड़ा मुद्दा बने। मगर, यह बात सब जानते हैं कि कई मेल एक्टर्स दिन में आठ घंटे काम करते हैं। कुछ सोमवार से शुक्रवार तक आठ घंटे काम करते हैं और वीकएंड में काम नहीं करते हैं।

### दीपिका के फाउंडेशन को हुए 10 वर्ष

दीपिका पादुकोण वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के मौके पर मध्य प्रदेश गई थीं। वहां उन्होंने अपने फाउंडेशन लिव लव लाफ के 10 साल पूरे होने को सेलिब्रेट किया। एक्ट्रेस का यह फाउंडेशन देशभर में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा रहा है। दीपिका के वर्क फंट की बात करें तो दीपिका शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी।

### स्पिरिट और कल्कि 2898 एडी से बाहर हुई दीपिका

दीपिका पादुकोण ने फिल्म स्पिरिट और कल्कि 2898 एडी में आठ घंटे की शिफ्ट टाइमिंग में काम करने की शर्त रखी थी। बिटिया के जन्म के बाद उन्होंने मेकर्स के सामने यह मांग रखी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया और दीपिका ने दोनों फिल्में छोड़ दीं।

अब हालिया इंटरव्यू में दीपिका ने विस्तार से इस पर बात की है। उन्होंने वर्किंग टाइमिंग को लेकर नए सिरे से छिड़ी बहस पर रिएक्शन दिया। उन्होंने बहुत सलीके से कहा कि वे अपनी लड़ाइयां खुद लड़ती हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा इंडस्ट्री में हो रही उन बातों का भी जिक्र किया, जहां बराबरी, इंसाफ और सम्मान की चर्चा होती है।



# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी की सफाई

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बेस्ट डील टीवी से 4 करोड़ रुपए लिए, लेकिन यह रकम किसी निवेश या कारोबारी सौदे की नहीं थी, बल्कि उनकी सेलिब्रिटी फीस थी। शिल्पा शेट्टी ने जांचकर्ताओं से कहा कि मैं बेस्ट डील टीवी की डायरेक्टर जरूर थी, लेकिन जिन 4 करोड़ रुपए की बात हो रही है, वो मैंने कंपनी के प्रचार और विज्ञापन के लिए बतौर सेलिब्रिटी लिए थे। मैंने उस प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन अभियान में हिस्सा लिया था, जिसके एवज में मुझे भुगतान किया गया। शिल्पा शेट्टी ने कंपनी से जनवरी 2016 में अपने डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जिस कंपनी में वे डायरेक्टर थीं, उसी से पैसे लेने का मामला अब जांच के दायरे में है। यह सही है या गलत, यह अभी सब्जेक्ट टू इंटरप्रिटेशन है। अधिकारी ने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में एक और अहम जानकारी सामने आई है। शुरुआती चरण में इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी इक्विटी होल्डर रह चुके हैं। हालांकि, अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अक्षय कुमार का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं पाया गया है। अक्षय कुमार ने कभी भी कंपनी की किसी बोर्ड मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया और न ही वे कंपनी के रोजमर्रा के कार्यों से जुड़े थे।

बता दें कि शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा है कि दंपति ने मिलकर उनका पैसा व्यवसाय में विस्तार करने के लिए कर्ज के तौर पर लिया था, लेकिन टैक्स को लेकर दोनों ने इसे निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। कोठारी ने शिकायत में यह भी कहा कि शिल्पा ने उनसे वादा किया था कि वह ब्याज की रकम भी टाइम पर लौटाएंगी, लेकिन पैसे वापस करने के समय शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। एक्ट्रेस ने व्यवसाय में विस्तार के नाम पर पैसे लिए, लेकिन अपने निजी चीजों में खर्च कर दिए।



# चंडीगढ़ के व्यवसायी से शादी करेंगी तृषा कृष्णन!

तृषा कृष्णन उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। अफवाहें उड़ रही थीं कि वो अभिनेता थलापति विजय के साथ रिश्ते में हैं। हालांकि अब एक खबर लोगों को हैरान कर रही हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि वो एक व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। चंडीगढ़ के व्यवसायी से करने वाली हैं शादी!

रिपोर्ट के अनुसार, तृषा कृष्णन के माता-पिता चंडीगढ़ के एक व्यवसायी के साथ उनकी नई शादी के लिए राजी हो गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस खबर से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है और कहा जा रहा है कि दोनों परिवार कथित तौर पर कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने शादी के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने ईमानदारी से कहा कि अगर उन्हें सही व्यक्ति मिले तो वह शादी करने को तैयार हैं। हालांकि उन्हें लगता है कि अभी सही समय नहीं आया है। जहां तक उनके माता-पिता की बात है, तो उन्होंने अभी तक चुप्पी साध रखी है, उन्होंने अभी तक न तो इन अफवाहों की पुष्टि की है और न ही खंडन किया है।

### तृषा कृष्णन का वर्कफंट

तृषा कृष्णन जल्द ही फिल्म 'विश्वंभरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'विश्वंभरा' की कहानी रहस्य, रोमांच से भरी है। तृषा और चिरंजीवी के अलावा फिल्म में आशिका रंगनाथ और कुणाल कपूर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। इस फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक एमएम कीरवानी ने तैयार किया है।

# फिर मोहब्बत और परिवार के बीच फंसेंगे अजय देवगन, फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की रिलीज डेट आई सामने



अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' जल्द ही रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी एक एज गैप वाले कपल की लव स्टोरी है। इस बार भी अजय देवगन और रकुल प्रीत लीड रोल में होंगे। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' से जुड़ी अपडेट शेयर की है। फिल्म कब रिलीज होगी, यह फैंस को बताया है। फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की रिलीज डेट 14 नवंबर 2025 है। फिल्म का एक मोशन पोस्टर भी शेयर किया गया है।



# तुनिषा के जाने के बाद अब प्यार से डर लगता है

**छोटे पर्दे पर पिछले 12-13 साल से एक्टिव रहे शीजान खान की जिंदगी में उस वक्त तूफान आ गया था, जब उन्हें तीन साल पहले को-स्टार तुनिषा शर्मा के सुसाइड केस में जेल जाना पड़ा। हालांकि, जेल से बाइज्जत बरी होने के बाद शीजान ने अपनी दूसरी पारी शुरू की। जेल में 70 दिन बिताने के बाद जब शीजान वापस घर लौटे, तो यकीनन उनकी जिंदगी अब आसान नहीं थी। खास बातचीत में शीजान ने अपने करियर और निजी जिंदगी, दोनों पर खुलकर बात की है।**

वह कहते हैं कि आज भी उन्हें कई बार नींद नहीं आती। तुनिषा के जाने के बाद दिल और दिमाग पर ऐसा असर पड़ा है कि अब प्यार से डर लगता है। शीजान अब टीवी पर गुम है किसी के प्यार में के बाद नए शो गंगा माई की बेटियां में सिद्धू के किरदार में चर्चा बटोर रहे हैं।

अपने नए शो के बारे में वह कहते है, हमारे इस शो में जेंडर डिस्क्रिमिनेशन का मुद्दा उठाया गया है। ये मैंने अपने आस-पास भी देखा है कि कैसे बेटे की चाहत में औरत पर लगातार बच्चे पैदा करने का दबाव डाला जाता है। ये कोई नहीं सोचता कि उस मां का क्या हाल होता होगा? बेटे के चक्कर में जो पूरी फौज इकट्ठा कर दी जाती है, यह सोच मुझे बहुत अखरती है।

बेटियां पराया धन होती हैं, इस बात से चिढ़ है शीजान को समाज में लड़की और लड़के के बीच किए जाने वाले भेदभाव पर कड़ा ऐतराज है। वह कहते हैं, मुझे सबसे ज्यादा बुरा तब लगता है, जब बेटियों को कहा जाता है, ये तो पराया धन हैं। मैंने खुद अपनी बहनों को कहा है कि ये तुम्हारा घर है। कल को शादी होने के बाद तुम्हें अपने घर में किसी भी तरह की कोई दिक्कत लगे, तो सीधे घर आ जाना। ये घर उसका ही है। मैं खुद महिलाओं के बीच पला-बढ़ा हूं। मेरी परवरिश मेरी मां और बहनों ने की है, तो मेरा फेमिनिन साइड मेरे मैस्कुलिन साइड से ज्यादा स्ट्रॉन्ग है। मैं अपने उस पहलू पर गर्व करता हूं। मेरा यही पक्ष मुझसे दूसरों से अलग भी बनाता है कि कम से कम मैं दूसरों का साइड समझने की कोशिश करता हूं।

### जेल में रहने के दौरान मां और बहन बनीं सबसे बड़ा सहारा

अली बाबा- दास्तान-ए-काबुल से लोकप्रिय हुए शीजान खान, इसी शो में अपनी को-स्टार तुनिषा शर्मा के सुसाइड, और जेल जाने के उस दौर को याद करते हुए कहते हैं, मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर तो वही था। मैं सोचता था कि खुद को संभालू कैसे? क्योंकि तूफान तो गुजर गया और बर्बाद करके गया, मगर उसके बाद का समय बहुत चैलेंजिंग था। मेरी सच्चाई और मेरा जज्बात खुदा जानता है और बहुत जल्द ये दुनिया भी जान जाएगी। उस मुश्किल समय में मेरा खुदा, मेरी मां और बहनें ही मेरा सबसे बड़ा सहारा थीं। ये ही लोग मेरे लिए लड़ीं और मेरे साथ खड़ी रहीं। आज जब मैं दोबारा अपने पैरों पर खड़े होकर अपने करियर को रिवाइव कर पाया, तो सबसे ज्यादा गर्व इन्हीं लोगों को हुआ है।

### मेरी मां की दुआ काम आई

अपनी दूसरी पारी के बारे में शीजान कहते हैं, हमारी इंडस्ट्री बहुत छोटी-सी है। मैं यहां 12-13 साल से काम कर रहा हूं, तो लोग मुझे बहुत अच्छे से जानते हैं। उनको मुझ पर भरोसा था, मेरे घर वालों को मुझ पर भरोसा था। मैं भी जानता था कि मैं टूट चुका हूं, मगर बिखरूंगा नहीं। मेरी मां की दुआ थी, जो मुझे जेल से आने के बाद दूसरा मौका मिला। लोगों को तो वो भी नहीं मिलता। मुझे जो भी काम मिला है, मैं करता चला गया।

### कई बार नींद नहीं आती...

तुनिषा शर्मा की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बाद क्या शीजान को प्यार -मोहब्बत जैसी बातों से विरक्ति हुई है? इस पर वह कहते हैं, देखिए प्यार से डर लगता है अब। कभी -कभी नींद नहीं आती। मगर जिंदगी में आगे बढ़ना पड़ता है। मुझे म्यूजिक पसंद है। गजलें और शायरी में बहुत रुचि है। क़तील शिफ़ाई, अहमद फ़राज़, राहत इंदौरी साहब, बशीर बद्र, गुलजार जैसे तमाम शायरों को पढ़ता-सुनता हूं।

# सचिव रेखा यादव ने उप जिला चिकित्सालय बाड़ी में स्थित पालना गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरे के संबंध में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने उप जिला चिकित्सालय बाड़ी में स्थित पालना गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला चिकित्सालय बाड़ी में एक पालना गृह संचालित मिला। हॉस्पीटल इंचार्ज ने बताया कि पालना गृह में 1 जनवरी 2024 से आज दिनांक तक एक भी बच्चा नहीं छोड़ा गया था। निरीक्षण के दौरान पालना गृह में कोई भी बालक उपस्थित नहीं मिला एवं पालना गृह लेबर रूम के पास ही उपस्थित था, पालना गृह में घंटी खराब पाई गई, पालना गृह में सीसीटीवी कैमरे नहीं पाए गए, पालना गृह का स्थान गोपनीय था एवं पालना गृह में रोशनी की भी व्यवस्था नहीं थी एवं पालना गृह में सफाई भी उचित पाई गई। इस दौरान सचिव द्वारा पालना गृह में उपस्थित घंटी को दुरुस्त करने के निर्देश प्रदान किए।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

# 250 किलो घी एवं 1250 किलो बूरा जब्त किया, 8 खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** दीपावली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने बुधवार को कार्यवाही करते हुए प्रेम डेयरी जाखी से घी, क्रीम व मिश्रित दूध का नमूना लिया। साथ ही 100 किलोग्राम घी जब्त किया। इसके पश्चात गब्बर डेयरी नगलादानी से घी का नमूना लेकर वहां भी 150 किलोग्राम घी जब्त किया। इसी क्रम में सैपऊ में चित्रकूट मिष्ठान भण्डार से बेसन के लड्डू तथा रसगुल्ले का नमूना तथा सिंघल फूड प्रोडेक्टस मनिया से ईलायची दाना तथा बूरे का नमूना लेकर 1250 किलोग्राम बूरे को जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में अग्रिम कार्यवाही हेतु रखवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले भर में विभाग द्वारा मुस्तैदी के साथ मिलावटखोरों के विरुद्ध अभियान दीपावली तक लगातार संचालित किया जाएगा।


# 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 16 अक्टूबर गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में ग्रामीण सेवा शिविर एवं शहरी सेवा शिविर का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने एवं समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था की जा रही है। इसी व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ।

# सांभर उपखंड अधिकारी ने किया उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



**सांभर लेक(निस.)।** सांभर उपखंड अधिकारी ऋषि राज कपिल ने उप जिला कलेक्टर के आदेशों के अनुपालन में हाल ही में जयपुर में हुए आगजनी हादसे के मद्देनज़र राजकीय उप जिला अस्पताल सांभर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने अस्पताल में फायर सेफ्टी सिस्टम, ओपीडी, दवाई वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, उपस्थिति रजिस्टर तथा साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की। समग्र व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, हालांकि उन्होंने अस्पताल प्रशासन को और बेहतर प्रबंधन व सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश वर्मा भी उपस्थित रहे।

# नकली खाद के खिलाफ बसेड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 260 डीएपी बैग जब्त

### असली खाद को दूसरे बैगों में भरकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा था।

**बसेड़ी (निस.)**पुलिस ने नकली खाद के कारोबार का खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक गोदाम से 260 डीएपी खाद के बैग जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि असली खाद को दूसरे ब्रांड के बैगों में भरकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा था। जानकारी के अनुसार, बसेड़ी कस्बे के बयाना मोड़ के पास स्थित एक गोदाम में एसएसपी दानेदार खाद की एक ट्रॉली रात के समय उतारी गई थी। इस दौरान खाद के बैगों की अदला-बदली की जा रही थी। सूचना मिलते ही थानाप्रभारी बृजेश मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर गोदाम की तलाशी ली। मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक भी पहुंचे और




खाद के नमूने लिए। गोदाम से एसएसपी दानेदार और आईपीएल ब्रांड के खाली एवं भरे हुए बैग, एक बैग सिलाई मशीन और करीब 100 डीएपी खाद के बैग बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि एसएसपी दानेदार खाद (जिसकी कीमत लगभग 500 प्रति बैग है) को आईपीएल डीएपी के बैगों में भरकर 1350 प्रति बैग की दर से बेचा जा रहा था। बरामद सभी खाद बैगों को कृषि विभाग की निगरानी में बसेड़ी पुलिस थाने में रखवा दिया गया है। पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त टीम अब इस मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। कार्यवाही के दौरान संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जिला परिषद धौलपुर सरदारमल यादव, सहायक निदेशक कृषि मुख्यालय प्रभु दयाल शर्मा, सहायक निदेशक कृषि विस्तार बबलू कुमार त्यागी, कृषि अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, सहायक कृषि अधिकारी रोहित सिंह परमार एवं कृषि विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

थानाप्रभारी बृजेश मीणा ने बताया कि सूचना के आधार पर की गई यह कार्रवाई महत्वपूर्ण है। कृषि उत्पादों में इस तरह की मिलावट किसानों के हितों से जुड़ा गंभीर मामला है। मामले की जांच जारी है, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 16, 17 एवं 18 अक्टूबर को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर (निस.)**राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार ग्रामीणों की समस्याओं का निदान गांव में ही हो, इस बात को लेकर सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर 2025 प्रारम्भ किये गये हैं। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले के विभिन्न उपखण्ड क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर रहकर आमजन की समस्याओं का निदान करेंगे। जिला कलक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीण सेवा शिविर को गंभीरतापूर्वक लेकर अधिकतम समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन किया जाये। इन ग्राम पंचायतों में होगा ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत बसईयालालू एवं नैनोखर के नव सृजित पंचायत भवन में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत बरपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में, रूंधेरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत बनौरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, बोरैली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत मानपुर एवं बरा के अटल सेवा केन्द्र में, 17 अक्टूबर को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत तगावली एवं जाटौली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत अलीगढ़ एवं निधारा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत रतनपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत अनन्दापुरा के अटल सेवा केन्द्र में, मरैना के उप तहसील कार्यालय में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत परौआ एवं चितौरा के अटल सेवा केन्द्र में तथा 18 अक्टूबर को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत भैसेना के अटल सेवा केन्द्र में, लुहारी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नव निर्मित भवन में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत नगला विधौरा एवं गढ़ी सुक्खा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत कनासिल एवं उमरारा के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कर उन्हें सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध करा रही है। यहां होगा शहरी सेवा शिविरों का आयोजन शहरी सेवा शिविर-2025 के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जा रहा है। शहरी सेवा शिविर के अन्तर्गत नगर परिषद धौलपुर में 16 अक्टूबर को वार्ड संख्या 56, 57, 58 का एवं 17 अक्टूबर को वार्ड संख्या 59, 60 का गोविन्द वाटिका धौलपुर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# थला में फैक्ट्री का केमिकल पानी सड़क पर: पशु पी रहे, दूध उत्पादन घट रहा; इंसानों को भी खतरा

जयपुर टाईम्स

**सागानेर(निस.)।** डिग्गी रोड़ स्थित ग्राम पंचायत थला में संचालित जयपुर ब्लॉक प्रिंट कंपनी द्वारा केमिकल युक्त पानी सड़क किनारे छोड़ा जा रहा है। रंगाई-छपाई में इस्तेमाल होने वाला यह दूषित पानी अब पशुओं और इंसानों दोनों के लिए खतरा बन गया है। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में कपड़ों की रंगाई-छपाई के दौरान भारी मात्रा में रासायनिक पानी निकलता है। फैक्ट्री प्रबंधन इस पानी को बिना किसी शोधन के सीधे सड़क किनारे एकत्रित कर देता है। निराश्रित और पालतू पशु इस दूषित पानी को पी रहे हैं।



### केमिकल के पानी से कई रोग हो रहे

एक वरिष्ठ पशु चिकित्सक ने बताया कि ऐसे केमिकल युक्त पानी के सेवन से पशुओं में त्वचा रोग, आंतों में संक्रमण और दुग्ध उत्पादन क्षमता में गिरावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने यह भी चेताया कि पानी से उठने वाली दुर्गंध और गैसें इंसानों के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हो सकती हैं। क्षेत्र के गाय, भैंस और बकरी पालकों ने बताया कि उनके जानवर यह पानी पीने के बाद बीमार पड़ रहे हैं। उनका दुग्ध उत्पादन पहले की तुलना में आधा रह गया है, जिससे यह दूध पीने वालों के स्वास्थ्य पर भी असर डाल रहा है। वहीं, फैक्ट्री में कार्यरत रामावतार छीपा का कहना है कि इस पानी से किसी को कोई बीमारी नहीं होती। उनके अनुसार, यह सामान्य पानी है और इसमें कुछ भी जहरीला नहीं है। पंचायत समिति सदस्य नेमीचंद जाट ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि यह समस्या यूं ही बनी रही, तो जल्द ही यह पानी पूरे इलाके के लिए एक बड़ी मुसीबत बन सकता है।

# फर्जी स्कैनर लगा रहे युवक को दुकानदारों ने पकड़ा

जयपुर टाईम्स

**खादूश्यामजी(निस.)** कस्बे की धार्मिक नगरी में दिन प्रतिदिन क्राइम बढ़ता ही जा रहा है और क्राइम करने का तरीका भी बढ़ता जा रहा है जिसके तहत स्थानीय पुलिस ने फर्जी पेटीएम कंपनी के स्कैनर व पेटीएम साउंड लगाकर लोगों की जेब काटने का कार्य कर रहा था।थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने बताया कि अजय पूरी पुत्र राम प्रकाश पुरी गोस्वामी निवासी धामना तहसील करैरा जिला शिवपुरी एमपी द्वारा बाबा श्याम की नगरी में संचालित दुकानों पर फर्जी तरीके से पीटीएम स्कैनर लगा रहा था जिसे लोगों को लाखों रुपए की चंपत लगा रहा था पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 से 60 पेटीएम साउंड बैग मिले उन्हें जप्त कर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।



# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन बाड़ी रोड़ धौलपुर से निकलने वाले 11 केवी आनन्द नगर, भोगीराम कॉलोनी, हॉस्पीटल, पुरानी छावनी राजेन्द्र नगर फीडर पर मरम्मत व रखरखाव का कार्य होने के कारण 16 अक्टूबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता एचटीएम जयपुर डिस्कॉम धौलपुर ने बताया कि 11 केवी फीडर के हाऊसिंग बोर्ड, पुलिस लाइन, न्यू आदर्श नगर कॉलोनी, मनोहर विहार, मधुवन कॉलोनी, जगदम्बा कॉलोनी, आनन्द नगर, राम कुंज, अयोध्या कुंज, हॉस्पीटल, पुरानी छावनी, राजेन्द्र नगर, घण्टाघर रोड़, गौरव पथ, जगदीश टॉकीज तथा पचगांव की 16 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# मासिक सेक्टर बैठक में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर दिया प्रशिक्षण



जयपुर टाईम्स

**चाकसू-(निस.)** महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से होने वाली द्वितीय त्रैमासिक मासिक सेक्टर बैठक चाकसू परियोजना के शिवदासपुरा सेक्टर में अटल सेवा केंद्र पर की आयोजित गई। इस सेक्टर बैठक में यूनिसेफ की सहयोगी संस्था प्रारंभ फाउंडेशन से रेखा दोराता ने सभी कार्यकर्ताओं को सेक्टर हैंडबुक के माध्यम भाषा विकास के महत्व उसके उद्देश्य एवं कौशलों के बारे में विस्तार से बताया तथा भाषा विकास से संबंधित शिक्षण सहायक सामग्री जैसे मुखोटे चित्र चार्ट आदि से किस प्रकार से बच्चों से बात कर सकते हैं एवं कहानी सुना सकते हैं इसके बारे में जानकारी दी तथा आगामी थीम यातायात के साधनों के बारे में बताया महिला पर्यवेक्षक ममता सागर में सभी कार्यकर्ताओं को मौखिक अभिव्यक्ति के विकास से संबंधित गतिविधियों एवं प्रारंभिक लेखन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी एवं कार्यकर्ताओं को रेलगाड़ी आई बालगीत करवाया पोषण माह में किए गए कार्यों के बारे में चर्चा की एवं पोषण ट्रैक्टर को नियमित रूप से भरने के संदर्भ में जानकारी दी इस अवसर पर प्रारंभ फाउंडेशन से पिंकी मीणा एवं सेक्टर की सभी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# भारती पीजी कॉलेज के विद्यार्थी गौरव योगी ने ग्रेपलिंग रेसलिंग में जीता



### रजत व काश्य पदक

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस.)।** कस्बे के भारती पीजी कॉलेज के विद्यार्थी गौरव कुमार योगी पुत्र विक्रम कुमार योगी ने जोबनेर में आयोजित ग्रेपलिंग रेसलिंग में रजत वकाश्य पदक जीतकर महाविद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है जिसको लेकर संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष के लहर है गौरव योगी ने इसका श्रेय कोच रविकांत दायमा को दिया और बताया कि इस सफलता के पीछे रविकांत दायमा का बड़ा सहयोग है कहां की गुरु के निर्देशन में रहकर मैंने यह सफलता हासिल की है। गौरतलब है कि 12 अक्टूबर को जोबनेर में जेएससी स्पोर्ट्स एकेडमी में राज्य स्तरीय खेल कर नेशनल में चयन हुआ है इसके बाद संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष की लहर है वही महाविद्यालय में स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत डॉ किशन लाल गुरुजी के मुख्य अतिथि बतौर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान अध्यक्षता कर रहे कमल यादव ने बताया कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है छात्र गौरव योगी ने नेशनल में भाग लेने पर महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। इस दौरान महाविद्यालय उप प्राचार्य मुकेश कुमार यादव, जितेंद्र कुम्हार, रवि शंकर सैनी, सोमवीर मीणा,दिनेश सिंह ,वसीम खान, हनीफ खान, सरोज यादव,मनीष यादव ,राहुल जाट ,अंकित योगी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने स्वागत सम्मान कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# उपखंड अधिकारी ने किया उप जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**चाकसू (निस.)**चाकसू कस्बे में उपजिला अस्पताल का बुधवार को उपखंड अधिकारी निधि मीणा ने उपजिला कलेक्टर के आदेशों के अनुपालन में लगातार हो रहे आगजनी हादसे को देखते हुए राजकीय उपजिला अस्पताल चाकसू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने अस्पताल में फायर सेफ्टी सिस्टम, ओपीडी, दवाई वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, उपस्थिति रजिस्टर तथा साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल बीसीएमओ, पीएमओ सहित कर्मचारियों व अस्पताल प्रशासन को और बेहतर प्रबंधन व सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। वहीं उपजिला अस्पताल के बाहर वाहन पार्किंग को लेकर बड़ी समस्या सामने आई, जिससे उपखंड अधिकारी ने वाहन पार्किंग की समस्या को लेकर दिशा निर्देश दिए। साथ ही बताया की पार्किंग की व्यवस्था का जल्दी ही समाधान कर दिया जाएगा।

## 16 व 17 अक्टूबर को यहां लगाए जाएंगे शहरी सेवा शिविर

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)**। शहरी क्षेत्र में लग रहे शहरी सेवा शिविर के तहत 16 अक्टूबर को नगर परिषद खैरथल के फॉलोअप शिविर हेतु सभागार नगर परिषद खैरथल में तथा नगर परिषद भिवाड़ी के वार्ड नंबर 55, 56, 57 हेतु कार्यालय नगर परिषद भिवाड़ी में तथा नगर परिषद तिजारा के वार्ड नंबर 1 से 25 हेतु फॉलोअप शिविर सभागार नगर परिषद तिजारा में, नगर पालिका मुंडावर के वार्ड 22, 23 हेतु कार्यालय नगर पालिका मुंडावर में, नगर पालिका किशनगढ़ बास के वार्ड नंबर 1 से 25 हेतु फॉलो अप शिविर नगर पालिका किशनगढ़ बास में तथा नगर पालिका टपूकड़ा के वार्ड नंबर 15 से 20 हेतु फॉलो अप शिविर कार्यालय नगर पालिका टपूकड़ा में तथा इसी प्रकार 17 अक्टूबर को नगर परिषद खैरथल के फॉलोअप शिविर हेतु सभागार नगर परिषद खैरथल में तथा नगर परिषद भिवाड़ी के वार्ड नंबर 58, 59, 60 हेतु कार्यालय नगर परिषद भिवाड़ी में तथा नगर परिषद तिजारा के वार्ड नंबर 1 से 25 हेतु फॉलो अप शिविर सभागार नगर परिषद तिजारा में, नगर पालिका मुंडावर के वार्ड 24,25 हेतु कार्यालय नगर पालिका मुंडावर में, नगर पालिका किशनगढ़ बास के वार्ड नंबर 1 से 25 हेतु फॉलो अप शिविर नगर पालिका किशनगढ़ बास में तथा नगर पालिका टपूकड़ा के वार्ड नंबर 1 से 20 हेतु फॉलो अप शिविर कार्यालय नगर पालिका टपूकड़ा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में लग रहे ग्रामीण सेवा शिविर के तहत 16 अक्टूबर को उपखंड किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत नूरनगर, इस्माईलपुर, उपखंड कोटकासिम की ग्राम पंचायत नांगल सालिया, जौनाल तथा उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत चांदपुर, हटुण्डी में तथा इसी प्रकार 17 अक्टूबर को उपखंड किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत राताखुर्द, जिलोता तथा उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत मैनपुर, खानपुर अहीर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## सखी सहेली ग्रुप ने करवाचौथ एवं दीपावली मिलन समारोह उत्साह व धूमधाम से मनाया



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। सखी सहेली ग्रुप की ओर से करवा चौथ एवं दीपावली उत्सव का आयोजन होटल ओरनेट में किया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने इसको भव्य एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न खेल, प्रतियोगिताएं, डांस, एक्ट (दिपावली से संबंधित) आयोजित किये गये। प्रमिला गुप्ता सभी महिलाओ द्वारा सोलह श्रृंगार कर उत्सव को धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमिला गुप्ता एवं पूनम ने किया। सभी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस उत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने सनातन धर्म को परंपरागत तरीके से एवं विधि विधान से मनाना जहां इसे गणेश पूजन कर मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरू सैनी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में रजनी सैनी एवं दीपा खण्डेलवाल द्वारा सभी महिलाओं का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बिना वेतन के दीपावली मनाने को मजबूर व्यावसायिक प्रशिक्षक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** ज़िले के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षक इस बार दीपावली का त्योहार मायूस होकर मनाने को मजबूर हैं। 6 से 7 महीनों से वेतन न मिलने के कारण इन प्रशिक्षकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत विद्यालयों में नियुक्त प्रशिक्षकों को पिछले



कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। वेतन न मिलने के कारण प्रशिक्षकों के परिवारों की स्थिति दयनीय होती जा रही है। प्रशिक्षकों का कहना है कि उन्होंने कई बार जिला शिक्षा अधिकारियों और संबंधित विभाग को एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार के समय भी वे अपने परिवार की जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। एक प्रशिक्षक ने बताया कि "सरकार हमसे छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा देने की उम्मीद रखती है, लेकिन हमारे खुद के परिवार की आर्थिक स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।" सरकारी स्कूलों में कार्यरत ये व्यावसायिक प्रशिक्षक लगातार शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने में योगदान दे रहे हैं फिर भी समय पर वेतन न मिलना उनके लिए आर्थिक संकट का कारण बना हुआ है। प्रशिक्षकों का कहना है कि सरकार "डबल इंजन" की बात तो करती है परंतु जमीनी हकीकत यह है कि व्यावसायिक प्रशिक्षक को जॉब सिक्योरिटी नहीं ना कोई मेडिकल मातृ अवकाश कुछ नहीं सबसे बड़ी समस्या वेतन के अभाव में त्योहार मनाना भी मुश्किल हो गया है। प्रशिक्षकों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द बकाया वेतन जारी करने की मांग की है ताकि वे भी आम नागरिकों की तरह दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मना सकें।



### सूचना

मैं कि श्रीमती सोनाली दत्त शर्मा पत्नी श्री उपेन्द्र दत्त शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी लीला निवास, जी0टी0 रोड़ धौलपुर तहसील धौलपुर जिला धौलपुर (राज.) की हूँ। यह है कि मेरी एक जायदाद खसरा न0 197, 200, 201, 207 एस पी निवास के पास जी0टी0 रोड़ धौलपुर तहसील धौलपुर जिला धौलपुर में स्थित है। जिसका कुल एरिया 9197.75 वर्गगज/82779.75 वर्गफुट है। यह है कि उक्त जायदाद मुझको मेरे पति उपेन्द्र दत्त शर्मा पुत्र श्री स्व0 श्री उमा दत्त शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी लीला निवास जी0टी0 रोड़ धौलपुर से जरिए रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 14.10.2025 प्राप्त हुई है। जो कि सब रजिस्ट्रार धौलपुर के यहां बुक नम्बर-1, जिल्द संख्या - 315, पेज नम्बर - 4, अतिरिक्त बुक संख्या-1, जिल्द संख्या-1259, पेज संख्या - 421 से 435, क्रम संख्या - 202503194105972, दिनांकित 14.10.2025 पर पंजीकृत है। उक्त जायदाद की मैं ही स्वयं एकमात्र मालिक व काबिज हूं। चूंकि अब मैं उक्त जायदाद पर ए यू स्माल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर रही हूँ । अगर उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर निम्न पते पर सूचित करें ।

**एडवोकेट - सुधांश कुमार शर्मा,**
**मकान नम्बर - सी - 65, सुभाष नगर, भरतपुर (राज.)**
**मो.नं.:- 9414681622**

### नाम संशोधन सूचना

मेरे पासपोर्ट संख्या W8160457 में मेरा नाम खेम चंद (KHEM CHAND) दर्ज है जो गलत है। जबकि मेरा वास्तविक पूरा नाम खेम चंद सैनी ( KHEM CHAND SAINI) जो सही है। मेरी पासपोर्ट में पूरा नाम खेम चंद सैनी (KHEM CHAND SAINI) दर्ज करें।

**खेम चंद सैनी पुत्र लिछमण राम**
**जाति सैनी, निवासी आदर्श नगर, वार्ड नंबर 37, चूरू (राजस्थान)**


# राजस्थान आवासन मंडल ने पीडब्ल्यूडी से विवादित भूमि का कुछ लोगों को आवंटन कर दिया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** में राजस्थान आवासन मंडल ने पीडब्ल्यूडी से विवादित भूमि का कुछ लोगों को आवंटन कर दिया। इस विवादित भूमि पर खड़े 90 से अधिक हरे पेड़ों को काटने के लिए आवासन मंडल ने गलत तथ्य दिखाकर तहसीलदार से अनुमति प्राप्त की। इसके बाद बुधवार को जेसीबी की मदद से सभी फलदार पेड़ काट दिए गए, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बाड़ी रोड पर महिला थाने के सामने स्थित भूमि पीडब्ल्यूडी और आवासन मंडल के बीच कोर्ट में विवादित है। आरोप है कि आवासन मंडल ने कुछ भूमाफियाओं और नेताओं को



लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस भूमि का आवंटन किया। भवन निर्माण के लिए आवासन मंडल ने पीडब्ल्यूडी से अनुमति मांगी। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने सेंट्रल लाइन से 40 मीटर भूमि छोड़कर आवासन मंडल को निर्माण करने के लिए कहा। इसके बावजूद आवासन मंडल ने तथ्यों को छुपा कर तहसीलदार से पेड़ काटने के लिए परमिशन ले ली। लोगों ने बताया कि मुख्य सड़क की सेंटर लाइन से 40 मीटर दूर भूमि का आवंटन किया जाना चाहिए था, लेकिन आवासन मंडल ने केवल 17.5 मीटर जगह छोड़कर प्लॉट आवंटित किए। इन आवंटित भूखंडों के लिए सरकारी भूमि पर खड़े 90 से अधिक हरे-भरे और फलदार पेड़ों को काटने की अनुमति तहसीलदार से ली गई। मामले को लेकर तहसीलदार दिनेश जोशी ने पुष्टि की कि आवासन मंडल ने उनसे पत्र लिखकर पेड़ काटने की अनुमति प्राप्त की थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है। स्थानीय निवासी रामनरेश शास्त्री ने बताया कि उन्होंने सड़क किनारे इन 90 से अधिक पेड़ों को वर्षों तक पाला-पोसा था। आवासन मंडल ने गलत तरीके से अनुमति लेकर इन पेड़ों को काट दिया। नियमों को ताक पर रख किया जा रहा है आवंटन दरअसल जिस सड़क किनारे आवासन मंडल ने कुछ लोगों को जमीन का आवंटन किया हैं। उस जगह पर सेंट्रल लाइन से 40 मीटर छोड़कर आवंटन किया जाना था जबकि आवासन मंडल पीडब्ल्यूडी की सड़क को अपना बताकर आवंटन कर रहा हैं।

## वन विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही करते हुए 1 एलएण्डटी मशीन व 1 ट्रक किया जप्त



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)**। वन विभाग द्वारा अवैध खनन तथा वन अपराधों के विरुद्ध की जाने वाली कठोर कार्यवाही की श्रंखला में 14 व 15 अक्टूबर की रात लगभग 2 बजे उप वन संरक्षक धौलपुर वी चेतन कुमार के निर्देशन में गठित टीम तथा रेंज सरमथुरा स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से सरमथुरा के वनखण्ड रीझोनी क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी नकेल कसने के दृष्टिगत 1 एलएण्डटी मशीन मय ट्रोला को अवैध खनन करते हुए तथा लकड़ी से भरा हुआ 1 ट्रक मौके पर जप्त किया जाकर विभागीय कार्यवाही की गई। उपवन संरक्षक द्वारा कार्यवाही के दौरान समुचित मॉनिटरिंग, दिशा-निर्देश देते हुए, जिला पुलिस अधीक्षक, से समन्वय स्थापित कर, समुचित पुलिस इमदाद भी मौके पर भिजवाई, जिससे कार्यवाही निर्विघ्न सम्पन्न हुई। कार्यवाही अवैध खनन के विरूद्ध वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे संघन अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत 1 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक अवैध खनन व वन अपराध के विरुद्ध की गई कार्यवाही के तहत 3 ट्रक, 1 एल एंड टी मशीन, 1 ट्रोला, 1 हाइड्रा तथा 10 ट्रैक्टर जप्त किए गए हैं। उप वन संरक्षक ने बताया कि अवैध खनन तथा वन अपराधों की प्रभावी रोकथाम की दिशा में इस तरह की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी और भविष्य में आधुनिक तकनीक ड्रोन एवं पीटीजेड कैमेरों का इस्तेमाल अवैध खनन की रोकथाम के लिए किया जाएगा। गठित टीम में सहायक वन संरक्षक चेतराम, रेंजर अरुण सोनी, चौथमल, देवेन्द्र सिंह, सहायक वनपाल अरुण गुर्जर, नीलेन्द्र सिंह, वनरक्षक मुरारी आदि मौजूद रहे।

## धौलपुर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की साइबर अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही

### साइबर ठगी गिरोह के सक्रिय सदस्य शेरसिंह और दिव्यम को किया गिरफ्तार

### अभियुक्तों के खातों में पाया गया लाखों रूपये की साइबर ठगी का रिकार्ड




**जयपुर(कासं.)** राजस्थान पुलिस मुख्यालय जयपुर राजस्थान के द्वारा साइबर अपराध की रीढ़ की हड्डी म्यूल खाताधारकों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द्र विश्नोई व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार मनोज शर्मा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर के निकटतम सुपरविजन में वृत्ताधिकारी व प्रभारी थानाधिकारी मुनेश मीणा आरपीएस के नेतृत्व में साइबर थाना धौलपुर टीम द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को कार्यवाही करते हुए थाना साइबर क्राइम धौलपुर के प्रकरण संख्या 20/2025 में फरार अभियुक्त शेर शसिंह उर्फ शेरा एवं दिव्यम कुमार को गिरफ्तार किया। घटना विवरण- राजस्थान पुलिस मुख्यालय जयपुर राजस्थान एवं महानिरीक्षक कार्यालय से प्राप्त म्यूल खाताधारकों की प्राप्त सूची के अवलोकन पर एक बैंक खाता 26460200002112 में पुलिस थाना UPPILIYAPURAM जिला TIRUCHIRAPALLI तमिलनाडु से 05 लाख रू की शिकायत होना पाया गया। वर्णित बैंक खाता संख्या 26460200002112 को समन्वय पोर्टल पर चैक किया गया। तो उपरोक्त बैंक खाते में शिकायत संख्या 31910250187849 पालघर महाराष्ट्र से शिकायत संख्या 30210250015662 पुलिस थाना KAKINADA II TOWN जिला KAKINADA आन्ध्रप्रदेश से एवं पुलिस थाना कोतवाली विदिशा जिला विदिशा मध्यप्रदेश से शिकायत संख्या 22110250032656 होना पाया गया। उपरोक्त शिकायतों में वर्णित बैंक खाते में कुल 7 लाख 15 हजार रूपये की फ्रांड राशि आना पाया गया। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बैंक खाते की केवाईसी प्राप्त की गई।

## अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त जिले के 128 आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत के लिए 3 करोड़ 20 लाख रूपए स्वीकृत सड़को एवं पुलियाओ की मरम्मत के लिए 3 करोड़ 9 लाख 61 हजार रूपए स्वीकृत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त 128 आंगनबाड़ी केन्द्रों की तात्कालिक अस्थाई मरम्मत एवं पुर्नस्थापना हेतु राज्य आपदा मोचन निधि से 2 लाख 50 हजार रूपए प्रत्येक के हिसाब से कुल 3 करोड़ 20 लाख रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति एवं क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुलियाओं की तात्कालिक अस्थाई मरम्मत एवं पुर्नस्थापना हेतु कुल 2 करोड़ 9 लाख 61 हजार रूपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला कलक्टर एवं पदेन अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्रीनिधि बीटी ने बताया कि ब्लॉक धौलपुर के 14 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए कुल 35 लाख रूपये, ब्लॉक बाड़ी के 49 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार रूपये, ब्लॉक सरमथुरा के 53 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 1 करोड़ 32 लाख 50 हजार रूपये एवं ब्लॉक सैपऊ के 12 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 30 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सड़कों एवं पुलियाओं की मरम्मत के लिए ब्लॉक धौलपुर के 31 कार्यो के 45 लाख 51 हजार रूपये, सानिवि खण्ड धौलपुर के ब्लॉक सैपऊ के 7 कार्यो के 9 लाख रूपये, ब्लॉक बाड़ी के 29 कार्यो के 30 लाख 42 हजार रूपये, सानिवि खण्ड बाड़ी के ब्लॉक सैपऊ के 45 कार्यो के 58 लाख 11 हजार रूपये, सानिवि खण्ड बसेड़ी के ब्लॉक बाड़ी के 4 कार्यो के 8 लाख 58 हजार रूपये, खण्ड बसेड़ी के ब्लॉक सरमथुरा के 17 कार्यो के 24 लाख 62 हजार रूपये, खण्ड राजाखेड़ा के ब्लॉक धौलपुर के 10 कार्यो के 8 लाख 7 हजार रूपये, खण्ड राजाखेड़ा के ब्लॉक राजाखेड़ा के 31 कार्यो के 18 लाख 60 हजार रूपये स्वीकृति जारी की गई है।



## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, नरायना जिला, जयपुर (राज.)

टेलीफोनः- 01425.294021ई-मेल- npnarayanajpr@gmail.com, npnarayanajpr99@rajasthan.gov.in

क्रमांक/न.पा.न./2025-26/1102 दिनांकः- 14-10-25

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदकों नें ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर कृषि भूमि नियमन / 69 ए आवासीय हेतु निवेदन किया है जिनमें नियमानुसार कार्यवाही की जानी है । अतः इन मकानों पर कृषि भूमि नियमन योजना पट्टा / 69 ए आवासीय पट्टा जारी किये जाने, नियमन किये जाने हेतु यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें । समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामनिवास पुत्र अर्जुन निवासी- मालियों का मोहल्ला, नरायना | गोपी जी माली का कच्चा मकान | आम रास्ता | कालू जी खटीक की भूमि | आम रास्ता | 137.11 वर्गगज | आवासीय 69 अ |
| 2 | श्री रमेश कुमार पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी पारीक मोहल्ला, नरायना | आम रास्ता | रमेश जी पारीक का मकान | आम रास्ता | गोपीकिश न जी का मकान | 156.47 वर्गगज | आवासीय 69 अ |
| 3 | श्री मिसरूदीन खीलची पुत्र गफ्फुर खां निवासी - बरबरा की ढाणी, नरायना | छितर खिलची का मकान | 20 फीट रास्ता स्वयं का | हुसैन खिलची का मकानन | हुसैन खिलची का बाडा | 166.25 वर्गगज | आवासीय 69 अ |
| 4 | श्रीमती आचुकी देवी पत्नि बुद्धिप्रकाश निवासी - कटला बाजार, नरायना | श्री हरिदास जी मालु का गोदाम | हेमराज जी मंत्री की दुकान व गोदाम | आम रास्ता कटला बाजार | बुद्धिप्रकाश अग्रवाल का मकान | 61.33 वर्गगज | वाणिज्य 69 अ |
| 5 | श्री सोभाग बाना पुत्र जीवन बाना निवासी - श्रीरामपुरा | दूदू रोड | लक्ष्मी रामलाल का मकान | रामेश्वर लाल गुर्जर की दुकान | श्री निरमल कुमावत की दुकान | 10.27 वर्गगज | वाणिज्य 69 अ |
| 6 | श्री मदन लाल गुर्जर पुत्र मोहन लाल गुर्जर निवासी- निलवों की ढाणी, नरायना | आम रास्ता व चौक | रत्न जी गुर्जर का मकान | धन जी गुर्जर का मकान | आम रास्ता | 208.25 वर्गगज | आवासीय 69 अ |
| 7 | श्री हरि किशन मोदी, राकेश कुमार मोदी पुत्र सोहनलाल मोदी निवासी मोदी मोहल्ला, नरायना | यासीन गौड की दुकान | आम रास्ता | हरी किशन जी सैन का प्लाट | सार्वजनिक आजाद चौक | 30 वर्गगज | वाणिज्य 69 अ |
| 8 | श्री हरि किशन मोदी, राकेश कुमार मोदी पुत्र सोहनलाल मोदी निवासी मोदी मोहल्ला, नरायना | भैरू जी राजकुमार मीणा का मकान | आम रास्ता | स्वयं का मकान | विमला जी जैन का मकान | 111.25 वर्गगज | आवासीय 69 अ |
| 9 | श्री हरि किशन मोदी, राकेश कुमार मोदी पुत्र सोहनलाल मोदी निवासी मोदी मोहल्ला, नरायना | आम रास्ता | सिरोली रास्ता | विमला जी जैन का मकान | आम रास्ता | 97.94 वर्गगज | आवासीय 69 अ |
| 10 | श्रीमती सुरेखा जैन पत्नि अशोक कुमार जैन निवासी- परवालों का मोहल्ला, नरायना | आम रास्ता | शिव कुमार जी का मकान | विनोद जी जैन का मकान | रेखा देवी जैन का मकान | 343.21 वर्गगज | आवासीय 69 अ |
| 11 | श्रीमती सुरेखा जैन पत्नि अशोक जैन निवासी- परवालों का कुमार मोहल्ला, नरायना | सत्यनारायण जी का नोहरा | आम रास्ता | विनोद जी जैन की दुकान | सुरजकरण जी गुर्जर की दुकान | 19.01 वर्गगज | वाणिज्य 69 अ |
| 12 | श्री राकेश सांखला, रवि सांखला पुत्र राजकुमार निवासी पटेलो का मोहल्ला, नरायना | सरकारी पडत जमीन | आम रास्ता | ग्यारसीलाल धोबी का मकान | आम रास्ता | 76.00 वर्गगज | आवासीय 69 अ |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल नरायना**

# अंता में दिग्गज कांग्रेसियों का जमघट, सभी बड़े नेता एक मंच पर

## प्रमोद जैन भाया की नामांकन रैली में शामिल हुए कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेता







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अंता विधानसभा सीट पर आगामी 11 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया ने बुधवार को फिर से अपना नामांकन निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया हालांकि 13 अक्टूबर को प्रमोद जैन भाया ने अपना नामांकन प्रस्तुत कर दिया था लेकिन 13 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी के साथ ही नामांकन प्रस्तुत करने के लिए आए थे मुहूर्त की वजह से उनका 13 अक्टूबर को फॉर्म भरना जरूरी था इसलिए बुधवार को उन्होंने पूरे दमखम के साथ फिर से निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन प्रस्तुत किया है बुधवार को नामांकन भरने के दौरान उन्होंने एक बड़ी सभा का भी आयोजन किया इस सभा में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा कांग्रेस



पार्टी के वरिष्ठ नेता भंवर जितेंद्र सिंह प्रहलाद गुंजल जैसे कई बड़े नेता प्रमोद जैन भैया की नामांकन रैली में शामिल हुए जानकार लोगों का कहना है कि प्रमोद जैन भाया की नामांकन रैली में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई है उससे साफ जाहिर होता है कि इस सीट पर कांग्रेस पार्टी अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए पुरी जान से जुटी हुई है हालांकि प्रमोद जैन भाया इस सीट से तीन बार विधायक रह चुके हैं 2003 में उन्होंने इस सीट से निर्दलीय चुनाव जीता था इसके बाद 2008 और 2018 में कांग्रेस पार्टी की टिकट पर उन्होंने जीत हासिल की थी हालांकि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा से प्रमोदजैन भाया करीब 5000 मतों के अंतर से चुनाव हार गए थे लेकिन अब उपचुनाव में जिस तरह से पार्टी के सभी बड़े नेता बुधवार को एक मंच पर नजर आए उससे यह तो जाहिर हुआ है कि प्रमोद जैन भाया की अपनी खुद की एक अलग छवि है जिसकी वजह से तमाम बड़े नेताओं ने बुधवार को उनके नामांकन रैली में अपनी उपस्थिति दिखाई इस नामांकन रैली में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं ने प्रदेश की भजनलाल सरकार पर जोरदार निशाना साधा और कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है राजस्थान में सिर्फ पर्ची की सरकार है दिल्ली से पर्ची में जो लिखा हुआ आता है वही काम राजस्थान में होता है कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि पिछले कांग्रेस पार्टी की अधिकांश जन कल्याणकारी योजनाओं को या तो भजनलाल सरकार ने बंद कर दिया है या फिर उन योजनाओं को कमजोर कर दिया है जिसकी वजह से प्रदेश के लोगों को कुछ भी फायदा नहीं हो रहा कांग्रेस के नेताओं ने आरोप लगाया कि जिस तरह से दिल्ली में संसद में विपक्ष के नेताओं को बोलते नहीं दिया जाता और विपक्ष के नेताओं के संसद में माइक बंद कर दिए जाते हैं ठीक वैसे ही राजस्थान में भी विपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं दिया जाता कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में भारतीय जनता पार्टी ने अराजकता का माहौल बनाया हुआ है केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है संविधान को समाप्त किया जा रहा है और लोकतंत्र की हत्या की जा रही है कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान में 7 लाख करोड़ रुपए के समझौते के धरातल पर आने की बात कह रहे हैं जबकि राजस्थान का बजट 380000 करोड रुपए का है अब अगर 7 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं तो फिर जनता को विकास कार्य नजर क्यों नहीं आ रहे कांग्रेस के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सिर्फ गलत और झूठ आंकड़े प्रस्तुत करके जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि पिछले 22 महीना में राजस्थान में बिना पैसा दिए लिए कोई काम नहीं हो रहा कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा कि अंता विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया ने इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी है चाहे सामाजिक कार्य हो या धार्मिक कार्य हो किसी भी जाति और बिरादरी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं यही इनकी खासियत है प्रमोद जैन भायाअंता विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे हाडोती आंचल में प्रमोद जैन भाया काफी लोकप्रिय हैं पिछले विधानसभा चुनाव में अगर आपने प्रमोद जैन भैया को चुनाव जीता दिया होता तो आज यह दिन देखने को नहीं मिलता कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि आपने ऐसे नेता को वोट दिया जो कोर्ट के आदेश पर अभी जेल में है इसलिए इस बार आपको काफी सोच समझकर वोट देना है जो आपके बीच में हमेशा रहते हैं और आपकी सुनते हैं ऐसे आपके लोकप्रिय उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया को वोट करना है ।

# प्रदेश के किसानों के दिल और दिमाग में छा गए हैं सीएम भजनलाल शर्मा

## दिवाली से पहले किसान सम्मन निधि की राशि मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** ।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आजकल प्रदेश के किसानों में काफी चर्चा का विषय बने हुए हैं प्रदेश का हर किसान मुख्यमंत्री शर्मा की तारीफ करते नजर आ रहा है वजह यह है की दिवाली 20 अक्टूबर की है और भजनलाल शर्मा 18 अक्टूबर को ही किसान सम्मन निधि की राशि किसान के बैंक खाते में भेज रहे हैं इसलिए इस बार किसान दिवाली पर्व को ठीक तरह से एंजॉय कर पाएंगे क्योंकि बरसात के सीजन में प्रदेश के अधिकांश जिलों में किसानों की फसल खराब हो गई थी जिसकी वजह से किसानों को काफी नुकसान भी हुआ हालांकि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने किसानों के नुकसान की भरपाई करने की भी पूरी कोशिश की और हर तरह से किसान की मदद के लिए सरकार ने हाथ बढ़ाए लेकिन अब 18 अक्टूबर को भरतपुर जिले के नदबई में कृषि उपज मंडी में एक बड़े समारोह में प्रदेश के 75 लाख किसानों को मुख्यमंत्री



भजनलाल शर्मा दिवाली का एक बहुत बड़ा गिफ्ट दे रहे हैं और यह गिफ्ट किसान सम्मन निधि की पहली किस्त का है यह खबर सुनकर प्रदेश के प्रत्येक किसान के चेहरे पर मुस्कान छा गई है यह राशि किसानों कि उस पीड़ा को दूर करने में काफी मददगार होगी जब खेतों में जल भराव से फसल को नष्ट देखकर किसान की आंखों में आंसू आ गए थे 18 अक्टूबर को नदबई में आयोजित होने वाली इस सभा में बड़ी संख्या में किसानों को भी बुलाया जा रहा है मुख्यमंत्री इसी सभा में किसानों को सम्मान निधि की राशि की सौगात देंगे प्रदेश के करीब 75 लाख किसान इस राशि से लाभान्वित होंगे वैसे तो शासन की बागडोर हाथ में लेने के पहले दिन से ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के किसान युवा मजदूर और महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह से अलर्ट मोडपर नजर आए हैं जिसमें किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने और प्रदेश की खेती के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भजनलाल सरकार ने कई तरह की सुविधा किसानों को उपलब्धि भी करवाई है सहकारिता के माध्यम से किसानों को खाद बीज दवाई इत्यादि उपलब्ध करवाने के अलावा किसानों को ऋण देने देने के लिए भी सरकार ने अपने पूरे हाथ खोले हैं इसके अलावा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले इसके लिए भी सरकार ने अपनी स्तर पर हर तरह से प्रयास किए हैं इसके लिए भजनलाल सरकार ने केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए प्रदेश के किसानों को केंद्र से ज्यादा से ज्यादा मदद दिलाने और ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयास किया जिसमें सफलता भी मिली है इसके अलावा किसानों को पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था के लिए भी सरकार ने अपनी कटिबद्धता दिखाई है पानी के क्षेत्र में भजनलाल सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं जिनके परिणाम बहुत जल्दी ही देखने को मिलेंगे जब प्रदेश में किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी नहीं रहेगी जिसकी वजह से खेतों में अच्छी फसल हो सकेगी इसके अलावा किसानों को समय पर बिजली मिले इस कार्य में भी भजनलाल सरकार ने बिजली विभाग के सभी बड़े अधिकारियों को विशेष हिदायत दी हुई है बिजली के क्षेत्र में अब किसानों को भी पूरा अवसर दिया जा रहा है किसानों को खेती के अलावा बिजली उत्पादन में भी प्रेरित किया जा रहा है ताकि किसान खेती के अलावा बिजली उत्पादक भी बने जिसकी वजह से उसकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा और जब वह अपने हाथों से सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन करेगा तो वह अपनी बिजली को अपने खेत में दिन में भी उपयोग कर सकेगा उसे फिर कड़ाके की ठंड में रात में खेत में खड़ा नहीं होना पड़ेगा इसलिए भजनलाल सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए किसानों को बिजली उत्पादन के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रेरित कर रही है जिसमें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किसानों को अवसर दिया जा रहा है इसके अच्छे परिणाम भी सामने आए हैं पश्चिमी राजस्थान में हजारों किसान ऐसे हैं जो अपने हाथों से सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन कर रहे हैं जिसकी वजह से उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है और वह अपने खेतों में अपने हाथ से उत्पादित की गई बिजली का दिन में उपयोग कर लेते हैं कुल मिलाकर पिछले 22 महीना में भजनलाल सरकार ने प्रदेश के किसानों और खेती के विकास के लिए जो कार्य किए हैं उन कार्यों को देखते हुए प्रदेश के किस मुख्यमंत्री के तौर पर भजनलाल शर्मा को काफी पसंद करने लगे हैं ।

# जयपुर में "शुद्ध आहार - मिलावट पर वार" अभियान के तहत 2 हजार 727 किलो मिलावटी मिल्क केक और मावा मिठाई की गई नष्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित "शुद्ध आहार - मिलावट पर वार" अभियान के तहत जयपुर जिले में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 हजार 727 किलो मिलावटी मिल्क केक और मावा मिठाई जब्त कर नष्ट कराई। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। टीम ने गुजरो की ढाणी, मोरीजा रोड, चोमू स्थित एक कारखाने में छापा मारकर भारी मात्रा में मिलावटी मिठाई पकड़ी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि कार्रवाई के दौरान पाया गया कि कारखाने में मिल्क केक और मावा मिठाई को दूध या मावे की जगह रिफाइंड सोयाबीन तेल, सूजी और ग्लूकोज के अमानक एवं कृत्रिम पदार्थों से तैयार किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त फर्म के पास खाद्य सुरक्षा लाइसेंस भी नहीं था, जो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन है। वहीं, खाद्य सुरक्षा टीम ने चीथवाड़ी मोड़ स्थित श्री श्याम मावा पनीर प्रतिष्ठान पर भी निरीक्षण किया। यहाँ से दूध के टैंकर से दूध के नमूने तथा दूध से तैयार मावा के नमूने विधिवत रूप से एकत्र किए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि दीपावली पर्व पर दूध व मिठाई की खपत में वृद्धि के चलते मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए प्रशासन ने पहले से ही व्यापक अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मिलावट करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, नरेश कुमार चेजारा, नरेंद्र शर्मा और पवन कुमार गुप्ता सक्रिय रूप से शामिल रहे। टीम ने मौके पर ही मावा एवं मिठाई के भंडारण स्थान को सील कर उत्पादों को सुरक्षित रूप से नष्ट कराया।




# जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया राजकीय अस्पतालों का निरीक्षण - डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में बुधवार को जिले के विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, तहसीलदारों ने अपने क्षेत्र के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों तथा नायब तहसीलदारों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अग्निशमन प्रबंधन, दवाओं एवं संसाधनों की उपलब्धता, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने स्वयं राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को



आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल, डिप्टी सीएमएचओ (हेल्थ) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल तथा डिप्टी कंट्रोलर राजाराम उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने प्रवेश द्वार, आपातकालीन ईकाई, कॉरिडोर सहित 29 स्थानों पर स्थापित अग्निशमन यंत्रों का निरीक्षण किया और पानी के प्रेशर व कार्यक्षमता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी आकस्मिक आगजनी की स्थिति में निपटने हेतु अग्निशमन इकाई पर 24+7 कर्मचारी तैनात रहें और समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि अस्पतालों में विद्युत व्यवस्था का नियमित निरीक्षण आवश्यक है, ताकि ढीली वायरिंग या ओवरलोड जैसी समस्याओं से शॉर्ट सर्किट की संभावनाएं समाप्त हो सकें। कलक्टर ने आपातकालीन ईकाई का निरीक्षण करते हुए व्यर्थ पड़ी सामग्री के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने "क्यू मैनेजमेंट सिस्टम" का अवलोकन किया, उसकी सराहना की और कुछ तकनीकी सुधार सुझाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज की आगमन आईडी अनिवार्य रूप से बनाई जाए। पंजीकरण काउंटर के निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने कार्मिकों से आईएचएमएस एवं आभा आईडी की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली और संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने ब्लड बैंक का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त भंडारण और ड्राइवरों की उपलब्धता बनी रहे, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उन्होंने एक महिला मरीज का ममता कार्ड देखकर उससे स्वास्थ्य लाभ, टीकाकरण एवं चिकित्सा सुविधा से संबंधित जानकारी ली। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निरीक्षण के दौरान मौसमी बीमारियों की रोकथाम, टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना और अस्पताल प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर चिकित्सालय में मरीजों को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण में उपचार मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## सी. बी. ई. ओ. कार्यालय में आवश्यक बैठक ली महला ने



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ में माननीय मुख्यमंत्री महोदय, शिक्षा मंत्री महोदय, सचिव और निदेशक महोदय के ड्रीम प्रोजेक्ट सरकारी विधालयों में कायाकल्प और सौंदर्यीकरण करने के अभियान को पूर्णतः सफल बनाने के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, झुन्झुनू जयदीप द्वारा दिए गए निर्देशानुसार इस अभियान के नवलगढ़ के प्रभारी अधिकारी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी - माध्यमिक उम्मेद सिंह महला नें सी. बी. ई. ओ. कार्यालय में आवश्यक बैठक लेते हुए, संपूर्ण ब्लॉक के सभी पी.ई.ई.ओ. की ऑनलाइन वी.सी.लेते हुए शासन एवं उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार दिनांक 17 अक्टूबर तक इस कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सी.बी. ई. ओ आत्माराम ने भी आदेशों की पालना के लिए आदेशित किया। बैठक में ए. सी. बी. ई. ओ कुलदीप पुनियाँ एवं आर.पी. अशोक सैनी सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहें।

## नवलगढ में गरिमा ज्वैलर्स का हुआ शुभारम्भ



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)।** नवलगढ में पोदार कोलेज रोड़ पर एचडीएफसी बैंक के पास मे बुधवार को गरिमा ज्वैलर्स का शुभारम्भ हुआ। इसमें पूर्व पालिका चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, जिला परिषद सदस्य बिरबल सिंह गोदारा अतिथि मोजूद हुए। अतिथियों ने फीता काटकर गरिमा ज्वैलर्स का विधिवत शुभारम्भ किया। गरिमा ज्वैलर्स के प्रॉपराइटर दिनेश जांगीड़ व पुनीत जांगीड़ ने अतिथियो का स्वागत-सत्कार किया। दिनेश जांगीड़ ने बताया कि गरिमा ज्वैलर्स पर सोने चांदी से निर्मित हर प्रकार के अनेक डिजाइनो में आभूषण उपलब्ध रहेंगे। और इस दिवाली के शुभ अवसर पर उचित दर पर आभूषण का विक्रय होगा। तों आप भी जल्द से जल्द करें विजिट गरिमा ज्वेलर्स एचडीएफसी बैंक के पास स्टेशन रोड़।

## अमृता हाट में हो रहा है परम्परागत खेलो का आयोजन

### लोग उत्साह से ले रहे हैं भाग




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** जिला मुख्यालय के शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चल रहे अमृता हाट में प्रति दिन परम्परागत खेल कूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा। इन खेलो में लोग उत्साह के साथ भाग ले रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को नींबू रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें प्रतिभा प्रथम, संगीता द्वितीय एवं रतना /लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही । विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि मंगलवार शाम अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल को 11 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर इंदौरिया गुरुकुल, देरवाला को 7100 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर जी बी मोदी स्कूल को 5100 ओर अन्य सभी विद्यालयों को पुरस्कार के रूप में 3100 रुपए दिए गए। समारोह के अतिथि के रूप में प्यारेलाल ढूकिया, एटीओ प्रियंका लांबा, नेहरू युवा केंद्र से मधु यादव , अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झांझरिया, विकास परियोजना अधिकारी अमिता गेट बाल, मनीराम मंडीवाल, पूजा, उषा कुलहरि,अमित इंदौरिया ममता, सुनीता, सौरव , मनोज, गोविन्द सैनी उपस्थित रहे। उप निदेशक न्योला ने बताया कि बुधवार को दोपहर में गुब्बारा दौड़ व शाम सांस्कृतिक धुन द राइजिंग स्टारप्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## सिर मे सरिया घुसने से युवक की मृत्यु

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** मंगलवार दोपहर को दूंकर रोड बीदासर में ऑटो में सवार युवक को दूसरे ऑटो में भरे लोहे के पाइप और सरिया के सिर में घुसने से गंभीर घायल अवस्था में बीदासर से सुजानगढ़ लाया गया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, मनोज आदि ने इमरजेंसी मे भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया, जानकारी के अनुसार मृतक फतेहपुर जिला सीकर निवासी विक्रम (35) पुत्र बिनजाराम कंजर अपने ससुराल बीदासर आया हुआ था। जो मंगलवार दोपहर को ऑटो में सवार होकर दूंकर रोड स्थित घर से बीदासर बस स्टैंड आ रहा था, इस दौरान रास्ते मे दूसरे ऑटो मे लोहे के सरिया और पाइप बाहर निकल रखे थे, जो युवक के सिर मे पीछे की और घुस गए। सूचना पर बीदासर पुलिस के हेड कांस्टेबल पप्पूराम सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। शव को सुजानगढ़ अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया, जहाँ बुधवार सुबह बीदासर पुलिस नें शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## हत्या प्रयास के मामले में नौ माह से फरार चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निसं.)।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में नौ महीने से फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । मण्डावा एसएचओ रामनिवास ने बताया कि गत 22जनवरी को परिवादी जिवेश पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गोविन्दपुरा ने रिपोर्ट दी थी की मण्डावा कस्बे में स्थित नेमीनाथ मार्केट में सक्षम नाम की लाईब्रेरी है । जिसमें बालक व बालिकाएं पढ़ाई कर रहे थे तथा सुभाष चौक की तरफ से बाजार से होकर जुलुस मन्दिर के लिए जा रहा था , उस दौरान लाईब्रेरी के पास विद्यार्थियों जुलुस देख रहे थे । तो उसी समय अनिस पुत्र अनवर, जुबैर पुत्र अयूब , अदरिश पुत्र सतार , अनवर पुत्र मो0 मुंशी , जमील पुत्र अनवर व 8 ,10 अन्य व्यक्ति साथ में होकर लाईब्रेरी के पास दुसरी मंजिल पर गए और जाते ही वहा खड़े सभी लड़कियों व लड़को को गाली गलौच की व लोहे के सरियों से मारपीट कर जानलेवा हमला किया जिस पर अभियोग पंजीबद्ध किया जाकर टीम गठित कर आरोपी अदरिश पुत्र सतार , अनिश पुत्र अनवर , जमील पुत्र अनवर, सभी निवासी वार्ड 16 मण्डावा जो घटना के बाद नौ महिने से फरार चल रहे थे , उन्हें बुद्धवार को गिरफ्तार किया गया है तथा शेष आरोपियों की तलाश जारी है ।

## सूरजगढ़ में रैंप योजना का बैच शुरू प्रशिक्षण में 30 युवक युक्तियां शामिल



जयपुर टाइम्स

**सूरजगढ़(निसं.)** कस्बे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित रैंप योजना प्रशिक्षण का बुधवार को शुभारंभ हुआ। मोदी द्वारा यह योजना 2022 में लागू की गई थी जिसका बजट 26000 करोड़ है। शिविर प्रभारी संदीप शर्मा व रवि सैनी ने बताया कि योजना में 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवक की युक्तियां लाभान्वित हो सकेंगे। योजना में प्रशिक्षण के द्वारा युवाओं को उद्योग सेवा और स्टार्टअप क्षेत्र में प्रोत्साहित करना है। प्रशिक्षण में योजना के तहत छोटे व्यापारी दुकानदार कारीगरों को व्यापार एवं फाइनेंस संबंधी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण का शुभारंभ जांगिड़ समाज सूरजगढ़ अध्यक्ष सज्जन कुमार जांगिड़ ने किया विशिष्ट अतिथि मनोज सेन, अशोक शर्मा, मनोहर जांगिड़ एवं सरिता सैनी रहे।

## टूटी सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग



**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा नगर पालिका क्षेत्र में PWD के तहत आने वाली क्षतिग्रस्त सड्कों की मरम्मत करवाने की मांग को लेकर मण्डावा नपा अध्यक्ष नरेश सोनी ने जिला कलेक्टर को पत्र भेजा है । चेयरमैन सोनी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है की सड़कें अतिवृष्टि के कारण बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हो चुकी है तथा जिनमें गहरे गड्ढे हो चुके है । जिसके कारण हर समय दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है । बिसाऊ चौराहे से महरिया की ढाणी तक ( मण्डावा - बिसाऊ सड़क मार्ग ) , नवाब साई के घर से न्यांगली सीमा तक तथा ढ़िगाल तिराहे से खेल स्टेडियम तक की सड़क को ठीक करवाने का आग्रह किया है।

## रमेश रूलानिया हत्याकांड के 4 आरोपियों पर इनाम बढ़ाया

कुचामन

डीडवाना-कुचामन जिले के कुचामनसिटी में हुए रमेश रुलानिया हत्याकांड में राजस्थान पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। अपराध शाखा के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन ने इस मामले के 4 प्रमुख वांछित अभियुक्तों की सूचना या गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने पर 1-1 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। एडीजी एमएन ने बताया कि अब प्रत्येक अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एक-एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह राशि एसपी डीडवाना-कुचामन द्वारा पूर्व में घोषित 25 हजार की राशि को निरस्त करते हुए बढ़ाई गई है।

## शहर के कई हिस्सों में जलापूर्ति बाधित, जेलवेल क्षेत्र में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी पानी नहीं आएगा



बीकानेर

बीकानेर शहर में लगातार दूसरे दिन पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। बुधवार को जहां कुछ क्षेत्रों में आपूर्ति ठप थी, वहीं कुछ क्षेत्रों में गुरुवार को भी बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। जेलवेल तक जाने वाली मुख्य पाइपलाइन में बाबूलाल फाटक के पास रिसाव (लीकेज) हो जाने से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता नितेश सागर ने बताया कि पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत का कार्य जारी है, जिसके चलते गुरुवार को जेलवेल तथा गोगागेट जोन की संपूर्ण पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग ने अपील की है कि वे आवश्यक जल का पूर्व संग्रह कर लें तथा मरम्मत कार्य में सहयोग प्रदान करें, जिससे आपूर्ति शीघ्र सामान्य की जा सके। शहर के इंटर मीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) से जेलवेल तक जाने वाली मुख्य पाइपलाइन में बाबूलाल फाटक के पास रिसाव (लीकेज) हो जाने से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई थी। अधिशाषी अभियंता सागर के अनुसार पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत का कार्य जारी है। जिसके चलते बुधवार को जेलवेल तथा गोगागेट जोन की संपूर्ण पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रही। विभाग ने नागरिकों से अपील की गई थी कि वे आवश्यक जल का पूर्व संग्रह कर लें। अब गुरुवार को भी जलापूर्ति बाधित रहने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक :- 3788-3798 दिनांकः- 08/10/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या- 40/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http:// eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A3754

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB14107 | 2. | PWD2526WSOB14108 |
| 3 | PWD2526WSOB14109 | 4 | PWD2526WSOB14110 |
| 5 | PWD2526WSOB14111 | 6 | PWD2526WSOB14112 |
| 7 | PWD2526WSOB14113 | 8 | PWD2526WSOB14114 |
| 9 | PWD2526WSOB14115 | 10 | PWD2526WSOB14116 |
| 11 | PWD2526WSOB14117 | | |

DIPR/C/15129/2025

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू



**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक- न.प.सु/भूमि शाखा / 2025/7105 दिनांक 14-10-2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा 69ए / कृषि भूमि नियमन / स्टेट ग्रान्ट के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो, आपत्ति प्रकाशन के 03 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री सत्यनारायण पुत्र श्री गणेशाराम खटीक | सुजानगढ़ | खटीक बस्ती, वार्ड न. 36, सुजानगढ़ | 52 | आवासीय |
| 02. | श्रीमती शारदा पत्नी श्री नाथूराम | सुजानगढ़ | खटीक बस्ती, वार्ड न. 36, सुजानगढ़ | 134.70 | आवासीय |
| 03 | श्रीमती लक्ष्मी देवी बेड़िया पत्नी श्री महेश कुमार बेड़िया | सुजानगढ़ | दुलिया बास | 280.729 | आवासीय |
| 04 | श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी श्री रामस्वरूप खटीक | सुजानगढ़ | खटीक बस्ती, वार्ड न. 36, सुजानगढ़. | 86.25 | आवासीय |
| 05 | श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री मटरूराम | सुजानगढ़ | खटीक बस्ती, वार्ड न. 36, सुजानगढ़ | 112.32 | आवासीय |
| 06 | श्री पवन कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद | सुजानगढ़ | खटीक बस्ती, वार्ड न.36, सुजानगढ़ | 284.5 | आवासीय |
| 07 | श्री दिपक सिंगोदिया पुत्र श्री श्रीचन्द सिंगोदिया | सुजानगढ़ | दुलिया बास, टोडूजी की चक्की के पास | 214.606 | आवासीय |
| 08. | श्री संदिप ढ़ेनवाल पुत्र श्री राजेश | सुजानगढ़ | नायकों का मोहल्ला,वार्ड न. 29 | 388.44 | आवासीय |
| 09. | श्री अजय पुत्र श्री दामोदर मेहत्तर | सुजानगढ़ | पुरानी हरिजन बस्ती, वार्ड न. 36 | 95 | आवासीय |
| 10. | श्रीमती कमला पत्नी श्री अर्जुन लाल सिंधी | सुजानगढ़ | एक्सीलेंस स्कूल के पास | 196.296 | आवासीय |
| 11. | श्रीमती कमला पत्नी श्री अर्जुन लाल सिंधी | सुजानगढ़ | खसरा नंबर 1535 | 263.11 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद सुजानगढ़



**राजस्थान राजपत्र विशेषांक** | **RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary**

साधिकार प्रकाशित | Published by Authority

सत्यमेव जयते

आश्विन 11, शुक्रवार, शाके 1947- अक्टूबर 03, 2025
Asvina 11, Friday, Saka 1947- October 03, 2025

भाग-1 (ख)
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।
सार्वजनिक निर्माण विभाग
अधिसूचना
जयपुर, सितम्बर 12, 2025
(अतंर्गत भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 ( 1 ) )

RajKaj Ref No.: 17729980- राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत् राजस्थान भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधान अनुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप - 6 ) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 1 (150) राज - 6 / 2016/02 दिनांक 27/01/2017 के निर्देशानुसार कार्य Construction of ROB in lieu of LC-167A at Km. 282/5-6 of Churu Sadulpur Sectiojn, Agrasen Nagar, Churu जिला चूरू, तहसील चूरू में निम्नानुसार प्रभावित चूरू नगर में भूमि अर्जन प्रस्तावित है

| क्रम संख्या | जिला | तहसील | राजस्व - ग्राम / नगर का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | चूरू | चूरू | चूरू |

परियोजना हेतु नियमानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा "सामाजिक आर्थिक विकास समिति, अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड चूरू ( राजस्थान ) * एजेंसी का चयन किया गया है ।

उपर्युक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गांवों में सामाजिक समाघात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी-

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जावेगी ।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गांवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी । तत्प"चात प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार प्रसार के उपरान्त जन सुनवाई की जावेगी, जिसकी कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जावेगा ।
3. जन सुनवाई के दौरान आये सुझाओं / आपत्तियों के समुचित समाधान को भाामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबंध योजना रिपोर्ट तैयार की जावेगी ।

9473 राजस्थान राज-पत्र, अक्टूबर 03, 2025 भाग 1 (ख)

4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में सम्बन्धित ग्राम पंचायत/नगरपालिका के परामर्शा से की जावेगी ।
5. सार्वजनिक निर्माण विभाग माध्यम के तहत विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं हेतु अधिनियम की धारा 2 ( 2 ) (a ) (ii) के प्रावधानानुसार प्रभावित परिवारों की सहमति आव यक होगी।
6. सामाजिक समाघात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अकृत और भान्य बना देगा ।
7. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से अधिकतम 6 माह की अवधि से पूर्ण / सम्पूर्ण कराया जाना आवश्यक है ।

**सम्पर्क सूत्र :-**
**सामाजिक समाघात निर्धारण इकाई**
**अधिसाशी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**खण्ड चूरू (राजस्थान )**
**फोन नं.**

**सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी**
**सामाजिक आर्थिक विकास समिति**
**अधिसाशी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**खण्ड चूरू (राजस्थान)**
**फोन नं.**

DIPR/C/15003/2025

आर. के. लूथरा,
संयुक्त सचिव (पथ),
सार्वजनिक निर्माण विभाग



**राजस्थान राजपत्र विशेषांक** | **RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary**

साधिकार प्रकाशित | Published by Authority

सत्यमेव जयते

आश्विन 11, शुक्रवार, शाके 1947- अक्टूबर 03, 2025
Asvina 11, Friday, Saka 1947- October 03, 2025

भाग-1 (ख)
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।
सार्वजनिक निर्माण विभाग
अधिसूचना
जयपुर, सितम्बर 08, 2025
(अतंर्गत भूमि–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4(1))

**राजकाज 17555109** - राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत् राजस्थान भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधान अनुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व ( ग्रुप - 6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 1 (150) राज - 6 / 2016/02 दिनांक 27/01/2017 के निर्देशानुसार ग्राम सिरसला रेलवे लाईन पर अण्डरब्रिज निर्माण कार्य किये जाने के प्रयोजन से जिला चूरू की तहसील चूरू में निम्नानुसार प्रभावित गांव में भूमि अर्जन प्रस्तावित है-

| क्रम संख्या | जिला | तहसील | राजस्व - ग्राम / नगर का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | चूरू | चूरू | सिरसला |

परियोजना हेतु नियमानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा "सामाजिक आर्थिक विकास समिति, अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड चूरू ( राजस्थान ) " एजेंसी का चयन किया गया है।

उपर्युक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गांवों में सामाजिक समाघात निर्धारण राजस्थान भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी -

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जावेगी ।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गांवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी । तत्पश्चात प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार प्रसार के उपरान्त जन सुनवाई की जावेगी, जिसकी कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जावेगा ।
3. जन सुनवाई के दौरान आये सुझाओं / आपत्तियों के समुचित समाधान को भाामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबंध योजना रिपोर्ट तैयार की जावेगी ।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी ।
5. सार्वजनिक निर्माण विभाग माध्यम के तहत विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं हेतु अधिनियम की धारा 2 (2) ) (पप) के प्रावधानानुसार प्रभावित परिवारों की सहमति आवश्यक होगी।
6. सामाजिक समाघात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अकृत और शून्य बना देगा।

9475 राजस्थान राज-पत्र, अक्टूबर 03, 2025 भाग 1 (ख)

7. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से अधिकतम 6 माह की अवधि पूर्ण / सम्पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

**सम्पर्क सूत्र :-**
**सामाजिक समाघात निर्धारण इकाई**
**अधि शी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**खण्ड चूरू (राजस्थान )**
**फोन नं.**

**सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी**
**सामाजिक आर्थिक विकास समिति**
**अधिसाशी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**खण्ड चूरू (राजस्थान)**
**फोन नं.**

DIPR/C/14997/2025

संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग
राजस्थान सरकार ।

## राजलदेसर में मनाया पोषण मेला



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** राष्ट्रीय स्तरीय परियोजना पोषण माह के आठवें संस्करण का सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम राजलदेसर सेक्टर के वार्ड संख्या 4,6,7 के आंगनबाड़ी केंद्र पर राजलदेसर नगर पालिका इओ कुंदन देथा की अध्यक्षता में किया गया। देथा ने विभाग की स्वास्थ्य से जुड़ी पहल की सराहना करते हुए इसे दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया। मेले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली सजाकर मोटे अनाज, स्थानीय खाद्य सामग्री, घर पर बने भोजन की उपयोगिता व महत्ता के बारे में बताया गया। पालिका ईओ व महिला पर्यवेक्षक कंचन शर्मा द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। पर्यवेक्षक कंचन शर्मा ने उपस्थितों को अपने 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर नियमित भेजने, अपने समुदाय को मजबूत बनाने, स्थानीय खाद्य सामग्री व उत्पादन का उपयोग करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी पांडे, शिवानी भाटी, संतोष, कमला, अंटेश, सुप्रिया, मंजू, गंगा, सीता सहित सेक्टर की सभी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## जर्जर विद्युत पोल बदले जाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त कुमार बोरड़ ने विद्युत निगम के सहायक अभियन्ता को एक प्रार्थना पत्र देकर राजकीय बगड़िया अस्पताल के पीछे की गली सागर मार्ग पर स्थित लोहे के जर्जर पोल को बदले जाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि इससे हर वक्त हादसे का अंदेशा बना रहता है। सरकारी अस्पताल का मार्ग होने के कारण दिनभर यहां से वाहनों और गाड़ियों का आवागमन रहता है। जिसके कारण कभी भी वाहन की टक्कर से यह जर्जर लोहे का पोल बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसलिए जल्द से जल्द इस जर्जर विद्युत पोल को बदला जाकर जनहितों को प्राथमिकता दी जावे।

## अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष नायक का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक का रतनगढ़ भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार एवम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया । नायक ने चुरू से सुजानगढ़ जाते समय अल्प प्रवास के लिए नगरपालिका में चल रहे सेवा शिविर का भी अवलोकन किया । राजेन्द्र नायक ने कहा कि सेवा शिविर के द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है ।सेवा शिविर मे आमजन को कार्य करवाने में सहूलियत भी मिल रही है । इस दौरान नायक का रतनगढ़ भाजपा कार्यालय पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया । इस दौरान भाजपा नेता हनुमान सिंह, सरपंच संपत नायक,महावीर महर्षि,सीताराम शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।



## कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू (निसं.)**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी कार्यक्रम संगठन सर्जन अभियान के तहत गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर व देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू ने बताया कि चूरू जिला कांग्रेस का कार्यक्रम एआईसीसी पर्यवेक्षक सुभाष चौपडा, पीसीसी पर्यवेक्षक फतेहपुर विधायक हाकम अली, पीसीसी सचिव रामनिवास बिडोदी के आतिथ्य में गुरुवार 16 अक्टूबर को दोपहर 03:00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में प्रमुख कांग्रेसजनों से संवाद कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक होगी। उक्त कार्यक्रम के बाद जिलाध्यक्ष के पद पर इच्छुक कांग्रेसजनों से वन टू वन चर्चा की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया व चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खिचड भी उपस्थित रहेगे।

## रंगोली और दीप सजाकर मनाया दीपोत्सव, प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय और एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में ज्ञान का प्रकाश दीपोत्सव के साथ कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाओ, दीपक सजाओ एवं रंग भरो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी आलोक सिंह ने बताया की दीपावली पर्व के अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं रंगोली व दीपों के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रकट की। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने बताया कि माध्यमिक कक्षाओं की छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में रंगोलियां बनाकर अपनी भावनाएं उकेरी। वहीं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे डिजाइनर दीपक सजाकर अपनी दीपोत्सव की तैयारी प्रदर्शित की। इसी क्रम में प्राथमिक कक्षाओं के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने भारत माता, मां लक्ष्मी, गणेश, कृष्ण एवं अन्य चित्रों में अपनी भावनाओं के रंग भरकर खुशियां जाहिर की। इन प्रतियोगिताओं में दिव्या गौड़, रेणू मिश्रा, अर्चना चौधरी, प्रेमप्रकाश नाई, सोनू शर्मा, जितेंद्र स्वामी आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सुरक्षित एवं प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का संदेश दिया।

# फर्जी आठवीं की टीसी से लगी नौकरी, 32 साल नौकरी के बाद आया पकड़ में

### बर्खास्तगी के बाद अब निगम ने दर्ज कराई FIR

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं (निसं.)** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC) में फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने का मामला सामने आया है। जयपुर आगार में कार्यरत चालक सतवीर सिंह को निगम ने सेवा से बर्खास्त करते हुए अब पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि सतवीर ने फर्जी आठवीं कक्षा का स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) लगाकर 32 साल पहले चालक पद पर नियुक्ति ली थी। पूरा मामला झुंझुनूं जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सौंथली से जुड़ा है, जहां से जारी बताए गए शैक्षणिक प्रमाण पत्र को स्कूल प्रशासन ने "फर्जी " बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पत्र क्रमांक 952 दिनांक 2 नवंबर 2022 में पुष्टि की कि सतवीर सिंह के नाम से जिस एस.आर. नंबर 1071 का टीसी प्रस्तुत किया गया, उस नंबर पर स्कूल रजिस्टर में "प्रभाती लाल शर्मा" नामक छात्र का रिकॉर्ड दर्ज है। यानी सतवीर का नाम स्कूल रिकॉर्ड में कभी रहा ही नहीं। इस फर्जीवाड़े की शिकायत मिलने के बाद मुख्य प्रबंधक, जयपुर आगार ने सतवीर सिंह के खिलाफ आरोप पत्र क्रमांक एफ/मुप्र/जआ/पी-11/2023/53 दिनांक 23 जनवरी 2023 जारी किया। इसके तहत उन पर फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी पाने, निगम को गुमराह करने और आर्थिक लाभ उठाने के गंभीर आरोप लगाए गए। जांच अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी हनुमान सिंह गुर्जर को नियुक्त किया गया। जांच के दौरान सतवीर सिंह को कई बार जवाब और साक्ष्य प्रस्तुत करने के अवसर दिए गए, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। सतवीर सिंह ने इस विभागीय कार्रवाई को चुनौती देते हुए राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर में याचिका (एसबी सिविल रिट पिटीशन नं. 6280/2023) दायर की थी। अदालत ने 26 अप्रैल 2023 को कहा था कि विभागीय जांच जारी रह सकती है, लेकिन कोई अंतिम प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए। हालांकि बाद में 20 सितंबर 2025 को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ, जिस पर हाईकोर्ट ने केस "गैर-प्रवर्तन" के आधार पर खारिज कर दिया। इसके साथ ही निगम को जांच आगे बढ़ाने का रास्ता मिल गया। हाईकोर्ट के आदेश के बाद निगम ने सतवीर सिंह को एक और मौका देते हुए व्यक्तिगत सुनवाई नोटिस क्रमांक 657 दिनांक 24 सितंबर 2025 भेजा। नोटिस उनकी पत्नी को दिया गया, लेकिन उन्होंने लेने से मना कर दिया। इसके बाद नोटिस उनके घर (मकान नंबर 42-ए, तिरुपति नगर, बैनाड रोड, झोटवाड़ा, जयपुर) पर चस्पा किया गया। आरोपी फिर भी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुआ। मुख्य प्रबंधक कार्यालय ने पूरी फाइल, स्कूल से प्राप्त रिपोर्ट, आरोपी के बयान और दस्तावेजों का अध्ययन किया। इसमें पाया गया कि सतवीर सिंह ने 1993 में चालक पद पर नियुक्ति लेते समय 8वीं कक्षा पास का फर्जी प्रमाण पत्र लगाया था। इतना ही नहीं, खुद सतवीर सिंह ने 8 जनवरी 2022 को थाना गुढ़ा (झुंझुनूं) में दर्ज अपनी एफआईआर में यह लिखवाया था कि "उनको जारी आठवीं कक्षा की अंकतालिका व टीसी फर्जी और बोगस है।" यह बयान उनके द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था। इस आधार पर जांच अधिकारी ने निष्कर्ष निकाला कि नियुक्ति आदेश "शुरुआत से ही शून्य" है। मुख्य प्रबंधक, जयपुर आगार ने 29 सितंबर 2025 को जारी आदेश क्रमांक मु./प्रशा/अनु/एफ.270/2025/665 के तहत सतवीर सिंह की नियुक्ति को प्रारंभ से ही अमान्य मानते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया। इसके बाद 14 अक्टूबर 2025 को जयपुर आगार से थानाधिकारी विधायकपुरी, जयपुर को रिपोर्ट भेजी गई, जिसमें फर्जी दस्तावेजों से नौकरी प्राप्त करने पर एफआईआर दर्ज कराने का अनुरोध किया गया। रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा गया–सतवीर सिंह ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर निगम में चालक पद पर नियुक्ति ली, अतः इनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए।" मुख्य प्रबंधक नवीन तिवाड़ी के हस्ताक्षर शुदा इस रिपोर्ट के आधार पर थाना विधायकपुरी पुलिस ने सतवीर सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 467, 468, 471 (कूटरचना और जाली दस्तावेजों के उपयोग) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।यह रिपोर्ट की निगम के प्रतिनिधि बाबूलाल निवासी बुनकर कॉलोनी, झोटवाड़ा ने दी।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने की चर्चा, प्रदेशाध्यक्ष का किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**चूरू:(निसं.)** स्थानीय भरतिया अस्पताल में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन चूरू की ओर से बुधवार को प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया और संगठन के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार मीणा, प्रदेश संरक्षक अभिनीत भारद्वाज, प्रदेश संयोजक पं. जितेंद्र कटारा, प्रदेश महामंत्री कमलेश गुर्जर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सियाराम डोडवाड़ी, बीकानेर संभाग अध्यक्ष रामनिवास गोदारा, बीकानेर जिला संयोजक हंसराज डूडी व बीकानेर जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र झोरड़ का मार्ल्यापण कर व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। गौरतलब है कि ये पदाधिकारी बीकानेर संभाग के दौरे के तीसरे चरण में बुधवार को चूरू जिले के दौरे पर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. महेश मोहनलाल पुकार ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी थे। विशिष्ट अतिथि नर्सिंग अधीक्षक रमेश कुमारी थी। इस दौरान नर्सेज के स्थानीय ज्वलंत मुद्दों, विभिन्न समस्याओं सहित 11 सूत्री मांगों पर संगठनात्मक संवाद किया गया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार मीणा ने कहा कि आगामी समय में नर्सिंग निदेशालय, नर्सेज की नई भर्ती मेरिट व बोनस अंक से, प्रोबेशन काल को खत्म कर संविदा कार्यकाल को स्थाई नियुक्ति प्रदान करने, प्लेसमेंट एजेंसियों से लगे संविदा/निविदा कार्मिको की लंबित मांगो के निस्तारण व 2022 में एडॉप्शन सहित कई लम्बित मांगो को लेकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नर्सेज की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मजबूती से लड़ाई लड़ी जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आशीष ढ़ाका, जिलाध्यक्ष प्रमोद पिलानिया, ताराचंद मेघवाल, गणेश सिंह, देवीदान, फतेहचंद, प्रदीप सैनी, हरिबाबू मीना, संदीप धौलपुरिया, सुनील गढ़वाल, भरत सिंह, राम निवास, अनिल बाबल, नरेंद्र गुरी, रमेश बरौड़, विनय, नरेंद्र, अशोक, श्रवण सिहाग, धर्मेंद्र सिहाग, मुकेश, गिरधारी, मनीष, पंकज, तौफिक, सुलेमान, करमजीत कौर, उमा सोलंकी, सुनीता, सुमन, इंदू, मुनेश गुर्जर, रचना, कविता, ममता जसोदा सहित बड़ी संख्या में नर्सेज कर्मी उपस्थित थे।

## पांच वार्डों के लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** शहरी सेवा शिविर 2025 के अन्तर्गत भारत माता चौक के पास स्थित भवन में वार्ड नं. 16, 17, 21, 22 व 26 का शिविर आयोजित किया गया। नगरपरिषद में 04 पट्टा पत्रावली प्राप्त हुई। मौके पर 02 पट्टा पत्रावली का निस्तारण कर आवेदक को वितरण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 02, एनएफएस के.ई.केवाईसी 15, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 11, जीवीपी. 09, सीवर कनेक्शन 05, रोड़ मरम्मत 03, नाली मरम्मत 02, निराश्रित पशु पकड़ने से संबंधित सूचना 02, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 47, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 01, जनआधर संशोधन व अद्यतन 14 के प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि 15 प्रकरण प्राप्त हुए। पेड़ लगाये 25, इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल पाईप लाईन लिकेज 01, जिसको मौके पर निस्तारण किया गया। महिला बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत 05 प्रकरण प्राप्त हुए एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी से 200 व्यक्तियों को अवगत करवाया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 13 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर में उपस्थित कुल उपचारित व्यक्ति 391, एन.सी.डी. 340 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको माके पर निस्तारण किया गया। आयुर्वेद विभाग चूरू के अन्तर्गत 204 रोगियों ने चिकित्सक से परामर्श लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 03 प्रकरण प्राप्त हुऐ। उक्त शिविर में पार्षद रिछपाल बिजारणियां, राकेश प्रजापत, भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, इदरिश गौरी, पंकज घासोलिया, पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी उदय सिंह, सहायक अभियंता चारवी, सहायक अग्निशमन अधिकारी रूप सिंह, कनिष्ठ अभियंता श्री कमलेश कुमार व नगर परिषद सहित अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## आरयूआईडीपी द्वारा किया जा रहा है घरेलू सीवरेज कनेक्शन के प्रति जागरूक

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** शहर के वार्ड संख्या 38 स्थित तेलियान मोहल्ले में महिलाओं की बैठक को आयोजित कर आरयूआईडीपी के जनसहभागिता इकाई ने सीवरेज व ड्रेनेज परियोजना की जानकारी दी। आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता राकेश शरण गर्ग के निर्देश व सहायक अभियंता सुरेंद्रपालसिंह के मार्गदर्शन में हुई बैठक में इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़ व काजल सांखला ने सीवरेज व ड्रेनेज परियोजना के लाभ व उपयोग के बारे में बताते हुए कहा कि इससे जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। सीवरेज से घरों के शौचालय, रसोई व स्नानघर के कनेक्शन जोड़ा जा रहा है, जिससे नालियां सुखी व साफ रहेगी तथा कुइयां खाली नहीं करवानी पड़ेगी। उक्त कनेक्शन आरयूआईडीपी की ओर से पूर्णतया निशुल्क है। कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो उसी समय संबंधित कर्मचारियों को सूचित करें। साथ ही घर के सदस्य स्वयं ध्यान देकर गुणवत्तापूर्वक कार्य करवाए। इस दौरान उपस्थित महिलाओं से स्नानघर व रसोई में जाली लगवाने एवं प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग कर नाली में नहीं डालने का आह्वान किया गया।

## मेगा हाईवे पर गौवंश को बचाते समय कंटेनर पलटा, चालक घायल

जयपुर टाइम्स



**रतगढ़(निसं.)।** हनुमानगढ़ से चावल के भूसे की राख भरकर गुजरात के बंदरगाह जा रहा एक कंटेनर बुधवार को रतनगढ़ में मेगा हाईवे पर आईटीआई मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा गोवंश को बचाने के प्रयास में हुआ। घटना में कंटेनर चालक घायल हो गया, जिसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। मिली जानकारी के अनुसार, ब्यावर के गांव कोतरा निवासी 45 वर्षीय प्रभु सिंह हनुमानगढ़ से कंटेनर लेकर गुजरात के बंदरगाह जा रहा था। जब वह मेगा हाईवे पर आईटीआई मोड़ के पास पहुंचे, तो अचानक सामने गोवंश आ गया। गोवंश को बचाने के प्रयास में चालक प्रभु सिंह ने कंटेनर को तेजी से मोड़ा, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद कंटेनर चालक प्रभु सिंह घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने घायल चालक का प्राथमिक उपचार किया और स्थिति सामान्य होने पर उसे छुट्टी दे दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को हाईवे से हटाने का काम शुरू करवाया। कंटेनर पलटने से हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ, जिसे पुलिस ने तुरंत यातायात व्यवस्थित कर सुचारु करवाया। पुलिस ने कंटेनर पलटने के कारणों की जानकारी ली और मामले की जाँच शुरू कर दी है। गनीमत यह रही कि इस बड़े हादसे में किसी अन्य राहगीर को चोट नहीं आई।

## समाजसेवी, गौभक्त डागा को श्रद्धांजलि देकर किया याद

### श्रद्धांजलि सभा में अनेक गणमान्यजनों ने डागा को दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के माहेश्वरी भवन में गौभक्त व समाजसेवी स्व. खेतुलाल डागा की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य जनों ने स्वर्गीय डागा को श्रद्धांजलि देकर उनके सेवाभावी व गो भक्ति को लेकर अपने संबोधन में उनके द्वारा किए गए क्षेत्र में सेवा कार्यों को याद किया। इस अवसर पर अनेक संगठनों के पदाधिकारी ने डागा के द्वारा क्षेत्र में समाजसेवी व गौशाला में गौ सेवार्थ किए गए अच्छे कार्यों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा में अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने डागा द्वारा क्षेत्र में सेवार्थ कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र में हर समय गौशाला में गौ सेवक व समाज में अनेक सेवार्थ कार्य करवाए गए। जिससे उनको बड़ी संख्या में क्षेत्र के संगठनों के पदाधिकारी व गणमान्य जनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको याद किया जा रहा है। स्वर्गीय खेतु लाल डागा परिवार के द्वारा इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों व सेवा व समाज सेवा के कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने स्वर्गीय डागा के साथ बिताए समय व उनके द्वारा किए गए समाज सेवा में गौ सेवार्थ कार्यों को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के अनेक संगठनों के पदाधिकारी व गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर स्वर्गीय डागा को श्रद्धांजलि देकर याद किया।

## कार्यालय को संसाधन मिले भामाशाहों का हुआ सम्मान

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मंडावा में भामाशाह के सहयोग से स्थापित सीसीटीवी कैमरे का उद्घाटन किया गया। साथ ही भामाशाह ने कार्यालय को प्रिंटर भेंट किया। सी सी टी वी के भामाशाह हरीश पूनिया एवं प्रिंटर के भामाशाह प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। समाज सेवी सज्जन सिंह पूनिया अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने अतिथियों एवं भामाशाहों को साफा एवं माला पहना कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि गत साढ़े चार माह में भामाशाहों के सहयोग से सी बी ई ओ कार्यालय मंडावा में लगभग पांच लाख रुपए की नवीन सुविधाएं एवं उपकरण स्थापित हो चुके है।इस अवसर पर मंडावा हृष्द्रद्गश्च पवन कुमार, नवलगढ़ ACBEO कुलदीप पूनिया, मंडावा ACBEO दामोदर प्रसाद जांगिड़,प्रधानाचार्य जवाहर काला, राकेश सिहाग, निजी विद्यालय संघ के सुभाष कड़वासरा एवं रणधीर कुलहरी, आर पी उत्तम दाधीच ,लोकेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी आनंद कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी संजीव कुमार, लेखाकर शीतल शर्मा , एम आई एस कृष्ण सिंह सहित काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे। ब्लॉक साक्षरता प्रभारी मूल सिंह, ताराचंद भाष्कर एवं विजय कुमार ने व्यवस्था संभाली।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
16 अक्टूबर, 2025

# अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने किया विरोध-प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने लंबित 11 सूत्री मांग पत्र को लागू करवाने के लिए प्रदेश स्तर पर संघर्ष चेतना यात्रा कर आंदोलन के अन्तर्गत बुधवार को कलेक्ट्रेट के आगे जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासंघ के जिला अध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया महासंघ की 11 सूत्री लंबित मांगों को पूरा करने, वेतन विसंगति दूर करने, संविदा कार्मिकों को नियमित किए जाने, ऑप्स से छेड़छाड़ बंद करने, स्पष्ट व पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदपाल मलिक ने कहा कि दीपावली से पूर्व 5 दिनों में ही स्कूलों के रंग-रोगन हेतु राज्य सरकार द्वारा आदेशित किया गया, जबकि प्राप्त बजट के अभाव में रंग रोगन जैसे कार्य कैसे संपादित हो सकते हैं, साथ ही दीपावली पर सभी पेंटर पहले से ही दूसरी जगह व्यस्त हैं। पेंटर उपलब्ध नहीं है। स्कूल की बिल्डिंग की मरम्मत और रंग रोगन का 20-25 दिन का कार्य पांच दिवस में कैसे पूर्ण किया जा सकता है। महासंघ के जिला महामंत्री फूलेसिंह बुरड़क ने बताया कि प्रदेश के 8 लाख कर्मचारी व लाखों संविदा कार्मिकों के प्रशासनिक व वित्तीय मांगों के सकारात्मक समाधान के लिए संयुक्त महासंघ का मांग पत्र 5 जनवरी 2025 से शासन व सरकार में लंबित है। वन अधीनस्थ व कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बाबू खां ने बताया कि सरकार ने हठधर्मिता को दूर कर कर्मचारियों की मांगो पर विचार नहीं किया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष विजय पोटलिया ने बताया कि इन मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करने के कारण संयुक्त महासंघ प्रदेश के आठ लाख कर्मचारी एवं लाखों संविदा कार्मिकों की वित्तीय, प्रशासनिक हक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष चेतना यात्रा प्रारंभ करने जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष बीरबल धारीवाल ने बताया कि सरकार ने विगत 9 माह से मांगों पर विपक्षीय वार्ता के माध्यम से सकारात्मक निर्णय करवाने का दिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमोद कुमार शर्मा, मदन लाल स्वामी, मातू सिंह राठौड़, सत्यनारायण व्यास, मंगलचंद, निवास माली, कमल वर्मा, गजानंद मेघवाल, भंवरलाल डूडी, भंवरलाल पूनिया, सुरेंद्र, हंसराज हुड्डा, बाला राठौड़, गोपाल सिंह काजला, शुभकरण नैण, अनिल लांबा, इस्लाम खां, अयूब भंवरू खां, खादिम अली, दिनेश स्वामी, सुरेश सुंडा, भंवरलाल डूडी, रणजीत स्वामी, बीरबल धारीवाल, राकेश हुड्डा, नक्षत्र एल्वा, इंद्राज रूहिल, राकेश कुमार, विरेन्द्र सिंह शेखावत, सुभाष सहारण सहित महासंघ से सम्वत्त प्राप्त सभी घटक संगठनों के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रतनगढ़ तहसील महासंघ अध्यक्ष शुभकरण नैण ने किया।

## त्योहारी सीजन पर खाद्य सुरक्षा टीम ने 8 नमूने लिये 132 किलो मावा नष्ट करवाया



जयपुर टाइम्स

**चूरू/तारानगर(निसं.)**। जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए खाद्य सुरक्षा टीम की ओर से त्योहारी सीजन पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि व्यापारियों को शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया व रतनसिंह गोदारा ने बताया कि साहवा में बालाजी मावा भंडार से मावा व पनीर, रामदेव मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, राधामाधव किराणा स्टोर से सरसों तेल का नमूना लिया ।इसी तरह तारानगर मे जोधपुर स्वीट्स होम से मावा,खेतेश्वर जोधपुर भंडार से मावा पेड़ा, महावीर मिष्ठान भंडार से पनीर का नमूना लिया। 132 किलो दुषित मावा नष्ट करवाया। व्यापारियों को शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया ने बताया कि नमूनों को प्रयोगशाला जयपुर में जांच के लिए भिजवाया गया है ।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता विषय पर व्याखान आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)**। राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में बुद्धवार को महिला नीति के अन्तर्गत पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता विषय पर व्याखान का आयोजन किया गया । व्याख्यान में सहायक आचार्य प्रियंका ने छात्राओं को किशोरावस्था में संतुलित आहार एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर मार्गदर्शन प्रदान किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. सुनीता बेनीवाल ने की । कार्यक्रम का संचालन महिला नीति की संयोजक वन्दना कुमारी ने किया । इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ के समस्त सदस्य एवं बालिकाएं उपस्थित रही ।

## सार्वजनिक चौक की सफाई



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय स्काउट एंड गाइड के शिविर के दौरान भारु ग्राम के सार्वजनिक चौक में स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रशिक्षार्थियों ने सफाई अभियान के तहत सफाई की इस अवसर पर डीओ स्काउट ने सफाई का महत्व बताया सरपंच प्रतिनिधि शशि भारु ने धन्यवाद प्रदान किया इस अवसर पर ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर, मीरा ईशरवाल, सत्यवीर पूनिया , मंजीत,अमित, विकास, विनोद, पिंकू, रीना, दीपिका, प्रियंका ,आदि उपस्थित थे ।

## दीपावली पर ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए कलेक्टर ने जारी किए सख्त निर्देश

### पटाखों के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्ण प्रतिबंध

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)**। दीपावली के अवसर पर बढ़ने वाले ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अरुण गर्ग ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। डॉ. गर्ग के निर्देशों के अनुसार, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यह सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व के निर्णयों के अनुरूप है। इसके अलावा, पटाखों में प्रयोग होने वाले रासायनिक पदार्थों की मात्रा और संरचना भी भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही होनी चाहिए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि दीपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस जारी करते समय अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखों की बिक्री पर रोक लगाई जाए। उन्होंने "ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) (संशोधन) नियम, 2010" का हवाला देते हुए कहा कि शांत क्षेत्रों और रात के समय में पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू रहेगा।



# कांग्रेस नेताओं ने की चूरू जिलाध्यक्ष के लिए रायशुमारी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)**। संगठन सृजन अभियान के तहत देहात व शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन फतेहपुरिया गेस्ट हाउस में किया गया। कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष बनाने के लिए रायशुमारी हेतु आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में शहरी व देहात कांग्रेस नेतागण मौजूद रहे। एआईसीसी से आए ऑर्ब्ज़वर सुभाष चौपड़ा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की सोच है कि जिलाध्यक्ष ऐसा होना चाहिए, जो सभी कार्यकर्ताओं के मन की आवाज को सुन सके। उन्होंने कहा कि जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं की आवाज सुनने के लिए मुझे यहां भेजा गया है और सभी कार्यकर्ता अपनी बात मुझे बता सकते हैं। चौपड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार केवल और केवल धर्म जाति के नाम पर जनता को आपस में लड़ाकर अपना उल्लू सीधा कर रही है। जबकि कांग्रेस की विचारधारा सदा से ही देश के नागरिकों को आपस में जोड़कर रखने की है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है और राहुल गांधी को पूरा देश आगामी प्रधानमंत्री के रूप में देख रहा है। इस अवसर तारानगर विधायक नरेंद्र बुढ़ाणिया, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा ने कहा कि जिलेभर में कांग्रेस काफी मजबूज स्थिति में है। जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़ ने कहा कि चूरू जिले में कांग्रेस के चार विधायक हैं और यहां पर कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करता है। इस अवसर पर पीसीसी कॉर्डिनेटर रामनिवास बिड़ौदी, अनुपम शर्मा, परमेंद्र सिहाग, रामजीलाल शर्मा, पीसीसी सदस्य रामकरण गुलेरिया भी मंचासीन रहे। वहीं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामावतार शर्मा, देहात अध्यक्ष नरेंद्र बेनीवाल, विद्याधर बेनीवाल, उप सभापति अमित मारोठिया, भंवरलाल पुजारी, मोहम्मद इदरीश गौरी, मेहराज उल हसन, डॉ. योगिता सक्सेना आदि ने कहा कि जो सुजानगढ़ विधायक तय करेंगे, उसके मुताबिक ही हम कार्यकर्ताओं का नए जिलाध्यक्ष के नाम पर समर्थन होगा। बैठक शाम तक चली, जिसमें बजरंग सेन, फारुख भुट्टा, कन्हैयालाल, आनंद पिलानिया, जैसाराम प्रजापत, जोगेंद्र सिंह, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष संजय सिंह कताला, मुकुल मिश्रा, राजकुमार इंदौरिया, सुनील सड़ूवाला, सिराज खान कायमखानी, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आसिफ, हितेष जाखड़, पार्षद मधु बागरेचा, पार्षद इकबाल खान, जाकिर क्याल, विजय बटेसर, अमजद खान, विद्याप्रकाश बागरेचा, सलीम खान गाजी, भेराराम बावरी, सेजू खान, मनसुख गोदारा, मनोज मित्तल, आसिफ खान नसवाण सहित बड़ी संख्या में शहरी व देहात कांग्रेस कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# सहकार सदस्यता अभियान के समापन पर कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण प्रदेश में सहकार से समृद्धि की सोच को साकार करने की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तत्वाधान में आयोजित हुए सहकार सदस्यता अभियान के समापन पर बुधवार को दी चूरू सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, चूरू के प्रधान कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वासुदेव चावला, फतेहचन्द सोती, ओम सारस्वत, सुरेश सारस्वत, अभिषेक चोटिया, योगेश तिवाड़ी, सन्तोष तालणिया, प्रबन्ध निदेशक मदनलाल शर्मा, कॉपरेटिव डीआर सुनील माण्डिया व सहकारिता विभाग के निरीक्षक व कार्मिक उपस्थित थे। इस दौरान वासुदेव चावला व ओम सारस्वत ने सहकारिता को बढ़ावा देने, स्वदेशी अपनाने एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के विषय में विचार व्यक्त किए। डीआर सुनील माण्डिया ने अभियान के दौरान अर्जित प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जिले में 34 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाए गए हैं। प्रबन्ध निदेशक मदनलाल शर्मा ने बताया कि सहकार सदस्यता अभियान के दौरान जिले में उत्साहपूर्वक सहकारिता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले में 319 शिविरों का आयोजन कर तीस हजार नए सदस्यों को सहकारिता से जोड़ा गया। इस दौरान 38466 लोगों को सहकारिता कानून की जानकारी दी गई।

# उदयपुरवाटी क्षेत्र को अब मिलेगी निर्बाध विधुत आपूर्ति

## ट्रिपिंग की समस्या का होगा निस्तारण

**झुंझुनूं(निसं.)** जिले के उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्व में संचालित 132 केवी जीएसएस उदयपुरवाटी से उदयपुरवाटी क्षेत्र के 11 केवी फीडर ओवर लोड चल रहे थे जिसके कारण उदयपुरवाटी शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को निर्बाध विधुत आपूर्ति नहीं मिल रही थी तथा ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड रहा था। उक्त्त समस्या को मध्यनजर रखते हुए पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 33/11 केवी जीएसएस उदयपुरवाटी स्वीकृत किया गया है। उक्त 33/11 केवी जीएसएस को 132 केवी जीएसएस उदयपुरवाटी से पृथक कर 04 अक्टूबर 2025 को क्रियान्वित एंव संचालित किया गया है जिसमें 5 एमवीए क्षमता को दो पावर ट्रासंफार्मर स्थापित किये गये है। उक्त जीएसएस की अनुमानित लागत 379.01 लाख रूपये है। जिसके अन्तर्गत 9, 11 केवी फीडर कियान्वित किये गये है। उक्त 33/11 केवी जीएसएस के संचालन से उदयपुरवाटी शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र नांगल, कोर्ट एवं शाकम्बरी रोड क्षेत्र के 10000 उपभोक्ता लाभान्वित होगें। उपभोक्ताओं को गुणवतापूर्वक निर्बाध विधुत आपूर्ति मिलेगी तथा ट्रिपिंग की समस्या का निस्तारण होगा ।

## दो स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)**। कोतवाली पुलिस ने स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि पोक्सो एक्ट में स्थायी वारंटी अजय कुमार पुत्र चेतराम, निवासी गुलेरिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी करीब तीन सालों से फरार चल रहा था। इसी प्रकार करीब 6 सालों से फरार चल रहे आरोपी महेंद्र पुत्र मेघाराज निवासी बीदासर को गिरफ्तार किया गया है।

## दो लोगों पर धोखाधड़ी करने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)**। स्थानीय कोतवाली थाने में दो व्यक्तियों के विरूद्ध डॉ. अमृता चौधरी ने मुकदमा दर्ज करवाकर भोले भोले लोगों के साथ सरकारी योजना के नाम धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया गया। पुलिस को रिपोर्ट में बताया गया है कि भोजलाई रोड़ की गली नंबर 25 के पास कैंप लगाया गया। जिसमें काफी सारे लोगों को इकट्ठा करके बल्ब बेचने के लिए प्रधानमंत्री का फोटो लगाकर लोगों से बिजली बिल के नंबर, मोबाईल नंबर आदि नोट किए गए। जबकि विद्युत निगम से पता करने पर इस प्रकार की योजना नहीं होने की जानकारी सामने आई। जबकि बल्ब बेच रहे कर्मचारियों से पूछने पर उनके पास कोई वैद्य अनुज्ञप्ति नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अभाविप झुन्झुनू जिला समीक्षा बैठक संपन्न, बैठक में अभाविप के आगामी होने वाले कार्यों पर हुई चर्चा



जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनू(निसं.)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला समीक्षक बैठक "आहुति भवन" इंद्रा नगर में संपन्न हुई। जिला संयोजक अभय प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि अभाविप के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक नितेश तिवाड़ी बजावा उपस्थित रहे। तिवाड़ी ने बैठक में अभाविप की गतिविधियां और आयामों की चर्चा की और झुन्झुनू जिले में आगामी होने कार्यों पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस मौके रोहित गुर्जर,नितेश कुमार, प्रियांशु महरिया, दीपक कुमार, उदित कुमार, सुनील नारनौलिया दिव्या शर्मा, सुरभि पुरोहित, गणेश सैन गुढ़ा, विश्वास शर्मा गुढ़ा, यश शर्मा, आर्यन खैरवा, रमन सिंह हितेश शर्मा,मयंक सैनी, मंजीत आदि कार्यकर्त्ता मौजद रहे।

## गौरव ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)**। क्षेत्र की प्रतिभाओं ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। बगड़िया स्कूल लक्ष्मणगढ़ के छात्र गौरव भूरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एयर पिस्टल की नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है।गौरव ने उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 44वीं नॉर्थ ज़ोन शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 400 में से 365 अंक अर्जित किए। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर गौरव ने दिसंबर में दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया।प्रतियोगिता में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कठिन प्रतिस्पर्धा में गौरव का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।गौरव की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और परिजनों ने खुशी जाहिर की है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पिंक पर्ल शिक्षण संस्थान में मनाया दीपोत्सव



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)**। कस्बे के वार्ड संख्या 18 में स्थित पिंक पर्ल शिक्षण संस्थान में बुधवार को विद्यार्थियों द्वारा रंगोली सजाकर दीपोत्सव पर्व मनाया गया। संस्था निदेशक गीगचंद मील ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा फूलों व रंगों से रंगोली सजाकर दीपावली के महत्व पर जानकारी दी गई। वहीं विद्यार्थियों ने कक्षा-कक्षों की सजावट, विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे दीपक जलाकर एक-दूसरे को गले मिलकर दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। संस्था सचिव बीएम चौधरी ने विद्यार्थियों को स्थानीय बाजारों से ही खरीददारी करने और प्रदूषण रहित सावधानी पूर्वक पटाखे जलाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित अभिभावक मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
16 अक्टूबर, 2025

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का मानदेय बढाने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(नि.सं.)** ब्लॉक की महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव को ज्ञापन देकर मानदेय बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन में लिखा कि हम बहुत सालों से इस विभाग में कार्यकर्ता एवं सहायिका के तौर पर कार्यरत है एवं सुबह से लेकर शाम तक के मेहनत करते हैं एवं महिलाओं एवं बच्चों की पूरी सेवा करते हैं साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हैं लेकिन इसके बाद भी हमारा मानदेय बहुत ही कम है जिस कारण हमारा मानदेय बढ़ाया जाए ताकि हम परिवार का पालन पोषण कर सकें। इस पर प्रधान शंकर लाल यादव ने आश्वासन दिया कि उनकी मांग को शीघ्र ही संबंधित मंत्री के पास भेज दी जाएगी एवं मागो का समाधान कराने के पूरे प्रयास किए जाएंगे।

## श्री त्रिवेणी गंगा माता मंदिर ट्रस्ट के पांच पदाधिकारी का निर्विरोध चयन



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ(नि.सं.)** निकटवर्ती खोजीपीठ त्रिवेणी धाम में स्थित गंगा मंदिर ट्रस्ट के चुनाव 2025 में पांच पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया । चुनाव अधिकारी सीएम चांदोलिया द्वारा सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया गया। चुनाव अधिकारी चंदोलिया ने बताया कि गंगा माता मंदिर ट्रस्ट का उप प्रधान सुखदेव अटल, महामंत्री सूरजमल कानव, कोषाध्यक्ष बीरबल बाकोलिया, मंत्री दुर्गा सहाय महोलिया सह कोषाध्यक्ष रामचंद्र परसोया को बनाया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी के प्रधान जगदीश प्रसाद महोलिया , महामंत्री संपूर्णानंद कुलदीप,कोषाध्यक्ष हरफूल रैगर, हनुमान आजाद ,सूरजमल चंदोलिया, बाबूलाल नोगिया,राजस्थान रैगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ श्रवण नोगिया, गौरीशंकर आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

## पलसाना में दीपोत्सव पर रंगोली प्रतियोगिता व दीप पर्व मनाया



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(नि.सं.)** कस्बे में स्थित ब्राईट ऐंजल्स पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में दीपोत्सव के अवसर पर रंगोली एवं 501 दीपों के माध्यम से दीपोत्सव मनाया गया संस्था निदेशक सुनीता बिजारणियां ने बताया कि दीपोत्सव पर विद्यार्थियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दी गयी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की प्राचार्य विमला लांबा ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मीबाई ग्रुप द्वितीय स्थान पर सरोजिनी नायडू और तृतीय स्थान मदर टेरेसा ग्रुप रहा प्रतियोगिता के बाद भरतराज ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन सुभाष सिंह बिजारणियां ने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को बताया कि आप भारत के भविष्य हैं और आप सबको दीपक की भांति इस भारत राष्ट्र को रोशनी से जगमगाना है कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## दीपोत्सव के तहत रामायण का हुआ मंचन




जयपुर टाइम्स

**रींगस(नि.सं.)।** कस्बे के भैरूजी मोड़ स्थित टैगोर ग्रुप ऑफ एजुकेशन की इकाई एक्सीलेंस इंग्लिश एकेडमी में बुधवार को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संस्था के चेयरमेन प्रदीप शर्मा व राजरानी शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं ने संगीत अध्यापक ललित शर्मा के सानिध्य में सम्पूर्ण रामायण का सजीव चित्रण किया, जिसके अन्तर्गत सीता स्वयंवर, ताड़का वध, कुम्भकरण वध, मेघनाद वध, अशोक वाटिका उजाड़ना, लंका दहन, राम राजतिलक आदि का सुन्दर मंचन किया गया। संस्था के सचिव आरती प्रबल शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को दीपोत्सव की शुभकामना प्रेषित की। इस मौके पर संस्था के प्रधानाचार्य राजेन्द्र शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# खाचरियावास के गणगौरी चौक में कीचड़ से आम जन सहित राहगीर परेशान

### पीडब्ल्यूडी विभाग व ग्राम पंचायत एक दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स





**खाचरियावास(नि.सं.)।** कस्बे के गणगौरी चौक के मुख्य बाजार में काफी दिनों से मुख्य सड़क मार्ग पर कीचड़ व गंदा पानी इकट्ठा होने से आमजन सहित राहगीर परेशान है। स्टेट हाईवे सड़क निर्माण के दौरान सड़क मार्ग के दोनों तरफ के ग्रामीणों ने कच्चे पक्के निर्माण को हटाने का कार्य भी शुरू कर दिया। इसके बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण नहीं करवाया जा रहा है। पूर्व में मुख्य बाजार में पुरानी सड़क उखाड़ने के दौरान काफी दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य रास्ते पर नालियों का गंदा पानी इकट्ठा होने से स्थानीय दुकानदार सहित राहगीर,वाहन चालक काफी परेशान है। दो पहिया वाहन चालक रोजाना इस कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।ग्रामीण चंद्रप्रकाश शर्मा,ईश्वर, सांवरमल लांबा,गुलशन, सलीम,ओम शर्मा,पप्पू मणियार,श्रवण पुजारी,राजेश जैन,दीपक शर्मा,सतीश सैन,नासीर कायमखानी सहित ने बताया कि मुख्य बाजार में वाहन लेकर निकलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो चुका है। मुख्य रास्ते पर कीचड़ व गंदा पानी इकट्ठा होने से दुकानों पर ग्राहक भी नहीं आ रहे हैं। समस्या को लेकर बार-बार सार्वजनिक निर्माण विभाग की सहायक अभियंता व ग्राम पंचायत के सरपंच रामलाल मीणा को अवगत करवा दिया गया है लेकिन बीते एक महीने से समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। दोनों ही विभाग एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सात रोज पहले तहसीलदार की मौजूदगी में तोड़फोड़ को लेकर बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सर्वसम्मति से सड़क के दोनों तरफ कच्चा पक्का निर्माण हटाने पर सभी ने सहमति जता कर तोड़फोड़ का कार्य भी शुरू कर दिया लेकिन फिर भी जनप्रतिनिधि व प्रशासन समस्या को लेकर कोई सुनवाई नहीं कर रहे है। सरपंच रामलाल मीणा ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग की सहायक अभियंता को बार-बार समस्या से अवगत कराने के बाद भी सड़क मार्ग का दूरस्तीकरण नहीं करवाया जा रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं होने पर रास्ता बंद कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## सहकार सदस्यता अभियान का आयोजन, 176 युवा एवं 69 महिला सदस्य बनाए गए

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़.(नि.सं.)** निकटवर्ती ग्राम गढ़टकनेत की ग्राम सेवा सहकारी समिति परिसर में बुधवार को सहकार सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें 245 नए सदस्य बनाए गए एवं 290 सदस्यों को सहकारी कानून की जानकारी दी गई। गढ़टकनेत ग्राम सेवा सहकारी समिति के मुख्य कार्यकारी सागरमल कलवानिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सहकार सदस्यता अभियान के तहत समिति मुख्यालय पर एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष रामलाल जांगिड़ थे एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रतनलाल जांगिड़ थे। कलवानिया ने बताया कि इस शिविर में 176 युवा एवं 69 महिला नई सदस्य बनी। शिविर मे नए बनाए गए सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कलवानिया ने बताया कि बैंक के प्रबंध निदेशक भंवर सुरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार एवं अधिशासी अधिकारी ज्योति साईं मॉनिटरिंग मैं समिति मुख्यालय पर सदस्यता अभियान शुरू किया गया इस अवसर पर समिति कार्यालय पर नए सदस्य बनने वालों का जमावड़ा लगा रहा। कलवानिया ने बताया कि समिति की सदस्यता खुली सदस्यता है साथ ही जो सदस्य बनता है वह समिति क्षेत्र का होना चाहिए एवं उसकी आयु सीमा 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि समिति कार्यालय में कार्य दिवस में कभी भी समिति का सदस्य बन सकता है। इस अवसर पर सभी सदस्यों को सहकारी कानून की पूर्ण रूप से जानकारी दी गई।

## तहसीलदार ओला ने सफाई और रोशनी व्यवस्था का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स



**रींगस(नि.सं.)।** नगर पालिका की ओर से स्वच्छता और रोशनी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के प्रयासों के तहत आज नगर पालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी एवं तहसीलदार महेश ओला ने शहर की प्रमुख सड़कों सहित वार्ड संख्या 1,11,17 और 34 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और स्ट्रीट लाइटों की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ओला ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और सभी स्ट्रीट लाइटों को समय पर बंद-चालू किया जाए ताकि शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी एवं तहसीलदार महेश ओला ने रेलवे स्टेशन बाजार का औचक निरीक्षण किया जहां वाहनों का भारी जमावड़ा देखकर, समस्या के स्थाई समाधान के लिए यूनियन अध्यक्ष से बातचीत करने और दुकानदारों को भी दुकान के बाहर सामान नहीं रखने की हिदायत दी गई। तहसीलदार महेश ओला ने कहा, "शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकता है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर गली, हर सड़क पर पर्याप्त रोशनी हो और सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनी रहे।" स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया और नगर पालिका के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकार की निगरानी से सफाई व्यवस्था और भी बेहतर होगी और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। नगर पालिका की यह पहल स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूती प्रदान करती है। गौरतलब है कि दीपावली पर्व को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल के निर्देशन में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए टीमें जुटी हुई है। इस दौरान स्टोर इंचार्ज बाबूलाल साखुनिया, नगर पालिका कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष सोहनलाल बाजिया, पार्षद ओमप्रकाश बुड़ी आदि मौजूद थे।

## झुंझुनूं में 533 में से 110 सैंपल सब-स्टैंडर्ड और अनसेफ, मावा और मिल्क प्रोडक्ट की जांच की



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)** दीपावली और अन्य त्योहारों के नजदीक आते ही झुंझुनूं जिले के बाजारों में मिठाई और नमकीन की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। हालांकि, खपत में इस बढ़ोतरी के बीच जिले की खाद्य सुरक्षा की स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। इस साल 2025 में अब तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए गए कुल 533 सैंपलों में से 110 सैंपल अमानक पाए गए हैं। पिछले साल (2024) पूरे वर्ष में 552 सैंपल लिए गए थे, जिनमें 129 अमानक थे। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सैंपलिंग की संख्या लगभग समान रहने के बावजूद अमानक खाद्य पदार्थों का मिलना लगातार जारी है। जिला फूड सेफ्टी ऑफिसर महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि इस साल अब तक अमानक पाए गए 110 सैंपलों में 90 'सब-स्टैंडर्ड' (गुणवत्ता में कम), 8 'अनसेफ' (असुरक्षित) और 12 अन्य श्रेणियों के सैंपल शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सब-स्टैंडर्ड उत्पाद दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं, जबकि अनसेफ सैंपल तत्काल स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकते हैं। पिछले साल 129 अमानक सैंपलों में 117 सब-स्टैंडर्ड, 4 अनसेफ और 8 अन्य श्रेणियों के थे। विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, सबसे अधिक मिलावट मिठाइयों, मावा और दुग्ध उत्पादों में पाई गई है, जिनकी खपत त्योहारों के दौरान सबसे ज्यादा होती है। जहां एक ओर अमानक उत्पादों की भरमार है, वहीं दूसरी ओर विभाग की कार्रवाई की गति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस साल अमानक सैंपलों के खिलाफ कार्रवाई काफी ढीली रही है। पिछले साल विभाग ने 53.34 लाख रुपए का भारी राजस्व वसूला था, जबकि 2025 में अब तक केवल 5.20 लाख रुपए ही वसूले गए हैं। इस भारी गिरावट का मुख्य कारण कार्रवाई की धीमी गति और जुर्माने वसूलने में देरी है। कई मामलों में केवल नोटिस जारी करके दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। डीएफएसओ का कहना है कि सैंपलिंग के बाद जांच प्रक्रिया धीमी होने के कारण तुरंत कार्रवाई नहीं हो पाती, जिससे मिलावटखोरों को फायदा होता है। महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि विभाग अब सैंपलिंग अभियान को तेज करने और अमानक उत्पादों की पहचान के लिए विशेष टीमों का गठन कर रहा है। त्योहारों के दौरान विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें मिठाई और नमकीन की दुकानों पर निरीक्षण बढ़ाया जाएगा और संदिग्ध उत्पादों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी शहरों और कस्बों में टीमें गठित की गई हैं। डीएफएसओ ने सभी दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे सभी खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें और केवल प्रमाणित सामग्री का ही उपयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि मिठाई और मावा जैसी वस्तुओं में मिलावट का सबसे बड़ा कारण उच्च कीमत और कम गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग है, जिस पर अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## निशुल्क नेत्र एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**रींगस(नि.सं.)।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा मासिक निशुल्क नेत्र एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 16 अक्टूबर गुरुवार को किया जायेगा। रोटेरियन डॉ अजय सक्सेना ने बताया कि प्रतिमाह तीसरे रविवार को शिविर का आयोजन किया जाता है लेकिन इस बार दीपावली पर्व के कारण शिविर का आयोजन गुरुवार 16 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रामानंद पाठशाला में किया जायेगा। शिविर को लेकर सभी रोटेरियन तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## अनिल कुमार ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(नि.सं.)** आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मंडावा के कक्षा 12वीं के छात्र अनिल कुमार, पुत्र राम सिंह, ने अपनी लगन, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने 69वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (2025-26) में भाग लेकर -19 (72 किलोग्राम वर्ग) कुश्ती में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अनिल कुमार का चयन राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता एम.जी.जी.एस. मालियों की बगीची, चिड़ावा में 29 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर के उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने अनिल के इस शानदार प्रदर्शन पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचना उनके समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने कहा कि अनिल की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि अनिल ने यह साबित किया है कि "परिश्रम और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।" इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी, गोविन्द सोनी, पूनम शर्मा, गौतम कालोया सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आठवां राष्ट्रीय पोषण माह स्वस्थ नारी कार्यक्रम का किया आयोजन

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगिनियों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स






**अजीतगढ़.(नि.सं.)** कस्बे की राजकीय प्रवेशिका संस्कृत स्कूल में बुधवार को मिला एवं बाल विकास विभाग अजीतगढ़ की तरफ से अजीतगढ़ ब्लॉक का आठवां राष्ट्रीय पोषण माह स्वस्थ नारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीतगढ़ ब्लॉक की महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू भामु थी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगिनियों का सम्मान भी किया गया। अजीतगढ़ महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय की सहायक लेखा अधिकारी हर्षिता कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में अजीतगढ़ ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगिनियों ने भाग लिया साथ ही कार्यक्रम में रंगोली सजाई गई एवं विभिन्न प्रकार के पोषण व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई जिस कारण कार्यक्रम में पीएम एम उत्कृष्ट रंगोली बनाने के लिए किरण कुमावत को सम्मानित किया गया साथ ही पीएमएमवीवाई योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेक्टर अजीतगढ़ की अनीता गुप्ता, रायपुर जागीर सेक्टर की विजया, टोडा सेक्टर की मीना शर्मा, दिवराला सेक्टर की विमल यादव को सम्मानित किया गया। हर्षिता कुमारी ने बताया कि पोषण ट्रेकर संबंधी योजना में उत्कृष्ट कार्य करने पर अजीतगढ़ सेक्टर की अनिता भार्गव, टोडा सेक्टर की बुगली देवी, रायपुर सेक्टर की सुमन कंवर एवं दिवराला सेक्टर की माया सैनी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में पोषण व्यंजन पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं कहा गया कि अगर पोषण व्यंजन का सेवन किया जाएगा तो नारी स्वस्थ रहेगी अगर नारी स्वस्थ रहेगी तो उसके होने वाली संतान भी स्वस्थ रहेगी जिस कारण पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के पहले सरस्वती माता की फोटो पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर प्रधान शंकर लाल यादव ने कहा कि पोषण भोजन खाने से आने वाली पीढ़ी स्वस्थ होगी तो गांव स्वस्थ रहेंगे अगर गांव स्वस्थ रहेंगे तो प्रदेश में देश भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने विटामिन, आयरन युक्ति भोजन के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि हर व्यक्ति को गाजर ,मूली, भतवा, मंगोड़ी, हरी सब्जी का सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर अजीतगढ़ ब्लॉक की महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू भामु ने भी संबोधन किया। वरिष्ठ सहायक सुनीता यादव, अजीतगढ़ सेक्टर की महिला पर्यवेक्षक सुनीता, टोडा सेक्टर की पर्यवेक्षक सुभिता, रायपुर सेक्टर की पर्यवेक्षक पुष्पा वर्मा, दिवराला सेक्टर की पर्यवेक्षक सुनीता सैनी, महिला अधिकारिता विभाग अजीतगढ़ के पर्यवेक्षक अभिनव यादव समेत अजीतगढ़ ब्लॉक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी।